


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 138 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) श्रावण शु. 4, 2079 **सोमवार, 1 अगस्त** 2022

प्रधान संपादक – **डॉ. गिरीश कुमार संघी** हैदराबाद नगर **पृष्ठ** : 14 **मूल्य** : 8 रुपये

## केरल में मंकीपॉक्स के संदिग्ध युवक की मौत

गुरुवायूर, 31 जुलाई (एजेंसियां)। हेल्थ मिनिस्टर वीना जॉर्ज ने कहा कि हम मंकीपॉक्स का संदिग्ध माने गए 22 वर्षीय युवक की मौत का कारण जानने के लिए जांच कराएंगे। युवक को कोई और गंभीर बीमारी नहीं थी। मालूम हो कि गुरुवायूर में युवक की शनिवार सुबह मौत हो गई। उसे मंकीपॉक्स का संदिग्ध माना गया है। युवक के सेंपल अलाप्पुझा में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी यूनिट में टेस्ट के लिए भेजा गया है। वह कुछ दिनों पहले यूएई से लौटा था। उसे मंकीपॉक्स से जुड़े कोई बाहरी लक्षण नहीं थे। उसे 27 जुलाई को शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# संजय राउत ईडी की हिरासत में

### घर से भगवा गमछा लहराते निकले शिवसेना सांसद, ईडी ऑफिस पहुंचकर बोले मैं झुकूंगा नहीं

**मुंबई, 31 जुलाई (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र में उद्धव सरकार गिरने के ठीक 31 दिन बाद उनके सबसे खास सिपहसालार संजय राउत को ईडी ने हिरासत में ले लिया। मामला एक हजार करोड़ के जमीन घोटाले का है, लेकिन जांच एजेंसी जब राउत को लेकर जा रही थी, तब उनके तेवर देखने लायक थे। राउत घर से निकले तो भगवा दुपट्टा लहराते नजर आए। रवाना हुए, तो लग्जरी एसयूवी की छत से विक्ट्री साइन दिखाया। इतना ही नहीं, अपने समर्थकों की नारेबाजी पर मुट्ठी बांधकर दोनों हाथ हवा में लहराते रहे।



हिरासत में लिए जाने के कुछ देर बाद राउत ने बाल ठाकरे और उद्धव की तस्वीर के साथ ट्वीट किया। इसमें लिखा, आप उस व्यक्ति को नहीं हरा सकते जो कभी हार नहीं मानता। झुकेंगे नहीं, जय महाराष्ट्र। राउत पर यह कार्रवाई महाराष्ट्र के 1034 करोड़ के पात्रा चॉल जमीन घोटाला मामले में की गई है। ईडी दफ्तर पर पुलिस तैनात की गई है। राउत को 27 जुलाई को ईडी ने तलब किया था, लेकिन वे पेश नहीं हुए थे।

**ईडी दफ्तर पहुंचकर बोले, मैं झुकूंगा नहीं और न ही पार्टी छोड़ूंगा**

संजय राउत बोले, मार-मार कर पीट-पीट कर मेरे खिलाफ सबूत इकट्ठे किए जा रहे हैं। यह शिवसेना और महाराष्ट्र को कमजोर करने के लिए किया जा रहा है। इससे न शिवसेना कमजोर होगी और न ही महाराष्ट्र कमजोर होगा। मैं झुकूंगा नहीं और न ही पार्टी छोड़ूंगा।

**9 घंटे पूछताछ के बाद ईडी ने हिरासत में लिया**

शिवसेना सांसद संजय राउत को 9 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने हिरासत में ले लिया है। भांडुप में उनके बंगले मैत्री पर सुबह सात बजे से ईडी की टीम पहुंची थी। 10 अफसरों ने राउत और उनके विधायक भाई सुनील राउत के कमरों की तलाशी ली। टीम ने उनसे और उनके परिवार वालों से पूछताछ की। >12

## राज्यपाल के बयान से डिप्टी सीएम भी असहमत

**फडणवीस बोले महाराष्ट्र के विकास में कईयों का योगदान, लेकिन मराठियों का महत्व कम नहीं हो सकता**

मुंबई, 31 जुलाई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के बयान पर कहा है कि वे राज्यपाल के बयान से सहमत नहीं हैं। मराठी लोगों ने महाराष्ट्र के विकास में योगदान दिया है। इस यात्रा में कई अन्य लोग भी शामिल हैं लेकिन मराठी लोगों का महत्व कम नहीं हो सकता।

राजस्थानियों-गुजरातियों को बताया था महाराष्ट्र का धनकुबेर :

महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की मुंबई को लेकर की गई टिप्पणी पर विवाद तब शुरू हुआ जब उन्होंने एक कार्यक्रम में मुंबई के आर्थिक राजधानी होने का क्रेडिट यहां रहने वाले राजस्थानियों और गुजरातियों को दिया। कोश्यारी ने कहा था, कभी-कभी मैं यहां के लोगों से कहता हूं कि महाराष्ट्र से, विशेषकर मुंबई और ठाणे से गुजरातियों और राजस्थानियों को निकाल दो तो तुम्हारे यहां कोई पैसा बचेगा ही नहीं। ये आर्थिक राजधानी कहलाएगी ही नहीं।

# झारखंड कैश केस में 3 विधायकों समेत 5 अरेस्ट

## 48 लाख रुपये के साथ पकड़े गए तीनों विधायक कांग्रेस से निकाले गए

रांची, 31 जुलाई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में शनिवार को कांग्रेस के तीन विधायकों को 48 लाख कैश के साथ पकड़ा गया था। हावड़ा पुलिस ने मामले में तीनों विधायकों समेत एसयूवी के ड्राइवर और एक सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया है। हावड़ा की एसपी स्वाति भंगालिया ने बताया कि पांचों को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें दस दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। उधर, झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने बताया कि तीनों कांग्रेसी विधायकों को सस्पेंड कर दिया गया है। इरफान अंसारी (जामताड़ा), राजेश कच्छप (खिजरी) और नमन विक्सल कोंगाड़ी (कोलेबिरा) के खिलाफ रांची के अरगोड़ा थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।



कांग्रेस के बेरमो विधायक अनूप सिंह उर्फ कुमार जयमंगल सिंह ने रविवार को सुबह 11 बजे प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के साथ अरगोड़ा थाने में तीनों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। जयमंगल ने आरोप लगाया कि तीनों विधायक कोलकाता के रास्ते गुवाहाटी जाने वाले थे। जहां उनकी मुलाकात असम के सीएम हेमंत बिस्व सरमा से होनी थी। इन्हें सरकार गिराने के बाद 10 करोड़ रुपये और मंत्री पद ऑफर किया गया था। हालांकि सरमा ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा, मैं कांग्रेस में 22 साल रहा। कई टॉप नेताओं से बातचीत होती रहती है।

**कांग्रेस ने ऑपरेशन लोटस का आरोप लगाया**

हालांकि, पार्टी ने पहले बयान दिया था कि भाजपा का ऑपरेशन लोटस बेनकाब हो गया है। झारखंड में भाजपा विपक्ष में है और झारखंड मुक्ति मोर्चा सबसे बड़ी पार्टी है। उसने कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनाई है। उधर, इन विधायकों में से एक के करीबी ने कहा है कि 40-50 लाख रुपये में सरकार नहीं गिराई जा सकती है।

**कैश का असम कनेक्शन, दिल्ली में बीजेपी से मीटिंग**

पुलिस ने अभी कैश के सोर्स का खुलासा नहीं किया है। कुछ रिपोर्ट्स में कांग्रेस सूत्रों के हवाले से ही दावा किया जा रहा है कि इस कैश का असम कनेक्शन है। इतना ही नहीं कुछ दिन पहले ही झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी (जेपीसीसी) के एक पूर्व अध्यक्ष की असम के एक कद्दावर बीजेपी नेता से मुलाकात हुई थी। यह बैठक दिल्ली के एक फाइव स्टार होटल के बंद कमरे में हुई थी। उस मुलाकात के दौरान कांग्रेस नेता के बेटे भी उनके साथ थे। मीटिंग के बाद से कांग्रेस नेता ने खामोशी से अपनी बिसात बिछाई। उसमें प्राथमिक तौर पर कांग्रेस के पांच विधायक शामिल हुए। उनमें से तीन शनिवार देर रात कोलकाता में पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

**पुलिस ने नाकाबंदी कर रोका**

हावड़ा सिटी पुलिस के डीसीपी साउथ प्रतीक्षा झाखरिया ने बताया कि शनिवार को विधायक राजेश कच्छप, नमन विक्सेल कोंगारी और इरफान अंसारी फॉर्च्यूनर में जा रहे थे। जानकारी मिली थी कि पंचला थाना क्षेत्र के रानीहाटी में एनएच-16 से निकल रही फॉर्च्यूनर में बड़ी मात्रा में कैश है। नाकेबंदी कर हमने गाड़ी रोकी तो जानकारी सही निकली। गाड़ी में नोटों के बंडल थे। काले रंग की फॉर्च्यूनर बोकारो के किसी नईम अंसारी के नाम से रजिस्टर्ड है, लेकिन उसके आगे विधायक जामताड़ा का बोर्ड लगा हुआ है। गाड़ी गुवाहाटी से बंगाल की तरफ आ रही थी।

**बंगाल पुलिस को मिला था कैश का इनपुट**

गाड़ी में कैश मिलने को लेकर बंगाल पुलिस को पहले से इनपुट मिला था। यह इनपुट झारखंड और दिल्ली से मिला था, जिसके बाद बंगाल पुलिस हरकत में आई। हालांकि, कैश की रिकवरी को लेकर अभी तक तीनों में से किसी विधायक ने यह साफ नहीं किया कि इसका सोर्स क्या है। अंसारी ने इसे कलेक्शन का पैसा बताया, लेकिन कितना और किस कलेक्शन का पैसा है यह नहीं क्लियर कर पाए। देर रात तक हिरासत में लेकर तीनों से पूछताछ की जा रही थी। वहीं, नोटों को गिनने के लिए मशीन मंगाई गई थी।

रविवार को झारखंड के बेरमो से कांग्रेस के विधायक अनूप सिंह ने बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायकों को झारखंड की मौजूदा सरकार गिराने के बदले 10 करोड़ रुपये और नई सरकार में मंत्री पद का ऑफर दिया गया था। यह ऑफर असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा के कहने पर दिया जा रहा है, जो बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व के कहने पर यह सब कर रहे हैं। यह ऑफर पार्टी विधायक इरफान अंसारी ने दिया था। तीनों विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी ने फोन करके मुझे कोलकाता आने को कहा था। तीनों ने आश्वासन दिया था कि वह उन्हें गुवाहाटी ले जाएंगे, जहां उनकी मुलाकात असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा से कराई जाएगी। उनके समक्ष मुझे आश्वासन देना है कि मैं उनके साथ हूं। इसके एवज में अंसारी ने मुझे 10 करोड़ रुपये के अलावा नई सरकार में मंत्री पद का ऑफर भी किया। सिंह ने रांची के अरगोड़ा थाने में इसे लेकर शिकायत दर्ज कराई है।अनूप सिंह ने कहा, तीनों कांग्रेसी विधायक उन पर कोलकाता आने का दबाव डाल रहे हैं लेकिन वह इस आपराधिक कृत्य का हिस्सा नहीं बनना चाहते। इसलिए उन्होंने उन तीनों विधायकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

**क्रॉस वोटिंग के बाद से थे निशाने पर**

दरअसल, राष्ट्रपति चुनाव के बाद महागठबंधन खेमे में हुई क्रॉस वोटिंग के बाद से ही कांग्रेस विधायकों पर शक था। राज्य में कांग्रेस के 18 विधायक हैं। कांग्रेस के समर्थन से झामुमो के हेमंत सोरेन की सरकार चल रही है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने इसको लेकर पार्टी के विधायकों के साथ वन टू वन मीटिंग भी की थी। उन्होंने कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम से इस संबंध में रिपोर्ट सौंपने का भी निर्देश दिया था। पांडे ने यह भी साफ कहा कि क्रॉस वोटिंग करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे।

# उद्धव ठाकरे गुट की अर्जी को खारिज किया जाए

### महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने सुप्रीम कोर्ट से की अपील



नई दिल्ली, 31 जुलाई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सुप्रीम कोर्ट में अपना जवाब दाखिल किया है। इस जवाब में शिंदे ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की है कि वो उद्धव ठाकरे गुट की उस अर्जी को खारिज करे। शिंदे का कहना है कि 27 जून को यथास्थिति बहाल करने के लिए उद्धव खेमे द्वारा मांगी गई राहत नहीं दी जानी चाहिए। ऐसा इसलिए भी क्योंकि उद्धव ठाकरे पहले ही सीएम पद से इस्तीफा दे चुके हैं। एकनाथ शिंद ने कोर्ट से आगे कहा कि यह याचिका ऐसे मुख्यमंत्री की तरफ से डाली गई है जिसने अपनी ही पार्टी का विश्वास खो दिया है। ऐसे में लोकतांत्रिक तरीके से हुए पार्टी की भीतर के विभाजन के मुद्दे पर कोर्ट को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

एकनाथ शिंदे ने कहा कि लोकतंत्र के संसदीय स्वरूप में, किसी भी कार्रवाई की वैधता/अवैधता का परीक्षण करने के लिए वो गुट दबाव नहीं दे सकता जिसने खुद बहुमत को दिया हो। उन्होंने उद्धव ठाकरे गुट पर लोकतांत्रिक फैसलों को चुनौती देने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया है। साथ ही ये गुट महाराष्ट्र सरकार को अस्थिर करना भी चाहता है। बता दें कि एकनाथ शिंदे के जवाब के बाद सुप्रीम कोर्ट अब इस मामले में 3 अगस्त को अगली सुनवाई करेगा।

बता दें कि इससे पहले उद्धव ठाकरे गुट के सांसद शिवसेना के एकनाश शिंदे गुट द्वारा की गई नियुक्तियों को रद्द कराने की मांग कर रहे हैं। वह अपनी इस मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। उद्धव गुट के जिन सांसदों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था उनमें विनायक राउत और राजन विचारे शामिल थे। इन दोनों सांसदों ने लोकसभा में नेता और मुख्य व्हिप के पदों पर नियुक्तियों को रद्द करने की मांग की थी। दोनों सांसद की मांग थी कि लोकसभा में राहुल शेवाले की शिवसेना नेता के रूप में और भावना गवाली की बतौर मुख्य व्हिप के रूप में नियुक्त को रद्द किया जाए।

खास बात है कि ठाकरे गुट के सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष पर पार्टी विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया था। ठाकरे गुट के सांसदों का कहना था कि लोकसभा में शिवसेना के नेता के रूप में राहुल शेवाले और लोकसभा में शिवसेना के मुख्य सचेतक के रूप में भावना गवली की नियुक्ति पार्टी विरोधी गतिविधियों के दोषी सांसदों के इशारे पर की गई थी। ऐसे में साफ लग रहा था कि लोकसभा अध्यक्ष ने प्राकृतिक न्याय के बुनियादी नियमों का भी पालन नहीं किया है।

कुछ दिन पहले ही एकनाथ शिंदे ने चुनाव आयोग को लिखा था कि उद्धव ठाकरे द्वारा नियुक्त शिवसेना की राष्ट्रीय कार्यकारिणी भंग कर दी गई है और उन्होंने एक नई कार्यकारिणी का गठन किया है। गौरतलब है कि, बीजेपी की मदद से एकनाथ शिंदे ने शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के खिलाफ तख्तापलट का नेतृत्व किया था। उद्धव को सत्ता से बेदखल कर खुद महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बने थे।

एखनाथ शिंदे ने अपने पत्र में लिखा था कि नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी के गठन में शिवसेना के अधिकांश नेताओं ने हिस्सा लिया है। शिंदे जिस बहुमत का उल्लेख करते हैं, वह उनके नेतृत्व वाला बागी गुट है।

# 6 राज्यों में एनआईए की छापेमारी

### देवबंद से मदरसा स्टूडेंट अरेस्ट, 3 दिन पहले बिहार के 6 जिलों में की थी कार्रवाई

नई दिल्ली, 31 जुलाई (एजेंसियां)। आतंकी संगठन आईएसआईएस के मॉड्यूल को लेकर एनआईए ने 6 राज्यों में छापेमारी की है। महाराष्ट्र, यूपी, गुजरात, बिहार, मध्य प्रदेश और कर्नाटक में रेड डाली है। इन राज्यों में 13 बिल्डिंग्स ऐसी हैं, जहां एनआईए की टीम पहुंची है। टीम को संदिग्ध सामान मिला है, हालांकि एजेंसी की ओर से इस बारे में जानकारी नहीं दी गई है।




**गुजरात के 4 जिलों में रेड :**

एनआईए ने 25 जून को आईपीसी की धारा 153ए और 153बी और यूए(पी) अधिनियम की धारा 18, 18बी, 38, 39 और 40 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसी मामले में एजेंसी ने एमपी के भोपाल और रायसेन, गुजरात के भरूच, सूरत, नवसारी और अहमदाबाद जिले में, बिहार के अररिया, कर्नाटक के भटकल और तुमकुर शहर, महाराष्ट्र के कोल्हापुर और नांदेड़ और यूपी में देवबंद जिले में छापेमारी की है।

**यूपी से एक संदिग्ध अरेस्ट :**

यूपी के सहारनपुर में एनआईए और एटीएस टीम ने देवबंद से एक संदिग्ध युवक को अरेस्ट किया है। युवक का नाम फारूख बताया जा रहा है। वह कई भाषाओं का जानकार है, जो देवबंद के एक मदरसे में काफी समय से रहकर पढ़ाई कर रहा था। युवक कर्नाटक के आईएस आतंकी मॉड्यूल के संपर्क में था और टेलिग्राम के माध्यम से आतंकी साहित्य का कई भाषाओं में ट्रांसलेशन करता था। एनआईए उसे अपने साथ किसी गोपनीय जगह पर ले गई है। आगे पूछताछ की जा रही है।

**तीन दिन पहले बिहार के 6 जिलों में हुई थी रेड :**

पटना के फुलवारी शरीफ टेरर केस को लेकर बिहार के 6 जिलों में गुरुवार को एनआईए की टीम ने छापा मारा था। पटना, दरभंगा, मोतिहारी नालंदा, अररिया और मधुबनी में सुबह 6 बजे एनआईए की टीम ने पुलिस के साथ इन जगहों पर दबिश दी थी। इस कार्रवाई में एनआईए की टीम के हाथ अलग-अलग जगहों से डिजिटल डिवाइस और कई महत्वपूर्ण कागजात हाथ लगे। पटना में पीएफआई के संरक्षक अतहर के घर रेड पड़ी। दरभंगा में 3 जगहों पर एनआईए की टीम ने एक साथ दबिश दी। दरभंगा के उर्दू बाजार में नूरूद्दीन जंगी और शंकरपुर में मो. मुस्तकीम और सनाउल्लाह के घर एनआईए की टीम पहुंची।

## नवनिर्वाचित सांसदों को सदन की प्रक्रिया और बारीकियों से अवगत कराया गया

नई दिल्ली, 31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यसभा के वरिष्ठ सदस्यों ने दो दिवसीय ओरियंटेशन कार्यक्रम के अंतिम दिन नवनिर्वाचित और मनोनीत सदस्यों को भारतीय राजनीति में राज्यसभा की भूमिका, प्रश्नकाल का महत्व, समिति प्रणाली, कानून बनाने की प्रक्रिया, संसदीय विशेषाधिकार, सार्वजनिक महतव के मुद्धों को उठाना, संसद में नैतिकता आदि जैसे विषयों से अवगत कराया।

ओरियंटेशन कार्यक्रम कल प्रारंभ हुआ था और राज्यसभा के सभापति एम वैंकेया नायुडु ने इसका हैदराबाद से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया था। राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन ने एक इंट्रेक्टिव सत्र के दौरान सदन में सार्वजनिक महत्व के मुद्धों को प्रभावी ढ़ंग से उठाने के लिये विभिन्न साधनों के उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने सत्र में भाग लेने वाले सदस्यों को पांच टीम में विभाजित किया और शून्य काल, विशेष उल्लेख, नियम 256 के तहत महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाने के लिये नियम निलंबित करने और ध्यानाकर्षण के नोटिस देने के संबंधी मापदंडों के बारें में विस्तार से जानकारी दी। >> 12

## समय आने पर सब पता चल जाएगा...

### घोटालों के आरोप के बीच पार्थ चटर्जी ने तोड़ी चुप्पी



कोलकाता, 31 जुलाई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले के आरोपी पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी ने पहली बार चुप्पी तोड़ी है। करीबी अर्पिता मुखर्जी के ठिकानों से कैश की बरामदगी के बाद रविवार को पार्थ चटर्जी ने कहा, समय आने पर सब पता चल जाएगा।

दरअसल, पार्थ चटर्जी को रविवार को मेडिकल जांच के लिए ईएसआई अस्पताल लाया गया था। इस दौरान घोटालों के आरोप और साजिश के सवाल पर उन्होंने कहा, समय आने पर आप सभी को सबकुछ पता चल जाएगा। उन्होंने कहा, जो पैसा बरामद हुआ है, वह मेरा नहीं है। दरअसल, चटर्जी ने पहले भी कहा था कि मुझे साजिश के तहत फंसाया गया है।

ईडी ने राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री व मौजूदा उद्योग मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी को इस घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार किया है। उन्हें विशेष कोर्ट ने 3 अगस्त तक ईडी की हिरासत में सौंपा है। उनके अलावा टीएमसी विधायक माणिक भट्टाचार्य व चटर्जी के निजी सचिव सुकांत आचार्य भी घेरे में हैं।

पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले में पार्थ चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी से पूछताछ के बीच ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) करीब 15 और ठिकानों पर छापे मारने की तैयारी में है। अब तक ईडी ने दो जगह छापों में करीब 50 करोड़ रुपये नकद बरामद किए हैं। वहीं, ईडी की जांच पूरी होने के बाद जल्द ही इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो और आयकर विभाग भी शामिल हो सकते हैं।

# पीएम मोदी बोले आजादी की 75वीं सालगिरह मनाना सौभाग्य की बात, लोगों से घर पर तिरंगा फहराने की अपील की

## मन की बात का 91वां एपिसोड :

नई दिल्ली, 31 जुलाई (एजेंसियां)। मन की बात के 91वें एपिसोड को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खास बताया है, क्योंकि भारत अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे कर रहा है। पीएम मोदी ने शहीद उधम सिंह की शहादत दिवस पर उन्हें नमन किया। इसके साथ ही आजादी के अमृत महोत्सव अभियान में जुड़ रहे ज्यादा से ज्यादा लोगों पर खुशी जताई है।

पीएम मोदी ने कार्यक्रम में देशवासियों से ऐसे रेलवे स्टेशनों के बारे में जानने को कहा है, जो स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास से जुड़े हैं। उन्होंने अपील किया कि 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक देशभर के लोग अपने घरों में तिरंगा जरूर फहराएं और सोशल मीडिया प्रोफाइल में भी तिरंगा लगाने की बात कही है।

**आजादी के महत्व को समझाया**

पीएम मोदी ने आजादी के महत्व को समझाते हुए कहा कि हम सभी अद्भुत और ऐतिहासिक पल के गवाह बनने जा रहे हैं। ईश्वर ने हमें बड़ा सौभाग्य दिया है। अगर हम गुलामी के दौर में पैदा हुए होते, तो, इस दिन की कल्पना हमारे लिए कैसी होती? गुलामी से मुक्ति की वो तड़प, पराधीनता की बेड़ियों से आजादी की वो बेचैनी कितनी बड़ी रही होगी। पीएम ने कहा कि जब हम, हर सुबह इस सपने के साथ जग रहे होते, कि मेरा हिंदुस्तान कब आज़ाद होगा और हो सकता है




हमारे जीवन में वो भी दिन आता जब वंदेमातरम और भारत माँ की जय बोलते हुए, हम आने वाली पीढ़ियों के लिए, अपना जीवन समर्पित कर देते, जवानी खपा देते।

शहीद उधम सिंह की शहादत दिवस पर आज पूरा देश उन्हें श्रद्धांजलि दे रहा है। पीएम मोदी ने भी उन्हें नमन किया है। कार्यक्रम में पीएम ने तमिल स्वतंत्रता सेनानी वान्चीनाथन के साथ ही कर्नाटक के अमृता भारती कन्नडार्थी समारोह का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मैं ऐसे अन्य सभी महान क्रांतिकारियों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

**आजादी के आंदोलन में रेलवे की भूमिका**

पीएम मोदी ने लोगों से स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास से जुड़े रेलवे स्टेशनों की भूमिका के बारे में जानने को कहा है। उन्होंने कहा कि आप भी ऐसे रेलवे स्टेशनों के बारे में जानकार हैरान होंगे, जिनका आजादी के आंदोलन में बहुत महत्व है। उन्होंने कहा कि इसी जुलाई में एक बहुत ही अच्छा प्रयास शुरू हुआ है, जिसका नाम 'आजादी की रेलगाड़ी और रेलवे स्टेशन' है। देशभर के 24 राज्यों में फैले 75 रेलवे स्टेशनों की पहचान की गई है। इन्हें सजाया जा रहा है। कार्यक्रम हो रहे हैं। आपको भी समय निकालकर पास के ऐसे ऐतिहासिक स्टेशन पर जरूर जाना चाहिए। आपको ऐसे इतिहास का पता चलेगा, जिनसे आप अंजान रहे हैं।

पीएम ने कहा कि झारखंड के गोमो जंक्शन को अब नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन गोमो के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि दरअसल इसी स्टेशन पर, कालका मेल में सवार होकर नेताजी सुभाष, ब्रिटिश अफसरों को चकमा देने में सफल रहे थे। >12

# चार साल से सुपरएक्टिव ईडी

## राहुल-सोनिया पूछताछ से लेकर केजरीवाल-ममता के गढ़ तक में सेंध, जो सीबीआई न कर सकी ईडी ने कर दिखाया



नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। भाजपा के शासनकाल में ज्यादातर जांच पड़ताल की कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ही कर रहा है, जबकि इससे पहले होने वाले बड़े-बड़े घोटालों की छानबीन या छापेमारी में हर जगह सीबीआई ही नजर आती थी। तो ऐसा क्या हुआ कि मनमोहन के शासनकाल तक एक्टिव रहने वाली सीबीआई पिछले 4 वर्षों में बैकग्राउंड में चली गई है और उसकी जगह ईडी ने ले ली।

**9 राज्यों ने सीबीआई की एंट्री बैन की**

कोलकाता के तत्कालीन पुलिस कमिश्नर रहे आईपीएस राजीव कुमार के समर्थन में सीएम ममता बनर्जी ने न केवल धरना प्रदर्शन किया, बल्कि सीबीआई की एंट्री राज्य में बैन करवा दी। इसके बाद आठ राज्यों ने ममता का अनुसरण किया। यूपीए शासनकाल तक सीबीआई ही देश की सबसे बड़ी जांच एजेंसी मानी जाती थी। केंद्र में बीजेपी सरकार बनने के बाद जब इसी सीबीआई ने गैर भाजपा शासित राज्यों में कार्रवाई करनी चाही तो ये राज्य लामबंद हो गए। देखते ही देखते राजस्थान, पश्चिम बंगाल, केरल, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, झारखंड, पंजाब, मेघालय और मिजोरम की गैर भाजपा सरकारों ने एक के बाद एक अपने प्रदेश में सीबीआई की एंट्री पर रोक लगा दी, मतलब बिना राज्य सरकार की इजाजत के सीबीआई राज्य में जांच पड़ताल नहीं कर सकती। सबसे ताजा मेघालय राज्य ने सीबीआई की एंट्री पर बैन लगाया है।

9 राज्यों में सीबीआई की एंट्री बैन होने से मजबूरन केंद्र सरकार को आर्थिक अपराध की छानबीन से जुड़ी दूसरी बड़ी जांच एजेंसी यानी ईडी को सक्रिय करना पड़ा। यह वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के तहत एक विशेष वित्तीय जांच एजेंसी है। पिछले तीन से चार साल में ईडी का दायरा इतना अधिक बढ़ गया है कि हर बड़े घोटाले का खुलासा अब ईडी ही कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने भी पीएमएलए के तहत ईडी की गिरफ्तारी, तलाशी और जब्ती से जुड़ी शक्तियों को कायम रखा है। कोर्ट ने साफ कहा है कि गिरफ्तारी के लिए ईडी को आधार बताना जरूरी नहीं है।

**ईडी को सुपर पावर बनाता है पीएमएलए**

प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट 2002 में बना था। यह कानून 2005 में अमल में आया। पीएमएलए (संशोधन) अधिनियम, 2012 ने अपराधों की सूची का दायरा बढ़ाया। इनमें धन छुपाने, अधिग्रहण और धन के आपराधिक कामों में इस्तेमाल को शामिल किया गया। इस संशोधन की बदौलत ईडी को विशेषाधिकार मिले। वहीं मनी लॉन्ड्रिंग का मतलब पैसों की हेराफेरी है। यह अवैध तरीके से कमाई गई ब्लैक मनी को वाइट मनी में बदलने की तरकीब है। ये ज्यादातर मामले वित्तीय घोटाले के होते हैं। एक्ट की अनुसूची के भाग ए में शामिल प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट ईडी को राजनीतिक घोटालों पर कार्रवाई का अधिकार देता है।

**ईडी के पास विशेष अधिकार**

यह एक्ट प्रवर्तन निदेशालय को जब्ती, मुकदमा शुरू करने, गिरफ्तारी, जांच और तलाशी की शक्ति देता है। आरोपी व्यक्ति पर जिम्मेदारी होती है कि वह अपने को निर्दोष साबित करने के लिए सबूत दे। ईडी पर आरोप लगता है कि इस एक्ट के कड़े प्रावधानों, जैसे कि जमानत की कड़ी शर्तें, गिरफ्तारी के आधारों की सूचना न देना, ईसीआईआर (एफआईआर जैसी) कॉपी दिए बिना अरेस्टिंग, मनी लॉन्ड्रिंग की व्यापक परिभाषा, जांच के दौरान आरोपी की ओर से दिए गए बयान ट्रायल में बतौर सबूत मानने आदि, का एजेंसी दुरुपयोग करती है। पीएमएलए के सेक्शन 3, 5, 18, 19, 24 और 45 ईडी को सुपरपावर बनाते हैं।

**ईडी की कार्रवाई पर हंगामा क्यों मचा**

सियासी मामलों में ईडी की कार्रवाई से हंगामा मचा हुआ है। राजनीतिक दल अपने जनाधार का फायदा उठाने की भरसक कोशिश करते हैं। इसके लिए दिग्गज नेता कार्यकर्ताओं, प्रवक्ताओं और अपनी मशीनरी के जरिये मीडिया में खुद को विक्टिम की तरह पेश करते हैं और सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश करते हैं।



नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछताछ से लेकर पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार के मंत्री तक की गिरफ्तारी ईडी कर रही है।

कांग्रेस, टीएमसी सहित तमाम विपक्षी दलों का आरोप है कि भाजपा सरकार राजनीतिक विरोधियों को निशाने पर लेने के लिए ईडी का दुरुपयोग कर रही है।

**ईडी ने ही की सोनिया-राहुल से पूछताछ**

नेशनल हेराल्ड केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने इसी साल जून में राहुल गांधी से कई बार पूछताछ की थी और अब जुलाई में वह इसी केस में सोनिया से पूछताछ कर रही है

**ईडी ने ममता को भी कराया खामोश**

बुधवार को हुई कार्रवाई में अर्पिता के घर से 500 और 2000 के नोटों के बंडल मिले। गिनती के बाद यह रकम 27.9 करोड़ बताई जा रही है।

# झारखंड हाईकोर्ट का वकील 50 लाख के साथ अरेस्ट

## कारोबारी से याचिका वापस लेने के बदले 10 करोड़ मांगने का आरोप

रांची, 1 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड हाईकोर्ट के वकील राजीव कुमार को रविवार की देर शाम कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

जनहित याचिकाओं के कारण चर्चा में रहने वाले राजीव कुमार को कोलकाता में एक मॉल से हेयर स्ट्रीट थाना पुलिस ने अरेस्ट किया है। राजीव कुमार नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के एक केस में पैरवी के लिए कोलकाता गये थे, तभी उन्हें गिरफ्तार किया गया।

खबर है कि कोलकाता पुलिस ने राजीव कुमार के पास से 50 लाख रुपए कैश बरामद किए हैं। उन्होंने कोलकाता के एक व्यवसायी के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका यानी पीआईएल दायर की थी। आरोप है कि वे इसी पीआईएलको वापस लेने के लिए 10 करोड़ रुपए मांग रहे थे। कुमार की गिरफ्तारी के समय

### कोलकाता में हुई गिरफ्तारी




**याचिका दाखिल की**

राजीव कुमार की गिरफ्तारी के बाद उनके पिता ने झारखंड हाईकोर्ट में हेबियस कॉर्पस यानी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका फाइल की है। इसमें कुमार को कोर्ट के सामने हाजिर करने की मांग की गई है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कथित शेल कंपनियों और खनन लीज मामले में दाखिल हुई पीआईएल की पैरवी कर रहे हैं। खूंटी के मनरेगा घोटाले की पीआईएल में भी याचिकाकर्ता के वकील वही हैं। इतना ही नहीं, 10 जून को राजधानी रांची में हुई हिंसा मामले में याचिका लगाने वाले पंकज कुमार के वकील भी वही हैं।

**झारखंड हाईकोर्ट के वकीलों ने प्रदर्शन किया**

झारखंड हाईकोर्ट के वकीलों ने सोमवार को राजीव कुमार की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन किया। एडवोकेट एसोसिएशन की आपात बैठक में खुद को न्यायिक कार्य से अलग रखने का फैसला भी हुआ, जिसके बाद एक तरह से काम बंदी है।

**रांची पुलिस ने कुमार की गिरफ्तारी से पल्ला झाड़ा**

कुमार की कोलकाता में हुई गिरफ्तारी से रांची पुलिस ने पल्ला झाड़ लिया है। रांची के सिटी एसपी अंशुमान कुमार ने कहा कि इससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है। पुलिस ने इसे लेकर प्रेस रिलीज भी जारी की है, जिसमें साफ किया गया है कि रांची में कुमार के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं है।

# रेप का झूठा केस करने पर समाज सेवा की सजा

## दिल्ली हाईकोर्ट ने महिला को दो महीने तक ब्लाइंड स्कूल में काम करने कहा

नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को रेप का झूठा केस दर्ज करने की अनोखी सजा सुनाई। कोर्ट ने इस महिला को दो महीने तक हफ्ते के 5 दिन, रोज 3 घंटे के लिए ब्लाइंड स्कूल में सोशल सर्विस करने का आदेश दिया है। मामला तब सामने आया जब आरोपी और शिकायतकर्ता महिला के बीच समझौता हो गया और आरोपी ने एफआईआर रद्द करने कोर्ट में अपील की।

कोर्ट ने रेप एफआईआर रद्द करते हुए कहा कि महिला का परिवार और बच्चे भी हैं। इसलिए उसे सोशल समाज सेवा की सजा दी जाती है। वहीं आरोपी को भी 50 पौधे लगाने का निर्देश दिया गया। कोर्ट में दिए गए समझौता पत्र के मुताबिक महिला ने यह कबूल किया था कि आरोपी ने कभी भी उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध नहीं बनाए थे। महिला का आरोपी के साथ धन का विवाद चल रहा था, जिसके कारण वह परेशान थी और कुछ लोगों की गलत सलाह मानकर उसने एफआईआर दर्ज करा दी थी।

**50 पौधे लगाने और 5 साल तक देखभाल करने का आदेश**

जस्टिस जसमीत सिंह की सिंगल जज बेंच ने कहा कि एफआईआर में लिखे आरोप और समझौता पत्र में लिखी बातें पूरी तरह अलग हैं। महिला ने कानून अधिकारों का दुरुपयोग किया है। उसने कहा था कि वह अवसाद से गुजर रही है, जिसके चलते उसने रेप की झूठी शिकायत दर्ज की है।

# राघव चड्ढा के खिलाफ याचिका का निपटारा

> हाईकोर्ट ने सरकार को फैसला लेने को कहा
> एडवाइजरी कमेटी चेयरमैन बनाने को मिली थी चुनौती

चंडीगढ़, 1 अगस्त (एजेंसियां)। सांसद राघव चड्ढा के खिलाफ दायर याचिका का पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने निपटारा कर दिया है। चड्ढा को सरकार की एडवाइजरी कमेटी का चेयरमैन बनाने को एचसी में चुनौती दी गई थी।

हाईकोर्ट ने सरकार को इस पर फैसला लेने को कहा है। इसके अलावा सरकार को अपने स्तर पर इसके बारे में सूचित करने को कहा है। हाईकोर्ट ने न इस मामले में नोटिस जारी किया। न ही आगे इसकी सुनवाई होगी।

**कई सरकारें बनाती हैं कमेटी**

हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के बारे में सरकारी वकील गुरमिंदर सिंह ने कहा कि पिटीशनकर्ता ने सांसद चड्ढा की नियुक्ति को संविधान के उलट बताया। हालांकि सरकारी वकील ने दलील दी कि यह संविधान के खिलाफ नहीं है। बहुत सी सरकारें अपने लिए ऐसी कमेटियां बनाती हैं। जिसके बाद एचसी ने कहा कि सरकार अपने स्तर पर फैसला लेकर इसके कारण पिटीशनकर्ता को भी बता दे।

**विरोधियों ने साधे थे निशाने**

सांसद राघव चड्ढा को सरकार ने हाल ही में एडवाइजरी कमेटी का चेयरमैन बनाया। यह कमेटी सरकार को लोकहित के मुद्दों पर सलाह देगी। इसके साथ ही राज्य को कर्जे से उबारने और इनकम बढ़ाने के सुझाव देगी। हालांकि राजनीतिक विरोधियों ने निशाने साधे थे कि इसके जरिए सांसद चड्ढा का सरकार में हस्तक्षेप बढ़ेगा। हाईकोर्ट के फैसले से सरकार को इस मामले में राहत मिल गई है।

### पंजाब चीफ सेक्रेटरी की नियुक्ति को चुनौती

# एचसी ने सरकार को 2 हफ्ते में रिकॉर्ड देने को कहा

## एजी बोले-प्रमोशन नहीं ट्रांसफर किया

चंडीगढ़, 1 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब के चीफ सेक्रेटरी वीके जंजुआ मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सरकार से 2 हफ्ते में जवाब मांगा है। पंजाब सरकार को उनसे जुड़े मामले के दस्तावेज पेश करने को कहा है।

सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से नए एडवोकेट जनरल विनोद घई पेश हुए। हाईकोर्ट पंजाब सरकार को नोटिस जारी कर रही थी लेकिन एजी घई ने कहा कि जंजुआ की प्रमोशन नहीं बल्कि ट्रांसफर किया गया है। जिसके बाद हाईकोर्ट ने पहले उनसे जुड़े पूरे मामले का रिकॉर्ड देने को कहा। टीएस मिश्रा ने वीके जंजुआ की चीफ सेक्रेटरी पद पर नियुक्ति और प्रमोशन को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उनकी दलील है कि जंजुआ के खिलाफ करप्शन केस पेंडिंग है। ऐसे में उन्हें चीफ सेक्रेटरी बनान गाइडलाइंस का उल्लंघन है।

वीके जंजुआ को डायरेक्टर इंडस्ट्रीज रहते हुए 9 नवंबर 2009 को कथित तौर पर 2 लाख रिश्वत लेते हुए विजिलेंस ब्यूरो ने गिरफ्तार किया था। यह रकम लुधियाना के एक कारोबारी से लेने का दावा किया गया था। उसी दिन जंजुआ के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें पद से हटा दिया गया।

**उन पर अकाली-भाजपा सरकार के वक्त यह केस हुआ था**

केंद्र की मंजूरी नहीं ली गई, आगे पैरवी से विजिलेंस ने इनकार किया आईएएस अफसर होने की वजह से उन पर केस चलाने के लिए केंद्र सरकार से मंजूरी नहीं ली गई थी। जिसके बाद 2018 में कैप्टन अमरिंदर सिंह के सीएम रहते कांग्रेस सरकार ने उन्हें क्लीन चिट दे दी। विजिलेंस ब्यूरो ने उनके खिलाफ केस की आगे पैरवी करने से इनकार कर दिया।

## शिवराज की कर्मचारियों को सौगात

भोपाल, 1 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश के सरकारी कर्मचारियों की एक बड़ी मांग पूरी कर दी है। राज्य के सरकारी कर्मचारियों को अब केंद्र के कर्मचारियों की तरह 34% महंगाई भत्ता मिलेगा। अब तक उन्हें 31% महंगाई भत्ता मिल रहा था। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता अगस्त माह के वेतन से जुड़कर मिलेगा, यानी सितंबर में मिलने वाला वेतन बढ़कर मिलेगा। इसे त्योहारी सीजन से पहले बड़ी घोषणा माना जा रहा है। मध्यप्रदेश के कर्मचारी संगठन लंबे समय से केंद्रीय कर्मचारियों के बराबर महंगाई भत्ते की मांग कर रहे थे। इस मांग को शिवराज सरकार ने मान लिया है। राज्य के मंत्री गोपाल भार्गव को साथ में बिठाकर शिवराज सिंह चौहान ने इस संबंध में घोषणा की और वीडियो जारी किया।

# ममता कैबिनेट में फेरबदल कल

## दीदी बोलीं-चार मंत्रियों का काम अकेले संभालना संभव नहीं, 4-5 नए चेहरे शामिल होंगे

कोलकाता, 1 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बुधवार को कैबिनेट में फेरबदल करेंगी। सोमवार को मीटिंग के बाद उन्होंने कहा कि कई मंत्रियों के पद खाली हैं। वो खुद सभी विभागों का काम नहीं कर सकती हैं, इसलिए 4 से 5 नए चेहरे शामिल होंगे।

उन्होंने सात नए जिले बनाने का भी ऐलान किया है। अब राज्य में 30 जिले हो जाएंगे। ममता बनर्जी ने इससे पहले 28 जुलाई को मंत्रिमंडल की बैठक की थी। सूत्रों के हवाले से पहले ही खबर आ रही थी कि ममता तृणमूल कांग्रेस में कामराज प्लान लागू कर सकती हैं। दरअसल, ये प्लान 1963 में नेहरू के वक्त कांग्रेस ने लागू किया था। ममता ने पिछले 4 दिन में दूसरी बार कैबिनेट बैठक बुलाई है। 28 जुलाई को कैबिनेट मीटिंग के बाद ममता ने शिक्षक भर्ती घोटाले में आरोपी पार्थ चटर्जी को हटाने की घोषणा की थी। ममता कैबिनेट के टॉप-5 में से 4 का पद रिक्त हो गया है। कैबिनेट में वरिष्ठ मंत्री रहे सुब्रत मुखर्जी और साधन पांडे का इसी साल निधन हो चुका है, जबकि पार्थ जेल जाने की वजह से मंत्री पद गंवा चुके हैं। वहीं वित्त मंत्री रहे अमित मित्रा भी मंत्री पद छोड़ सलाहकार बन चुके हैं।




**वन पोस्ट-वन पर्सन का फॉर्मूला लागू हो सकता है**

तृणमूल सूत्रों के मुताबिक कैबिनेट फेरबदल में वन पोस्ट-वन पर्सन का फॉर्मूला लागू हो सकता है। वर्तमान में परिवहन मंत्री फिरहाद हकीम समेत कुछ मंत्रियों के पास दो या उससे अधिक जिम्मेदारियां हैं। ऐसे में विस्तार में उनसे पद लिया जा सकता है। इसी साल फरवरी में अभिषेक बनर्जी और उनकी टीम ने वन पोस्ट-वन पर्सन फॉर्मूला लागू करने की मांग की थी, जिस पर काफी विवाद हुआ था।

**बाबुल-निर्मल रेस में; सांसद भी बनाए जा सकते हैं मंत्री**

सूत्रों के मुताबिक नए मंत्री बनने के रेस में भाजपा से आए बाबुल सुप्रियो, निर्मल माझी भी रेस में हैं। इसके अलावा, पार्टी कुछ सांसदों को कैबिनेट में जगह मिल सकती है। वहीं कुछ मंत्रियों का कद भी बढ़ाया जा सकता है। पार्टी का पूरा फोकस 2023 के पंचायत और 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव है।

**कामराज प्लान के बारे में...**

1962 में चीन से युद्ध में हार और महंगाई के मुद्दे पर जनता में कांग्रेस की लोकप्रियता कम होने लगी थी, जिसके बाद 1963 में तत्कालीन मद्रास के मुख्यमंत्री के कामराज ने पंडित नेहरू को एक फॉर्मूला समझाया। फॉर्मूले के तहत सभी मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को संगठन के काम में लगाने के लिए कहा गया। कामराज के इस प्लान को नेहरू ने कांग्रेस वर्किंग कमेटी से पास करा दिया।

कांग्रेस में कामराज प्लान लागू होते ही नेहरू कैबिनेट के सभी मंत्रियों को इस्तीफा देना पड़ा। इनमें जगजीवन राम, लाल बहादुर शास्त्री और मोरारजी देसाई जैसे दिग्गज नेता शामिल थे।

## खबरे जरा हटके

### सऊदी अरब बनाने जा रहा है काँच का शहर, नहीं होगी सडक़, लागत 39.95 लाख करोड़



बदलते समय के साथ तकनीक भी बदलती जा रही है। पर्यावरण प्रदूषण को लेकर पश्चिम वाले पूरब वालों से ज्यादा सजग हैं। बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए सऊदी अरब तकनीक के जरिये विश्व का आठवां अजूबा बनाने जा रहा है। प्राप्त समाचारों के अनुसार सऊदी अरब एक अनोखा शहर बनाने की तैयारी कर रहा है जो काँच की दीवारों से ढका होगा और सबसे महत्त्वपूर्ण बात वहाँ पर कोई सडक़ नहीं होगी। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिल सलमान ने इस प्रोजेक्ट के बारे में सबसे पहले साल 2021 में बताया था। इस शहर को बसाने में 39.95 लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे। द लाइन शहर को कांच की आधा किलोमीटर ऊंची दीवारों से ढका जाएगा। सऊदी अरब की प्रेस एजेंसी ने शहर की डिजाइनों की क्लिप जारी की हैं। इस शहर को आकर्षक, फ्यूचरिस्टिक और हरा भरा दिखाया गया है। घरों की छतों पर बगीचे बने हुए दिखाए गए हैं।

इस शहर की चौड़ाई सिर्फ 200 मीटर होगी जबकि इसकी लंबाई 161 किलोमीटर होगी और ऊंचाई 500 मीटर होगी जिसमें कांच लगे होंगे। सबसे खास बात यह है कि इस पूरे शहर को नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित किया जाएगा। इस शहर में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, बायोमॉस और हाइड्रो पावर से पैदा हुई बिजली की सप्लाई की जाएगी। सऊदी अरब ने इस शहर को द लाइन नाम दिया है। अधिकारियों का कहना है कि भविष्य के शहर को बसाने की यह परियोजना है। प्रदूषित दुनिया में इस शहर के नागरिकों को स्वच्छ हवा मिलेगी। यहां पर बिजनेस के लिए दफ्तर, बच्चों के लिए स्कूल और कॉलेज, मनोरंजन के लिए पार्क भी वर्टिकल ही बनाए जाएंगे। दुनिया में पहली बार ऊंचाई की ओर बढ़ता हुआ शहर बनाया जाएगा। इस शहर में रहने वाले नागरिक एक छोर से दूसरे छोर पर सिर्फ 20 मिनट में पहुंच जाएंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि यहां पर एक हाई स्पीड ट्रेन चलाई जाएगी।

### . . . और इन्होंने पूजा के स्थान पर थमाया शिवजी को टैक्स का नोटिस



उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने कुछ समय पूर्व ही आदेश दिया था कि प्रदेश के किसी भी धार्मिक स्थल से टैक्स की वसूली नहीं होगी। लेकिन ऐसा लगता है नगर निगम अधिकारियों ने उनकी बात को अच्छी तरह से सुना नहीं, इसी के चलते मथुरा नगर निगम ने यमुना पार लक्ष्मी नगर स्थित एक शिव मंदिर को 1500 रुपये का हाउस टैक्स भरने का नोटिस उनके द्वार पर चस्पा कर दिया। जी हाँ, मथुरा नगर निगम ने भोलेनाथ के मंदिर को 1500 रुपये हाउस टैक्स भरने का नोटिस दिया है। भोलेनाथ को नगर निगम का नोटिस मिलने की खबर से इलाके में हडक़ंप मच गया है और खबर जंगल की आग की तरह फैल रही है। बताया जा रहा है भगवान शंकर के मंदिर पर हाउस टैक्स का नोटिस चिपकाने की खबर फैलने के बाद से नगर निगम के कर्मचारी इस मामले पर बोलने से बच रहे हैं।

नगर निगम के अधिकारी ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि जो निगम आयुक्त के आदेश के बाद नोटिस निरस्त कर दिया गया है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि मंदिर के पास एक कमरा बने होने की बात कही गई थी जिसके बाद टैक्स लगाया गया था। दूसरी तरफ इस विवाद के बाद निगम के अधिकारी जब मंदिर के पास पहुंचे तो उन्होंने वहां कोई कमरा नहीं पाया जिसके बाद नोटिस को निरस्त कर दिया गया। बता दें कि जिस शिवमंदिर पर निगम ने हाउस टैक्स लगाया वो दरअसल मथुरा के यमुना पार लक्ष्मीनगर में स्थित है।

### अंगोला में खोजा गया 300 वर्षों में सबसे बड़ा गुलाबी हीरा



लुआंडा । अंगोला में 170 कैरेट का एक दुर्लभ 'गुलाबी हीरा' खोजा गया है, जिसका वजन 34 ग्राम है, जिसे पिछले 300 वर्षों में सबसे बड़ा माना जाता है। अंगोला में खदान के बाद गुलाबी पत्थर को 'लुलो रोज' नाम दिया गया है, जहां यह पाया गया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इसे इस साल के अंत में अंगोलन राज्य के स्वामित्व वाली हीरा व्यापार फर्म सोडियम द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय निविदा के माध्यम से बेचा जाएगा। लूलो खनन परियोजना में अब तक निकाले गए 100 कैरेट से अधिक के कुल 27 हीरों में से यह पांचवां सबसे बड़ा हीरा है। 2016 में, ऑपरेशन से अंगोला में बरामद अब तक का सबसे बड़ा हीरा मिला, 404 कैरेट का सफेद पत्थर जिसे बाद में '4 फरवरी स्टोन' नाम दिया गया।

देश के खनिज संसाधन, तेल और गैस मंत्री दीयामंततीनो अजेवेदो ने कहा कि, गुलाबी हीरे की खोज हीरा खनन के लिए विश्व मंच पर अंगोला को एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में प्रदर्शित करना जारी रखती है और देश के बढ़ते हीरे में प्रतिबद्धता और निवेश के लिए क्षमता और पुरस्कार प्रदर्शित करती है। गुलाबी हीरे अत्यंत दुर्लभ हैं लेकिन वही भौतिक गुण जो पत्थरों को दुर्लभ बनाते हैं, उन्हें बहुत सख्त भी बनाते हैं और इनको आकार में लाना आसान नहीं होता है। भारत में खोजा गया सबसे बड़ा गुलाबी हीरा दरिया-ए-नूर है, जिसके बारे में विशेषज्ञों का मानना है कि इसे और भी बड़े पत्थर से काट कर निकाला गया था। किसी भी रंग का अब तक का सबसे बड़ा हीरा कलिनन हीरा है, जो 1905 में दक्षिण अफ्रीका में पाया गया था। 3,107 कैरेट वजन, आधा किलोग्राम से अधिक, इसे 105 अलग-अलग पत्थरों में काटा गया था।

सुविचार: प्रजा के सुख में ही राजा का सुख और प्रजा का सुख और प्रजा के हित में ही राजा को अपना हित समझना चाहिए।

## हरे कृष्णा फाउंडेशन की सेवाएं सराहनीय : हरीश राव

### मंत्री ने की मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजा



संगारेड्डी, 31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। वित्त मंत्री टी हरीश राव ने कहा कि प्रस्तावित हरे कृष्ण सांस्कृतिक केंद्र और मंदिर भारतीय विरासत, संस्कृति और प्रथाओं की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

रविवार को संगारेड्डी जिले के कंदी में अक्षय पात्र फाउंडेशन मेगा-किचन परिसर में सांस्कृतिक केंद्र और मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजा करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने हरे कृष्ण आंदोलन की सामाजिक और धार्मिक सेवाओं को याद किया। उन्होंने आगे कहा कि तेलंगाना सरकार अक्षय पात्र फाउंडेशन के सहयोग से प्रतिदिन 65,000 लोगों को भोजन परोस रही है। राव ने कहा कि उन्होंने अक्षय पात्र फाउंडेशन के सहयोग से हैदराबाद के 18 सरकारी अस्पतालों में 5 रुपये का भोजन परोसने की शुरुआत की है, जिसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। हरे कृष्ण आंदोलन की आध्यात्मिक गतिविधियों के बारे में बात करते हुए, मंत्री ने कहा कि धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने से मन को शांति मिलेगी जिसका अंततः समाज पर कई प्रभाव पड़ेगा।

हरे कृष्ण आंदोलन और अक्षय पात्र फाउंडेशन को उनकी सभी गतिविधियों में पूरा समर्थन देने का आश्वासन देते हुए, मंत्री ने कहा कि वह एक व्यक्ति के रूप में और राज्य सरकार में एक मंत्री के रूप में उनका समर्थन करेंगे। भूमि पूजा समारोह को चिह्नित करने के लिए, ऋत्विकों द्वारा एक यज्ञ और पूर्णहुती का प्रदर्शन किया गया। हरे कृष्णा सांस्कृतिक केंद्र द्वारा प्रस्तावित पर एक प्रदर्शनी लगाई गई थी। रविवार की सुबह आयोजित जप मैराथन कार्यक्रम के तहत सैकड़ों भक्तों द्वारा सबसे शुभ हरे कृष्ण महामंत्र के जाप के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस अवसर पर इस्कॉन बैंगलोर के अध्यक्ष और अक्षय पात्र फाउंडेशन अध्यक्ष मधु पंडित दास, अध्यक्ष हरे कृष्ण आंदोलन हैदराबाद सत्य गौरचंद्र दास, मेदक सांसद के. प्रभाकर रेड्डी, टीआरएस जिलाध्यक्ष चिंता प्रभाकर और अन्य उपस्थित थे।

## आज से बंद होंगी सिनेमा की शूटिंग

हैदराबाद, 31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। टॉलीवुड में आज से सिनेमा की शूटिंग बंद कर दी जाएगी। एक्टिव तेलुगु प्रोड्यूसर्स गिल्ड ने शूटिंग रोकने का फैसला किया है। तेलुगु फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स की एक आम सभा की बैठक ने गिल्ड को अपना समर्थन देने और फिल्म की शूटिंग को रोकने का फैसला किया।

चेंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक आज शहर में हुई। गिल्ड ने अपनी हड़ताल को आगे बढ़ाने का फैसला किया है, हालांकि कई फिल्में निर्माणाधीन हैं। हड़ताल के कारण, कोई भी नई फिल्म की शूटिंग फ्लोर पर नहीं आएगी और निर्माणाधीन फिल्मों की शूटिंग रोक दी जाएगी। इस अवसर पर फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष बसी रेड्डी ने कहा कि फिल्म की शूटिंग कुछ दिनों के लिए बंद करने का फैसला किया है।

उन्होंने कहा कि निर्माता, वितरक और प्रदर्शक फिल्म उद्योग के मौजूदा हालात से खुश नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही फिल्म निर्माण के 24 विभागों के साथ भी विचार-विमर्श करेंगे।

## उपराष्ट्रपति ने की मेक इन इंडिया के तहत निर्मित इलेक्ट्रिक स्कूटर पर सवारी




हैदराबाद,31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेटर हैदराबाद के दौरे पर उप राष्ट्रपति वैंकय्या नायुडू ने इलेक्ट्रिक स्कूटर पर सवारी की। इस संदर्भ में, तेलंगाना सरकार के अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि, चूंकि उप राष्ट्रपति वैंकय्या नायुडू जोकि आजकल ग्रेटर हैदराबाद के दौरे पर हैं। वे शनिवार को हैदराबाद पहुंचे। इस दौरान क्वांटम एनर्जी द्वारा मेक इन इंडिया के तहत इलेक्ट्रिक स्कूटर का अविष्कार किया।

उप राष्ट्रपति ने इस नये इलेक्ट्रिक स्कूटर का बारीकी से अवलोकन किया तथा इस स्कूटर पर सवारी की एवं इसपर बैठकर अपने फोटोज भी खिंचवाई तथा इस इलेक्ट्रिक स्कूटर की काफी तारीफ कर कहा कि, यह आधुनिकतम इलेक्ट्रिक स्कूटर जोकि स्वदेश में तैयार की गयी है। यह स्कूटर, कार्बन को कम करने सहायक है। साथ ही उन्होंने इस बात पर खुशी जतायी कि, क्वांटम एनर्जी नामक संस्था द्वारा देशज नये इलेक्ट्रिक स्कूटर का निर्माण किया जा रहा है। यही नहीं, मेक इन इंडिया के तहत निर्मित इस आधुनिकतम इलेक्ट्रिक स्कूटर के कारण क्लीन, ग्रीनर इंडिया की दिशा में भारत तेजी से आगे बढ रहा है। साथ ही इस आधुनिकतम स्कूटर से आम लोगों के लिए छुटपुट कार्यो में काफी सहायता मिलेगी।

## अग्रवाल सेवा दल व बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क मेगा चिकित्सा शिविर संपन्न








हैदराबाद, 31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल सेवा दल एवं बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट द्वारा निर्मला देवी कैलाश चंद केडिया चैरिटी ट्रस्ट के सहयोग से 99वाँ निःशुल्क मेगा चिकित्सा शिविर काटेदान स्थित रविस ब्रिलियंट हाईस्कूल में आयोजित किया गया। आज यहाँ अग्रवाल सेवा दल के प्रचार संयोजक अजीत गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, शिविर में बंजारा हिल्स स्थित सेंचुरी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. के.ईशान रेड्डी, जनरल फिजिशियन डॉ.एम.जोहरा नजीना, ईएनटी की सेवा डॉ.नल्लुरी अविनाश ने दी। अवसर पर एलसीएस डंडू आई इंस्टीट्यूट वेस्ट मारेडपल्ली द्वारा नेत्रों की जांच की गई, जिसमें 10 को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया और 189 को चश्मों का वितरण किया गया। अवसर पर लोगों ने ईसीजी, आरबीएस, रक्तचाप आदि की सेवा का लाभ लिया और जरूरतमंदों को दवाइयों का वितरण किया गया। अवसर पर जायसवाल अस्पताल की टीम सहित और दांतों की जांच एवोक डेंटल केयर के डॉ. मनिता सेठ, और फिजियोथेरेपी की सेवा बजाज फिजियो केयर की डॉ.गीता द्वारा दी गयी।

अवसर पर अग्रवाल सेवा दल के सलाहकार एवं पित्ती ट्रस्ट के सीएमडी शरद बी.पित्ती, कैम्प के संयोजक प्रदीप अग्रवाल, संजय पसारी, अग्रवाल सेवा दल के अजीत गुप्ता, कैलाश केडिया, निखिल रानासरिया, सुरेन्द्र गोयल, अग्रवाल समाज उर्दूगली शाखा के केन्द्रीय समिति सदस्य नवीन कुमार अग्रवाल, अग्रवाल समाज मुरलीनगर शाखा के अध्यक्ष राजेन्द्र भालवाले, केएस सदस्य शिवकुमार भालवाले, दिनेश केडिया, स्थानीय सहयोगी निर्मला देवी कैलाश चंद केडिया चैरिटी ट्रस्ट के नवीन केडिया रामसुख, रजनीकांत, निर्मला केडिया, गोविंद केडिया, माधवी केडिया, ईशिका केडिया, नीना अग्रवाल, संजय अग्रवाल, कुसाक्षी अग्रवाल, काजल अग्रवाल, अशोक गुप्ता, पद्मा केडिया, प्रशांत केडिया, रामस्वरूप, जयराज, अदैन, स्वयंसेवी जितेन्द्र गोयल, राधेश्याम बियानी, समाजसेवी गोपाल सिंह, शंकर यादव, घनश्याम यादव, पित्ती लैमिनेशंस के सदस्यों ने अपना योगदान दिया। अग्रवाल सेवा दल और पित्ती ट्रस्ट का 100वां कैम्प 21 अगस्त को अग्रवाल समाज मुरलीनगर शाखा, उर्दूगली शाखा, रिकाबगंज शाखा, चेलापुरा शाखा के सहयोग से पुराने शहर में आयोजित किया जायेगा।

## दावों और आपत्तियों के लिए आधार विवरण प्रस्तुत करें मतदाता : चुनाव आयोग

हैदराबाद, 31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। जिला चुनाव प्राधिकरण, हैदराबाद ने रविवार को हैदराबाद जिले के 15 विधानसभा क्षेत्रों के सभी पात्र मतदाताओं से अपने आधार विवरण या भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा निर्धारित 11 दस्तावेजों में से किसी एक को दावों और आपत्तियों के लिए प्रस्तुत करने की अपील की। मतदाता सूची। नए संशोधित फॉर्म https://nvsp.in पर अपलोड किए गए हैं। जिला चुनाव प्राधिकरण, हैदराबाद ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए आधार वैकल्पिक है और अनिवार्य नहीं है।

## यूक्रेन से लौटे गए मेडिकल छात्रों की समस्या का तत्काल समाधान करें सीएम: गुड्डूर



हैदराबाद, 31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी के राज्य के वरिष्ठ नेता गुड्डूर नारायण रेड्डी ने रविवार को मुख्यमंत्री से यूक्रेन से लौटे मेडिकल छात्रों के मुद्दों को तुरंत संबोधित करने की मांग की। एक मीडिया बयान में, उन्होंने कहा कि हालांकि मुख्यमंत्री ने वादा किया है कि राज्य सरकार यूक्रेन लौटे छात्रों की पढ़ाई के लिए धन देगी, अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

उन्होंने कहा कि यूक्रेन में दवा की पढ़ाई कर रहे करीब 700 छात्र रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के कारण राज्य में वापस आ गए हैं। वे इसी साल मार्च में लौटे थे। रूस और यूक्रेन के बीच इस साल 24 फरवरी को युद्ध शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने उन्हें बड़ी मुश्किल से युद्धग्रस्त यूक्रेन से सुरक्षित वापस लाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें देश वापस लाने में निजी दिलचस्पी ली है। नारायण रेड्डी ने याद दिलाया कि मार्च में मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने विधानसभा में घोषणा की थी कि राज्य सरकार यूक्रेन से लौटे मेडिसिन छात्रों की पढ़ाई का ध्यान रखेगी। सीएम ने कहा कि सरकार पढ़ाई के लिए फंड देगी। लेकिन, अभी तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यूक्रेन के दवा छात्रों के भविष्य को लेकर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों के साथ कोई बैठक भी नहीं की। उन्होंने कहा कि संकट में घिरे छात्र पिछले 5 महीने से अपने भविष्य पर राज्य सरकार के फैसले का इंतजार कर रहे हैं. हमेशा की तरह मुख्यमंत्री वादा भूल गए हैं क्योंकि उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ इस मुद्दे पर एक भी बैठक नहीं की है। उन्होंने केंद्र को पत्र लिखकर हाथ धोए।

नारायण रेड्डी ने कहा कि यूक्रेन लौटे छात्र दुविधा में हैं, क्योंकि यूक्रेन के विश्वविद्यालय उन्हें अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए कुछ विकल्प दे रहे हैं। वे गतिशीलता कार्यक्रम, ऑफ लाइन और ऑनलाइन कक्षाओं की पेशकश कर रहे हैं। जैसा कि राज्य सरकार ने उनके लिए अपनी योजनाओं की घोषणा नहीं की, छात्र दुविधा में हैं कि क्या उनके विश्वविद्यालयों द्वारा दिए जा रहे विकल्पों को स्वीकार किया जाए या राज्य सरकार के निर्णय की प्रतीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को इस संबंध में तुरंत निर्णय लेना चाहिए ताकि लौटे छात्रों का एक शैक्षणिक वर्ष खराब न हो. सीएम तुरंत संबंधित विभागों के साथ बैठक कर समस्या का समाधान निकालें।

## तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम द्वारा खोलो ज्ञान का पिटारा कार्यक्रम आयोजित



हैदराबाद, 31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमण जी की विदुषी सुशिष्या साध्वी श्री त्रिशलाकुमारी जी आदि ठाणा-5 के पावन सानिध्य में तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम हैदराबाद के तत्वाधान में "खोलो ज्ञान का पिटारा" कार्यशाला का सफल आयोजन तेरापंथ भवन डी.वी. कॉलोनी में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साध्वीश्री द्वारा नवकार मंत्र के मंगलाचरण से हुआ।

तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम हैदराबाद के अध्यक्ष मोहित बैद ने सभी का स्वागत किया एवं सभी टीम को शुभकामनाएं दी। उन्होंने साध्वीवृन्द के प्रति भी कृतज्ञता ज्ञापित की। उन्होंने इस मुख्य कार्यक्रम करने की सहज अनुमति प्रदान की एवं समस्त टीम का मार्गदर्शन किया, जिससे इस अत्यंत उपयोगी कार्यक्रम का आयोजन हो पा रहा है । कार्यक्रम में तेरापंथी सभा सिकंदराबाद अध्यक्ष बाबूलाल बैद , महिला मंडल अध्यक्षा अनीता गिरिया एवं तेयुप मंत्री नीरज सुराणा की गरिमामय उपस्तिथि रही।

साध्वी श्री त्रिशलाकुमारी जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि लोग जैन धर्म को अच्छे से जान सके और अपना आत्मकल्याण कर सके। साध्वीश्री रश्मि प्रभा जी ने प्रतियोगिता में प्रश्नोत्तरों का संचालन किया।

प्रथम तीन टीम के सभी सदस्यों को टीपीएफ द्वारा पुरस्कृत किया गया। टीपीएफ से कार्यक्रम संयोजक मोक्षा सुराना, वर्षा बैद, निखिल कोटेचा, अर्हम बेंगाणी एवं शिखा सुराना ने इसे सफल बनाने में अथक प्रयास किया। अरिहंत गुजरानी, प्रकाश दफ्तरी एवं हैदराबाद कन्यामंडल ने इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रदान किया। आभार ज्ञापन तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम हैदराबाद मंत्री सुनील जी पगारिया ने किया।

## जब ध्वनि प्रदूषण के बारे में सीपी ने डायल 100 पर की शिकायत...



हैदराबाद, 31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। जुबली हिल्स पुलिस स्टेशन के कर्मचारी शनिवार की रात उस समय हैरान रह गए जब शहर के शीर्ष पुलिस अधिकारी ने डायल 100 पर कॉल किया और ध्वनि प्रदूषण की शिकायत की। पुलिस नियंत्रण कक्ष को एक लैंडलाइन नंबर से फोन आया जिसमें शिकायत की गई कि तेज आवाज में संगीत बज रहा है जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। कंट्रोल रूम ने जुबली हिल्स थाने को शिकायत के बारे में जानकारी दी। पुलिस थाने ने गश्ती वाहनों और स्थानीय रात्रि अधिकारी इंस्पेक्टर ए रमेश को संदेश भेजा, जिन्होंने मौके पर जाकर साउंड सिस्टम और बैंड को बंद कर दिया। एक व्यक्ति श्रीनिवास को देर रात उपद्रव करने के आरोप में हिरासत में लिया गया और उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने शुरू में शिकायतकर्ता को नहीं पहचाना, लेकिन बाद में पाया कि कॉल हैदराबाद के सीपी सी वी आनंद ने की थी।

## ग्रेटर हैदराबाद में ईडी के छापों ने मचायी हलचल

**कैसीनो के अवैध धंधे में लिप्त चिकोटी प्रवीण टीम पर कसा शिकंजा**

हैदराबाद, 31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेटर हैदराबाद में ईडी के छापों ने भारी हलचल मचायी है तथा अबकी बार ईडी (एनफोर्समेंट डैरक्टोरेट-प्रवर्तन निदेशालय) के अधिकारियों ने कैसीनो के अवैध धंदे में लिप्त चिकोटी प्रवीण टीम पर शिकंजा कसा है। इस बारे में ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) के अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, फेमा (धन की हेराफेरी) के उल्लंघन में कैसीनो के अवैध धंदे में लिप्त चिकोटी प्रवीण टीम से कडी पूछताछ ही की जा रही है। यही चिकोटी प्रवीण के कैसीनों के धंदे पर छापे डाले जा रहे हैं तथा इस मामले में कडी जांच की जा रही है।

इस संबंध में ईडी ने आगे बताया कि, धन की हेराफेरी में लिप्त आरोपी चिकोटी प्रवीण के बारे में हुए दूसरा खुलासा भी हुवा है। इसके तहत यह पाया गया है कि, ईडी अधिकारियों को तारनाका में धन की हेराफेरी की भनक मिलते ही कि, शनिवार को सिकंदराबाद के तारनाका स्थित विजयपुरी कालोनी के रेलवे कांट्राक्टर इजाज फारुक के मकान पर भी छापे डाला गया। इस मामले में इडी अधिकारियों ने रेलवे कांट्राक्टर इजाज फारूक के घर पर शनिवार की सुबह छह बजे से लेकर रात बीतने तक छापे डाले। इन छापों में आरोपी रेलवे कांट्राक्टर इजाज फारूक द्वारा रेलवे ठेकों के नकली बिलों से जुडे लेनदेन में भारी रूप से धन की अवैध वसूली व धोखाधडी की गयी है। साथ ही ईडी अधिकारियों ने यह स्पष्ट किया कि, आरोपी इजाज फारूक ने रेल ठेके के लेनदेन में लगभग सौ करोड रुपये की हेराफेरी करने के चलते संबंधित आरोपी के मकान पर छापे डाले गये हैं।

## ग्रेटर हैदराबाद में गवर्नमेंट नेचर क्यूर अस्पताल की स्थापना हेतु 6 करोड मंजूर : मंत्री

हैदराबाद, 31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य स्वास्थ्य, चिकित्सा मंत्री टी. हरीश राव ने कहा कि ग्रेटर हैदराबाद में सरकारी नेचर क्यूर हास्पीटल की स्थापना हेतु 6 करोड मंजूर किये गये हैं। इस संदर्भ में, स्वास्थ्य, चिकित्सा मंत्री टी. हरीश राव ने मीडिया को बताया कि, जल्द ही महानगर हैदराबाद में गवर्नमेंट नेचर क्यूर हास्पीटल की स्थापना की जा रही है। इस सरकारी प्राकृतिक चिकित्सा अस्पताल( गवर्नमेंट नेचर क्यूर हास्पीटल) का निर्माण लगभग 10 एकड भूमि में किया जायेगा तथा इस बेजोड अस्पताल के निर्माण के लिए सरकार ने 6 करोड रुपये की राशि मंजूर की है।

इस मामले में मंत्री टी. हरीश राव ने विस्तार से बताया कि, गत कुछ अवधि से ग्रेटर हैदराबाद शहर जोकि कॉरपोरेट स्तर पर भारी तौर पर विकसित हो रहा है तथा हरियाली से ओतप्रोत नाम से मशहूर महानगर हैदराबाद में जल्द ही सरकारी प्राकृतिक अस्पताल (गवर्नमेंट नेचर क्यूर हास्पीटल) की व्यवस्था की जा रही है। इसके चलते मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि, चूंकि महानगर में तत्संबंधित सरकारी प्राकृतिक अस्पताल के 10 एकड भूमि में निर्माण करने का फैसला लिया गया है तथा इस हेतु 6 करोड की राशि मंजूर की गयी है। अतः इस अस्पताल को नेचर क्यूर हास्पीटल का नाम दिया जा रहा है तथा यह स्थापित होनेवाला प्राकृतिक अस्पताल जोकि सरकारी क्षेत्र का पहला बेजोड अस्पताल होगा। इसके चलते तत्संबंधित अस्पताल के निर्माण कार्य को तुरंत प्रारंभ किया जाए। साथ ही मंत्री ने यह भी कहा कि, इस अस्पताल के निर्माण से अनेकानेक लोगों का प्राकृतिक रूप से इलाज होने में भारी सहायता मिलेगी।

## विश्व पुलिस फायर गेम्स में राचकोंडा पुलिस को 5 पदक





हैदराबाद, 31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। विश्व पुलिस फायर गेम्स में तेलंगाना पुलिस को 5 पदक मिले है। तेलंगाना पुलिस के 5 पदकों में से 4 राचकोंडा पुलिस कमिश्नरेट डीसीपी श्रीबाला ने 1 रजत, टेनिस में 1 कांस्य और एआरपीसी डी संजीव राव ने ताइक्वांडो में 2 कांस्य पदक जीते। विश्व पुलिस और फायर गेम्स एक ओलंपिक-शैली की प्रतियोगिता है, जिसमें 10,000 एथलीट अग्निशामकों, कानून प्रवर्तन और सुधार, परिवीक्षा, सीमा सुरक्षा, आव्रजन और 65 से अधिक देशों प्रतिनिधित्व करते है।

इस दौरान 65 खेलों में प्रतिस्पर्धा करते हैं। 22-31 जुलाई तक खेलों का आयोजन नीदरलैंड के रॉटरडैम में हो रहा है। तेलंगाना पुलिस से श्रीबाला बी, डीसीपी रोड सेफ्टी रचकोंडा ने महिला युगल में रजत पदक और एकल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। सीएआर अंबरपेट रचकोंडा के डी संजीव कुमार एआरपीसी ने ताइक्वांडो में 2 कांस्य पदक जीते। डी गोपाला कृष्णैया पीसी ने ताइक्वांडो क्योरुगी में 80 किग्रा से कम में कांस्य पदक जीता। तेलंगाना पुलिस के तीन प्रतिभागियों ने डब्ल्यूपीएफजी 2022 में1 रजत और 4 कांस्य पदक जीते। राचकोंडा पुलिस द्वारा जीते गए 5 पदकों में से 4 पदक जीते। सीपी रचकोंडा महेश भागवत ने पदक विजेताओं की सराहना की है।


CLASSIFIEDS

WANTED

एमकेआर ब्रश कंपनी में फिल्ड वर्क के लिए लड़के चाहिए । उम्र 35 वर्ष के भीतर, वेतन 10 से 12 हजार रुपये, खान-रूम फ्री व वाहन की सुविधा।
7989856361 - 0402750331

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन के प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

# केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस की पार्टी ने राज्य महासचिव को किया बर्खास्त

## पीएम के खिलाफ दायर की थी याचिका



पटना, 31 जुलाई (एजेंसियां)। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के नेता और केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस ने अपने राज्य महासचिव सुधीर कुमार ओझा के खिलाफ कार्रवाई की है। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी ने उन्हें निष्कासित कर दिया है। बिहार की एक अदालत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ याचिका दायर करने के कुछ दिनों बाद उनके खिलाफ ये कार्रवाई की गई है।

**पार्टी ने जारी किया बयान**

पार्टी ने राज्य महासचिव सुधीर कुमार ओझा के खिलाफ इस कार्रवाई को लेकर एक बयान भी जारी किया है। बयान में कहा गया है कि पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोपों के चलते प्रदेश अध्यक्ष और सांसद प्रिंस राज ने ओझा ने निष्कासन का आदेश दिया। हालांकि पार्टी के बयान में पीएम के खिलाफ दायर याचिका का जिक्र नहीं किया गया है। वहीं, पार्टी सूत्रों का कहना है कि कुछ दिनों पहले मुजफ्फरपुर में ओझा द्वारा दायर याचिका को लेकर आरएलजेपी प्रमुख पशुपति कुमार पारस को बड़ी शर्मिंदगी झेलनी पड़ी थी, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई है।

**पीएम के खिलाफ दायर की याचिका**

गौरतलब है कि बीते शुक्रवार को सुधीर कुमार ओझा ने एक जनहित याचिका दायर की थी। मुजफ्फरपुर निवासी विनायक कुमार की ओर से दायर इस याचिका में ओझा ने विभिन्न क्षेत्रों में निजीकरण कर कथित तौर पर संविधान का उल्लंघन करने के मामले में पीएम मोदी के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित अन्य के खिलाफ संविधान का उल्लंघन करने के लिए मामला दर्ज करने की प्रार्थना की थी। उन्होंने याचिका में कहा कि निजीकरण संविधान द्वारा गारंटीकृत समानता के अधिकार के खिलाफ है। इस याचिका पर सुनवाई के लिए मुजफ्फरपुर की अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (पूर्व) की अदालत ने 6 अगस्त की तारीख दी है। गौरतलब है कि सुधीर कुमार ओझा पेशे से वकील भी हैं। उन्हें एक सीरियल वादी के रूप में जाना जाता है। वे अकसर राजनेताओं, फिल्म सितारों और यहां तक कि विदेशी राष्ट्राध्यक्षों के खिलाफ दायर याचिकाओं के लिए चर्चा में रहते हैं।

### चॉकलेट देकर 3 साल के बच्चे को किया किडनैप

गोपालगंज, 31 जुलाई (एजेंसियां)। यदि आपके घर में कोई बच्चा है और उस बच्चे को कोई अनजान शख्स चॉकलेट लाकर देता है तो सावधान हो जाइए. चॉकलेट लाकर देने वाला शख्स बच्चा चोरी गैंग का सदस्य भी हो सकता है. गोपालगंज पुलिस ने ऐसे ही एक देवर-भाभी के गैंग का खुलासा किया है, जो मासूम बच्चों को पहले चॉकलेट देता है फिर पलक झपकते ही उसका अपहरण कर लेता है. मामला बरौली थाना क्षेत्र का है. बच्चा चोरी गैंग के दोनों आरोपी देवर-भाभी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं. अगवा किया गया तीन साल का बच्चा भी बरामद कर लिया गया है. फिलहाल पुलिस गिरफ्तार इन दोनों देवर-भाभी से पूछताछ कर रही है.

### बिहार में भाजपा की एकला चलो की नीति, अगला चुनाव जदयू से अलग होकर लड़ सकती है



पटना, 31 जुलाई (एजेंसियां)। भाजपा बिहार में एकला चलो की नीति पर तैयारी कर रही है। लोस चुनाव 2024 और विस चुनाव 2025 में भाजपा जदयू से अलग चुनाव लड़ सकती है। इसकी तैयारी भाजपा की सात राष्ट्रीय मोर्चा की दो दिवसीय संयुक्त कार्यसमिति बैठक के दौरान देखने को मिली। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा और जदयू दोनों अपनी-अपनी तैयारी कर रहे हैं। पटना के ज्ञान भवन में आयोजित बैठक में देशभर के 750 नेता हिस्सा ले रहे हैं। वहीं जदयू ने भी शनिवार को अपने सभी प्रकोष्ठों की बैठक अपने कार्यालय में बुलाई। वैसे विधानसभा चुनाव में भी भाजपा अपने दम पर बिहार में खड़ा होना चाहती है लेकिन इस पर कुछ खुलकर नहीं बोल रही है। भाजपा मिशन 2024 के लिए जातीय जनगणना को साधने की तैयारी में है और उसकी नजर बिहार के सवर्ण वोट बैंक पर है। लोकसभा के लिए पार्टी ने बिहार से 35 सीटों का लक्ष्य रखा है। अगर पार्टी यह लक्ष्य हासिल कर लेती है तो उसके लिए 2024 में केंद्र की सत्ता की राह आसान हो जाएगी। विस चुनाव के लिए पार्टी ने 200 सीटों का लक्ष्य रखा है। इन 200 विधानसभाओं में पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को रात्रि प्रवास के लिए कहा गया है।

# चित्रकूट पहुंचे सीएम योगी

## जगद्गुरु से की मुलाकात, दिव्यांग यूनिवर्सिटी को शासकीय दर्जा दिलाने का दिया भरोसा



चित्रकूट, 31 जुलाई (एजेंसियां)। भगवान राम की तपोभूमि धर्मनगरी चित्रकूट में आयोजित तीन दिवसीय भाजपा के प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग के तीसरे दिन समापन सत्र में शामिल होने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ रविवार की दोपहर धर्मनगरी पहुंच गए। वह बेड़ीपुलिया स्थित हेलीपैड पर उतरने के बाद सीधे तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज से मुलाकात करने पहुंचे। सीएम ने जगदगुरु का हाल-चाल लिया। उनसे स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। जगद्गुरु की इन दिनों कुछ स्वास्थ्य भी खराब चल रहा। दोनों के बीच करीब 15 मिनट तक बातचीत हुई। जगदगुरु ने धर्मनगरी के विकास को लेकर कई बिंदु सामने रखें। इसके साथ ही उनके दिव्यांग विश्वविद्यालय को लेकर भी चर्चा हुई। सीएम ने भरोसा दिया कि जल्द ही दिव्यांग विश्वविद्यालय को शासकीय दर्जा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री तुलसी पीठ से कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुए। यहां पर ठीक 2:30 बजे मुख्यमंत्री बिंदीराम होटल में प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने के लिए पहुंचे। गेट पर उतरकर लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह व कानपुर बुन्देलखण्ड अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ने गेट पर सीएम का स्वागत किया। फिर वह अंदर लिफ्ट से नानाजी सभागार पहुंचे। सीएम के आगमन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। बेड़ीपुलिया से लेकर सीतापुर व तुलसी पीठ तक वाहनों के आवागमन को रोक दिया गया था। कई जगह बैरियर लगाकर पुलिसकर्मी लगाए गए थे।

### बिजनौर में दर्दनाक हादसा रोडवेज बस और कार में भीषण टक्कर

बिजनौर, 31 जुलाई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बिजनौर में आज सुबह नजीबाबाद क्षेत्र में भीषण हादसा हुआ। यहां हरिद्वार से फर्रुखाबाद जा रहे श्रद्धालुओं की कार और रोडवेज बस से आमने सामने भीषण टक्कर हो गई। घटना में चार श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार मंडावली थाना क्षेत्र के गांव मुस्सेपुर के निकट सुबह लगभग 4 बजे रुहेलखंड-बरेली डिपो की बस और कार में आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। कार में हरिद्वार से आ रहे आठ श्रद्धालु सवार थे। हरिद्वार दर्शन के बाद सभी श्रद्धालु वापस गांव राजेपुर, फर्रुखाबाद जा रहे थे। तभी वाहनों में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में चार श्रद्धालुओं की घटनास्थल पर ही मौत हो गई,

# समाजवादी पार्टी ने आदिवासी समाज की महिला पर खेला दांव

## कीर्ति कोल को बनाया प्रत्याशी

लखनऊ, 31 जुलाई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में विधान परिषद की दो सीटों पर चुनाव हो रहा है. इसके लिए 25 जुलाई से नामांकन भी शुरू हो चुका है. इसी कड़ी में रविवार को समाजवादी पार्टी ने विधान परिषद उपचुनाव के लिए उम्मीदवार की घोषणा कर दी है. पार्टी ने कीर्ति कोल को उम्मीदवार बनाया है. वह एक अगस्त को नामांकन करेंगी. सपा ने इस बारे में अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर जानकारी दी है. कीर्ति मिर्जापुर की छानबे विधानसभा से पहले प्रत्याशी रह चुकी हैं. वह आदिवासी समाज से आती है. विधान परिषद उपचुनाव के लिए सपा प्रत्याशी बनाई गईं कीर्ति कोल पूर्व सांसद और विधायक रहे भाईलाल कोल की बेटी हैं.



भाई लाल कोल के निधन के बाद से कीर्ति कोल ही अपने पिता की राजनीतिक विरासत को संभाल रही हैं. बता दें कि यूपी में विधान परिषद की जिन दो सीटों पर चुनाव हो रहा है, उनपर बीजेपी की जीत तय मानी जा रही है. वहीं, बीजेपी ने शनिवार को दोनों सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा करते हुए धर्मेंद्र सिंह सैंथवार और निर्मला पासवान को चुनाव मैदान में उतारा है.

**सपा ने ट्वीट कर दी जानकारी**

सपा की ओर से किए गए ट्वीट के जरिये बताया गया कि आगामी उत्तर प्रदेश विधानपरिषद उपचुनाव में कीर्ति कोल सपा की अधिकृत उम्मीदवार होंगी. कीर्ति मिर्जापुर की छानवे विधानसभा से सपा की प्रत्याशी रह चुकीं हैं और आदिवासी समाज का प्रतिनिधित्व करती हैं. कोल 1 अगस्त को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी.

**दो सीटों पर होना है चुनाव**

गौरतलब है कि यूपी विधान परिषद में कुल 100 सीटें हैं. जिनमें 73 सदस्य बीजेपी के हैं. जबकि दूसरे नंबर पर सपा के नौ सदस्य हैं. इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी, अपना दल (एस), निषाद पार्टी और जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के एक-एक सदस्य हैं. इसके अलावा शिक्षक दल के दो, निर्दलीय समूह से दो और निर्दलीय सदस्य के रूप में दो सदस्य हैं. ऐसे में कुल मिलाकर 92 सीटे हुईं. बची हुई 8 सीटों में दो सीटों पर चुनाव हो रहा है. जिन दो सीटों पर चुनाव होने हैं, उनमें से एक सीट सपा एमएलसी अहमद हसन की मृत्यु और ठाकुर जयवीर सिंह के इस्तीफे से खाली हुई हैं. बची छह सीटें मनोनीत सदस्यों वाली हैं. इन सीटों पर चुनाव नहीं होगा. इन सदस्यों को राज्यपाल मनोनीत करेगा.

**11 अगस्त को मतदान**

दोनों सीटों पर एक अगस्त तक नामांकन होगा. दो अगस्त तक नामांकन पत्रों की जांच होगी. वहीं, चार अगस्त तक नाम वापस लिए जा सकेंगे. जबकि 11 अगस्त को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होंगे.

# जेपी नड्डा का दावा सभी राजनीतिक पार्टियां हो जाएंगी खत्म

## बचेगी तो केवल बीजेपी, कहा- कार्यकर्ताओं के लिए पावर हाउस है भाजपा दफ्तर

पटना, 31 जुलाई (एजेंसियां)। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को दावा करते हुए कहा कि देश में केवल भाजपा ही रह जाएगी,अन्य सभी राजनीतिक पाार्टियां खत्म हो जाएंगी। नड्डा ने आगे कहा कि भाजपा दफ्तर कार्यकर्ताओं के लिए पावर हाउस है। यहां से करोड़ों कार्यकर्ता पैदा होंगे। जेपी नड्डा ने राजधानी के भाजपा ऑफिस में यह बातें कहीं। इस दौरान जेपी नड्डा ने भाजपा दफ्तर में 16 जिला कार्यालयों का उद्घाटन किया। इससे पहले



शनिवार को नड्डा ने कहा था कि भाजपा अपनी मूल विचारधारा से अगल नहीं हटेगी। इसपर किसी सूरत में समझौता नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि हमने अपनी इसी विचारधारा के बूते दो से यहां तक की यात्रा तय की है। आज 18 से अधिक राज्यों में हमारी सरकार है। गौरतलब है कि शनिवार को पटना कॉलेज पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आइसा और जाप के कार्यकर्ताओं ने विरोध किया। काले झंडे दिखाए। पुलिस ने लाठी फटकार कर कार्यकर्ताओं को खदेड़ा। प्रदर्शनकारी पीयू को केंद्रीय विवि का दर्जा देने और नई शिक्षा नीति को रद्द करने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन के बाद नड्डा ने एक छात्रा से बात की। उनकी मांगें सुनीं।

### घर से लेकर कॉलेज तक छात्रा का पीछा करने वाला शोहदा अब तक आजाद, गांव में फोर्स तैनात

गोरखपुर, 31 जुलाई (एजेंसियां)। गोरखपुर में गांव से लेकर कॉलेज तक छात्रा का पीछा कर छेड़खानी करने वाले युवक को 24 घंटे बाद भी कैंट पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है। उधर, इस घटना को सांप्रदायिक रंग देने की भी कोशिश हुई। मारपीट के मामले में गुलरिहा पुलिस ने पीड़ित पक्ष को ही थाने पर बैठा दिया। हालांकि अफसरों की नाराजगी के बाद शनिवार को पीड़ित पक्ष को छोड़कर आरोपित की तलाश शुरू हो गई है। तनाव को देखते हुए गांव में फोर्स लगा दी गई है। गुलरिहा इलाके की रहने वाली छात्रा शहर के एक कालेज से बीएससी करती है। गांव का अजय भारद्वाज नामक युवक उसे पिछले छह महीने से परेशान कर रहा था। उलाहना देने पर आरोपित पक्ष ने मारपीट तक किया था। गुलरिहा थाने की पुलिस ने कभी पीड़ित पक्ष की बात ही नहीं सुनी इस वजह से कुछ दिन तक छात्रा को कालेज जाने से भी परिवारीजनों ने रोक दिया था। शुक्रवार को वह काफी दिन बाद जब कॉलेज के लिए निकली तो फिर अजय ने छेड़खानी शुरू कर दी।

### तेज प्रताप यादव ने कहा- मेरी नकल करते हैं नित्यानंद राय; केंद्रीय मंत्री को बताया सबसे बड़ा झूठा



हाजीपुर, 31 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय पर आरजेडी विधायक तेज प्रताप यादव भड़के हुए हैं। तेज प्रताप यादव ने कहा है कि नित्यानंद राय हमारी नकल करते हैं। गाय दुहते हैं और फोटो वायरल करते हैं। इतना ही नहीं तेज प्रताप यादव ने नित्यानंद राय को सबसे बड़ा झूठा करार दे दिया। तेज प्रताप यादव शनिवार को अपने पुराने विधानसभा महुआ के दौरे पर पहुंचे थे। दरअसल नित्यानंद राय ने वैशाली में तेज प्रताप के छोटे भाई और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को सबसे बड़ा झूठा बताया था। इसी को लेकर पत्रकारों ने जब तेज प्रताप ने सवाल किया तो वह भड़क उठे। तेज प्रताप यादव ने छतवारा में मेडिकल कॉलेज अस्पताल भवन का निरीक्षण किया इस दौरान कहा कि महुआ की महान जनता से उनका गहरा लगाव है। आने वाले समय में वे महुआ को बिहार का नंबर वन जिला बनाएंगे। साथ ही यहां के युवाओं के क्रिकेट खेलने के लिए स्टेडियम का निर्माण करेंगे। तेज प्रताप के साथ राजद के जिलाध्यक्ष वैद्यनाथ सिंह चंद्रवंशी, पूर्व उपप्रमुख सत्येंद्र कुमार राय के अलावा काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। तेज प्रताप के कार्यक्रम में स्थानीय विधायक डॉ मुकेश रौशन नहीं दिखे और न ही उनके खेमे के लोग दिखे।

### पटना में महिला प्रिंसिपल को ऑफिस के कमरे में बंद कर तीन टीचरों ने बुरी तरह पीटा

पटना, 31 जुलाई (एजेंसियां)। राजधानी पटना के बिक्रम प्रखंड के निसरपुरा गांव स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय में शनिवार को उस वक्त हंगामा मच गया, जब देर से आने और बार-बार अनुपस्थित रहने का विरोध करने पर तीन शिक्षिकाओं ने मिलकर प्रधानाध्यापिका को कार्यालय कक्ष में बंधक बनाकर पिटाई कर दी। शिक्षिकाओं के इस व्यवहार को देखते हुए डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने तीनों को निलंबित कर दिया। साथ ही बीडीओ से पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट 24 घंटे के अंदर तलब की है। प्रधानाध्यापिका की ओर से स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है। पुलिस की छानबीन कर रही है। प्रधानाध्यापिका शारदा कुमारी ने पुलिस को दिए गए आवेदन में बताया है कि शनिवार की सुबह करीब नौ बजे विद्यालय की शिक्षिका रानी कुमारी, ऋतुराज और रूपा रानी गौड़ ने कार्यालय में घुसकर दरवाजा बंद कर दिया। फिर उसके बाद पिटाई शुरू कर दी। रानी कुमारी ने बैग फाड़ दिया। बीडीओ को लिखा आवेदन चुरा लिया। बैग में रखे एक हजार रुपये भी ले लिए। सबने गालियां दीं। विद्यालय समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार, ग्रामीण व विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मिलकर किसी तरह उन्हें कार्यालय से बाहर निकाला।

# जेई के अकाउंट में मिला 80 लाख बैलेंस

## 4 खातों में कई लोगों ने भेजे लाखों रुपए, भाई बोला- सुसाइड नोट पर राइटिंग नहीं



लखनऊ, 31 जुलाई (एजेंसियां)। लखनऊ में परिवार के साथ सुसाइड करने वाले जेई शैलेंद्र से जुड़े बैंक अकाउंट में 80 लाख बैलेंस रुपए जमा हैं। उसके बाद भी आर्थिक तंगी और लेनदार के तगादे से सुसाइड करने वाला एंगल पुलिस के लिए पहेली बन गया है। बता दें कि जेई ने पत्नी और बेटी के साथ 28 जुलाई को सुसाइड कर लिया था। शैलेंद्र के भाई सत्येंद्र ने सुसाइड नोट पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह उसके भाई ने नहीं लिखा है। पुलिस ने सुसाइड नोट की सत्यता जानने के लिए फॉरेंसिक लैब भेज दिया है। आरोपियों को हिदायत देकर पुलिस निगरानी में घर भेज दिया।

**जेई और पत्नी के बैंक अकाउंट में पैसा भेजने वालों की तलाश**

एडीसीपी उत्तरी अनिल कुमार यादव ने बताया कि जेई और उनकी पत्नी गीता के चार बैंक अकाउंट को खंगाला गया। इसमें करीब 70 से 80 लाख रुपए थे। अन्य खातों की जांच की जा रही है। जेई और उनसे जुड़े लोगों के खातों में यह पैसा कहां से आया, इसकी जांच की जा रही है। पैसा भेजने वालों की तलाश की जा रही है, ताकि यह सामने आ सके कि उन्होंने किस लिए जेई को इतनी बड़ी रकम दी थी।

**भाई की राइटिंग नहीं**

एसीपी अलीगंज विजय राज सिंह ने बताया, "सुसाइड नोट पर जेई के भाई सत्येंद्र ने सवाल खड़े किए हैं। उसने कहा कि सुसाइड नोट की राइटिंग शैलेंद्र की नहीं हो सकती। भाभी गीता और भतीजी प्राची की हो, तो नहीं बता सकता।" सुसाइड नोट की सत्यता की जांच के लिए राइटिंग मिलान के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला यानी फॉरेंसिक लैब भेजा गया है।

**रिश्तेदारों से भी लिए थे पैसे**

अलीगंज एसपी विजय राज सिंह ने बताया, "सुसाइड नोट में जिस चौथे आरोपी संतोष शुक्ला का जिक्र है, वह विकलांग है। जांच में सामने आया है कि उसने नलकूप विभाग में नौकरी पाने के लिए जेई को पैसे दिए थे।" संतोष के साथ ही उसके परिचितों और रिश्तेदारों ने जेई की बातों में आकर नौकरी के नाम पर मोटी रकम दी थी। नौकरी न लगने पर वह जेई को धमकाने आया था। नौकरी के नाम पर पैसा देने वाले छह से सात लोग ट्रेस हुए हैं, लेकिन कानूनी कार्रवाई से बचने के चलते कुछ बोलने से कतरा रहे हैं।

### दिल्ली पुलिस के सिपाही को मिली उम्रकैद की सज़ा

मुजफ्फरनगर, 31 जुलाई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर की एक स्थानीय अदालत ने दिल्ली पुलिस के सिपाही को दोस्त का अपहरण कर हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. अपर जिला शासकीय अधिवक्ता आशीष त्यागी ने रविवार को यह जानकारी दी. आशीष त्यागी ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जय सिंह पुंडीर ने दिल्ली पुलिस के एक सिपाही प्रदीप को उसके दोस्त जयवीर को अगवा कर उसकी हत्या करने के जुर्म में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 80 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है. इस मामले की सुनवाई के दौरान एक आरोपी बिट्टू की मौत हो गई थी. त्यागी के अनुसार, पुलिस ने दिल्ली पुलिस के एक कांस्टेबल (आरक्षी) प्रदीप और उसके सहयोगी बिट्टू के खिलाफ भौराकलां थाना क्षेत्र के भौरा खुर्द निवासी जयवीर सिंह के अपहरण और हत्या के मामले में संबंधित धाराओं में 30 अक्टूबर 2008 को मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया था. पुलिस में दर्ज शिकायत में मृतक जयवीर सिंह के भाई सोहनवीर सिंह ने आरोप लगाया था कि पैसे के विवाद को लेकर बिट्टू की मदद से सिपाही प्रदीप ने उसके भाई जयवीर का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी थी. जयवीर और प्रदीप के बीच पहले दोस्ती थी और उसने प्रदीप को दो लाख रुपये दिए थे. सत्र अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद प्रदीप को दोषी करार दिया.

# ईओयू की बड़ी कार्रवाई

## बिहार भवन दिल्ली में तैनात रेजिडेंट इंजीनियर फिरोज आलम के 5 ठिकानों पर छापा

पटना, 31 जुलाई (एजेंसियां)। भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता फिरोज आलम के ठिकानों पर ईओयू की टीम ने रविवार को छापेमारी की है। फिरोज आलम दिल्ली के बिहार भवन में रेजिडेंट इंजीनियर के पद पर तैनात हैं। ईओयू की टीम दिल्ली और पटना के पांच ठिकानों की तलाशी ले रही है। ईओयू की टीम ने फिरोज आलम के दिल्ली के चार और पटना के एक ठिकानों पर छापेमारी की है। छापेमारी के दौरान कई किलो सोने और चांदी के गहने बरामद होने की सूचना मिली है। फिरोज आलम पर आरोप है कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अवैध कमाई के जरिए अकूत संपत्ति अर्जित की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जांच पड़ताल में पता चला कि फिरोज



आलम की काली कमाई सरकारी आमदनी से कहीं अधिक है। इनकी कुल संपत्ति 91.08% अधिक मिली है। इसके बाद ईओयू ने 28 जुलाई को भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति के मामले में इंजीनियर फिरोज आलम के खिलाफ एफआईआर नम्बर 29/2022 दर्ज किया। कोर्ट से सर्च वारंट मिलने के बाद ईओयू की टीम ने रविवार सुबह छापेमारी की कार्रवाई शुरू की।

**फिरोज आलम के इन ठिकानों पर पड़ा छापा**

**नई दिल्ली में 58, सुखदेव नगर स्थित घर।**
**नई दिल्ली में ही जामिया नगर के नूर नगर एक्सटेंशन स्थित जौहरी फार्म B-22 का घर।**
**नई दिल्ली में बिहार निवास स्थित इंजीनियर का ऑफिस।**
**नई दिल्ली के द्वारिका में बिहार सदन स्थित इंजीनियर का ऑफिस।**
**पटना के समनपुरा ने फिरोज आलम के भाई जहीरुद्दीन का घर।**

### हमीरपुर में दारोगा ने महिला को दी थर्ड डिग्री, घर के अंदर बेरहमी से पीटा फिर तीन दिन अवैध हिरासत में रखा, सस्पेंड

हमीरपुर, 31 जुलाई (एजेंसियां)। एक बार फिर यूपी पुलिस का हैवानियत भरा चेहरे सामने आया है। हमीरपुर में दारोगा ने एक महिला के साथ जो किया उसे सुनकर आपकी भी रूह कांप जाएगी। दरअसल गांव की एक महिला अपने पति के कथित चोरी के आरोपों की वजह से पुलिस की हैवानियत का शिकार हुई। तीन दिन पूर्व पति की तलाश में दबिश देने पहुंची राठ पुलिस ने पति के न मिलने पर उसकी पत्नी को घर के अंदर बेरहमी से पीटा। इतना ही नहीं दरोगा जब हैवान बना हुआ था, तब उसने महिला पुलिस कर्मी को घर के बाहर कर दिया, इसके बाद घर में तोड़फोड़ भी की गई। इसके बाद दारोगा महिला को कोतवाली ले गया जहां पर उसे थर्ड डिग्री टॉर्चर किया गया। दारोगा का इतने से भी मन नहीं भरा तो उसे तीन दिनों तक अवैध हिरासत में रखा। मामले की जानकारी होते ही एसपी ने आरोपी दारोगा को तुरंत सस्पेंड कर दिया। साथ ही सीओ राठा को मामले की जांच सौंपी है। सूत्रों के मानें तो अभी और लोगों पर कार्रवाई हो सकती है। बिलरख गांव की मंजुल पत्नी सीताराम को शनिवार को पुलिस सीएचसी लेकर आई थी।

मंजुल ने कोतवाली पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि बीते तीन दिन पूर्व राठ कोतवाली का दरोगा देवीदीन व कुछ अन्य पुलिसकर्मी उसके पति सीताराम को चोरी के आरोप में पकड़ने आए हुए थे। उसी समय वह सब्जी लेकर अपने घर पहुंची थी। तभी वहां मौजूद दरोगा देवीदीन उसे लाठी मारते हुए घर के अंदर ले गया। महिला पुलिस कर्मी को बाहर कर दिया। उसके बाद उक्त दरोगा ने उसे बेरहमी से मारापीटा और घर में तोड़फोड़ की। बाद में पुलिस कर्मी उसे अपने साथ कोतवाली ले गए, जहां उसे एक कमरे में तीन दिन से बंद करके रखा है। मंजुल का कहना है कि दरोगा द्वारा की गई मारपीट से उसके चोटें आई हैं। चलने-फिरने एवं बैठने के लायक भी नहीं बची है।

# क्या झारखंड में गिर जाएगी हेमंत सोरेन सरकार

## भाजपा वापस सत्ता में आएगी? जानें आंकड़े क्या कहते हैं



नई दिल्ली, 31 जुलाई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के हावड़ा में शनिवार को पुलिस ने झारखंड के तीन कांग्रेस विधायकों को पकड़ा। इनके पास से 48 लाख रुपये बरामद हुए। इसके बाद सियासी गलियारे में तूफान आ गया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि ये भाजपा का ऑपरेशन 'लोटस' का एक हिस्सा था, जिसकी समय से पहले ही पोल खुल गई। झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने यहां तक कह दिया कि भाजपा लंबे अरसे से हेमंत सोरेन सरकार को गिराने का प्रयास कर रही है।

**अब जानिए कि इस मामले में कांग्रेस नेताओं ने क्या-क्या कहा?**

कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश का इस मामले में सबसे पहले ट्वीट सामने आया। इसमें उन्होंने भाजपा को आड़े हाथों लिया। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि झारखंड में भाजपा का 'ऑपरेशन लोटस' आज की रात हावड़ा में बेनकाब हो गया। दिल्ली में 'हम दो' का गेम प्लान झारखंड में वही करने का है जो उन्होंने महाराष्ट्र में एकनाथ-देवेंद्र (ई-डी) की जोड़ी से करवाया। जयराम रमेश के बाद झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की का बयान आया। उन्होंने घटनाक्रम के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि भाजपा लंबे अरसे से हेमंत सोरेन सरकार को गिराने का प्रयास कर रही है।

**भाजपा ने कैसे दिया जवाब?**

कांग्रेस के आरोपों के बीच, झारखंड भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश का बयान आया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ही नहीं, कांग्रेसी विधायक भी लूट में लगे हैं। विधायकों को बताना चाहिए कि उन्हें इतनी रकम कहां से मिली। वे जनता की मेहनत की कमाई का गलत उपयोग कर रहे हैं। पार्टी के राज्य महासचिव आदित्य साहू ने भी कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब से कांग्रेस सत्ता में आई है, भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। इससे पहले भी झारखंड में अधिकारियों के घरों में बड़ी मात्रा में नकदी पकड़ी गई थी। वे जनता की गाढ़ी कमाई का इस्तेमाल दूसरे कामों में करते हैं। पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया और यह सामने आ गया है।

**तो क्या सच में गिर सकती है हेमंत सोरेन की सरकार?**

ये समझने के लिए हमने वरिष्ठ पत्रकार अशोक श्रीवास्तव से बात की। उन्होंने आंकड़ों के साथ झारखंड की राजनीति बताई। बोले, 'झारखंड में विधानसभा की 81 सीट है और बहुमत का आंकड़ा 41 है। 2019 में यहां विधानसभा चुनाव हुए थे, तब हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा को सबसे ज्यादा 30, भाजपा को 25 और कांग्रेस को 18 सीटें मिलीं थीं।' अशोक आगे बताते हैं, '2019 में हेमंत सोरेन ने कांग्रेस, आरजेडी, एनसीपी और सीपीआई की मदद से सरकार बना ली। गठबंधन विधायकों की संख्या मिलाकर 51 हो जाती है। भाजपा दूसरे नंबर की पार्टी थी, इसलिए आज भी विपक्ष में बैठी है। भाजपा के पास ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन और दो निर्दलीय विधायकों का समर्थन है। ऐसे में इनकी संख्या 30 है। अगर मान लिया जाए कि वाकई में भाजपा सरकार बनाने की कोशिश कर रही है तो उसे बहुमत का आंकड़ा छूने के लिए 11 और विधायकों की जरूरत पड़ेगी। यही नहीं कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के गठबंधन से भी आगे निकलना पड़ेगा। यह दो स्थिति में संभव है।'

**झामुमो और कांग्रेस का गठबंधन टूट जाए**

ऐसा संभव है। अगर झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस का गठबंधन टूट जाए तो झामुमो को समर्थन देकर भाजपा सत्ता में आ सकती है। ऐसी स्थिति में भाजपा गठबंधन के 30 और झामुमो के 30 विधायकों को मिला देंगे तो ये आंकड़ा 60 का हो जाएगा। हालांकि, ये फैसला झामुमो नेतृत्व पर ही निर्भर करता है। अगर झामुमो नेतृत्व चाहेगा तभी ऐसा संभव होगा।

**सत्ता पक्ष के विधायकों को तोड़कर खुद के साथ लाना**

अभी कांग्रेस के 18 विधायक हैं। इसके अलावा एक आरजेडी, एक एनसीपी के विधायकों का भी सरकार को समर्थन है। भाजपा को सरकार बनाने के लिए इनके विधायकों को तोड़ना होगा। कांग्रेस से अगर 12 विधायक टूटते हैं तो भाजपा आराम से सरकार बना सकती है। चूंकि दो तिहाई विधायक एकसाथ टूटेंगे, ऐसे में इन विधायकों पर दल-बदल का कानून भी लागू नहीं होगा। वहीं, एनसीपी विधायक ने राष्ट्रपति चुनाव में क्रॉस वोटिंग करके भाजपा से नजदीकियां बता दी हैं। कांग्रेस का आरोप भी यही है कि भाजपा उनके विधायकों को तोड़ने की कोशिश कर रही है।

# दिग्गी की वायरल फोटो विवाद में ज्योतिरादित्य सिंधिया की एंट्री, महाराज ने राजा को दी यह सलाह



भोपाल, 31 जुलाई (एजेंसियां)। राजधानी भोपाल में जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में शुक्रवार को हुए हंगामे का दिग्विजय सिंह के एक पुलिस कर्मी का कॉलर पकड़ने के फोटो को लेकर बीजेपी हमलावर है। अब इस मामले में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की एंट्री हो गई है। महाराज ने दिग्गी की पुलिस कर्मी के साथ वाली फोटो शेयर कर सलाह दी है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ट्वीट कर लिखा कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस की हार का रोष एक बेकसूर पुलिसकर्मी पर क्यों उतार रहे हैं, राजा साहिब दिग्विजय सिंह जी। इतना गुस्सा आपको शोभा नहीं देता। इस पर लोगों ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। कुछ लोगों ने दिग्विजय सिंह पर कार्रवाई की मांग की है। तो कुछ ने महाराज पर सवाल उठाते हुए घटना का पूरा वीडियों शेयर करने की मांग कर डाली।

देवाशीष नाम के व्यक्ति ने घटना का वीडियों शेयर कर लिखा कि प्रोपगंडा इसे ही कहते है एक पूर्व मुख्यमंत्री, एक 75 वर्षीय बुजुर्ग को आपकी पुलिस धक्के मार रही है और दर्शाया उलटा जा रहा है। आपका ट्वीट आपकी बौखलाहट है जनता ने आपको ग्वालियर से धक्का जो मार दिया है। एक अन्य योगेंद्र सिंह ने सिंधिया का एक पुराना वीडियों शेयर किया। जिसमें सिंधिया पुलिस कर्मियों को धक्का मारते दिख रहे है। साथ में लिखा कि दिग्विजय सिंह ने किसी भी पुलिस अधिकारी का कॉलर नहीं पकड़ा, आपने झूठी बनाई हुई फोटो पोस्ट की है, लेकिन आप यह बताइए कि यह पुलिस पर हाथ उठाकर झड़प किस खुशी में कर रहे है। और किस बात का रोष इन बेकसूर पुलिसकर्मियों पर निकाल रहे है। दिग्विजय सिंह के फोटो को लेकर कांग्रेसियों का कहना है कि घटना के वक्त दिग्विजय सिंह और कांग्रेस नेता मंत्री भूपेंद्र सिंह की कार को मतदान केंद्र में अंदर जाने से रोक रहे थे। गाड़ी रोक दी गई,

लेकिन उसमें बैठे विधायक रामेश्वर शर्मा एक सदस्य के साथ मतदान केंद्र में घुस गए। इस पर दिग्विजय सिंह और कांग्रेसी नेताओं ने विरोध जताया। इसको लेकर पुलिस और कांग्रेसी नेताओं के बीच धक्का मुक्की हुई। इस घटना का कांग्रेस ने बीजेपी को झूठा बताकर वीडियों भी शेयर किया है। कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने कहा कि बीजेपी ने सबसे पहले कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों का अपहरण किया। फिर उनको खरीद लिया। इसके बाद मुख्यमंत्री निवास पर उनको रखा गया। इससे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का राजनीति चरित्र भी सवालों के घेरे में है। जब ऐसा कही करना है तो चुनाव को करना चाहिए।

सीधे कलेक्टर को निर्देश देकर प्रमाण पत्र बीजेपी के लोगों को बांट देना चाहिए। इससे सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग और पैसा भी बचेगा। गुंडागर्दी कौन कर रहा था यह तो सभी वीडियों में दिख रहा है। भाजपा प्रवक्ता रजनीश अग्रवाल ने कहा कि दिग्विजय सिंह ने गुड़ागर्दी की है वह वीडियों और फोटो उपलब्ध है। कल तक दिग्विजय सिंह कह रहे थे कि हमने बचाव में किया। इसलिए कांग्रेस के लोग गुमराह करने का प्रयास कर रहे है।

## कठुआ में बारिश का कहर, मकान ढहने से दो बच्चों की मौत, तरनाह में तीन बहे



जम्मू/कठुआ, 31 जुलाई (एजेंसियां)। जम्मू संभाग के जिला कठुआ में बारिश ने कहर बरपाया है। रविवार को भारी बारिश के चलते तहसील बिलावर में एक मकान ढह गया। इसमें दो बच्चों की मौत हो गई। वहीं, तरनाह दरिया में तीन लोगों के बहने की खबर है। यहां से 20 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है। तीनों की तलाश के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उधर, उज्ज दरिया खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। जिला प्रशासन ने लोगों को नदी-नालों के करीब नहीं जाने की सलाह दी है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बच्चों की मौत पर दुख व्यक्त किया और जिला प्रशासन को प्रभावित परिवार को आवश्यक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिए हैं। एलजी मनोज सिन्हा ने कहा, 'बिलावर में मकान ढहने से लोगों की मौत बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है। इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदना है।'

# धरती पर गिरा चीन के रॉकेट का मलबा

## आसमान में तेज रोशनी दिखी, सोशल मीडिया पर लोग बोले- ये उल्कापिंड की बारिश जैसा है

वॉशिंगटन, 31 जुलाई (एजेंसियां)। चीन का लॉन्ग मार्च 5 बी रॉकेट पृथ्वी से टकरा गया। रॉकेट पृथ्वी के एटमॉस्फियर में एंटर करते ही जल गया। लेकिन 30-31 जुलाई की दरमियानी रात रॉकेट के कुछ टुकड़े धरती पर गिरे। 25 टन का ये रॉकेट 24 जुलाई को चीन के अधूरे तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन को पूरा करने के लिए एक मॉड्यूल लेकर निकला था। इसके लॉन्च होने के बाद से वैज्ञानिकों को चिंता थी कि ये रॉकेट अंतरिक्ष से धरती पर गिर सकता है। यूएस डिफेंस डिपार्टमेंट ऑफिशियल्स ने कहा- पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) लॉन्ग मार्च 5बी (सीजेड-5बी) पृथ्वी के एटमॉस्फियर में रि-एंटर हुआ। इसका मलबा इंडियन ओशन के पास गिरा। सोशल मीडिया पर इसकी चर्चा थी। जैसे ही रॉकेट का मलबा गिरते हुए दिखा, लोगों ने इसके वीडियो बनाए और शेयर किए। यूजर्स ने इसे बिलकुल मीटियोर शावर (उल्कापिंड की बारिश) जैसा बताया। लोगों ने कहा कि आसमान में तेज रोशनी दिखाई दी। आकाश पूरी तरह से रेड, ब्लू और येलो लाइट्स से भर गया था। एक यूजर ने लिखा- ऐसा लग रहा था कि ब्लैक कैनवस को किसी ने रंगों से भर दिया हो। वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा- ये तो ये तो मीटियोर शावर है। चीन की स्पेस एजेंसी ने बताया कि लॉन्ग मार्च 5 रॉकेट के ज्यादातर हिस्से एटमॉस्फियर (वायुमंडल) में ही जल गए। चीनी सरकार ने कहा था कि रॉकेट के धरती पर लौटने से किसी को कोई भी खतरा नहीं होगा क्योंकि इसके समुद्र में गिरने की संभावना ज्यादा है। द एयरोस्पेस कॉरपोरेशन के मुताबिक, जो मलबा पृथ्वी के एटमॉस्फियर में नहीं जलता वो आबादी वाले इलाकों में गिर सकता है। लेकिन, इस मलबे से किसी को नुकसान पहुंचाने की संभावना बहुत ही कम होती है।

## जिगोलो सर्विस की आड़ में बड़ा कारनामा

**पुलिस ने किया चौंकाने वाला खुलासा**

नई दिल्ली, 31 जुलाई (एजेंसियां)। दिल्ली में जिगोलो सर्विस के बहाने ठगी करने वाले एक गैंग का पर्दाफाश हुआ है. इस सिलसिले में पुलिस ने 4 लड़की समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है..हाल ही में इस गैंग ने एक युवक से 58,158 रुपए ऐंठ लिए थे. आरोपियों के पास से नौ मोबाइल फोन, सिमकार्ड, नौ डेबिट कार्ड और एक कार बरामद हुई है. आरोपियों की पहचान उत्तम नगर निवासी अमित गांधी, जय कोचर, माही गांधी, हरमन कौर, लिशा और रंजना हैं. इनमें अमित और माही पति पत्नी हैं.

**गूगल से चल रहा था रैकेट**

दिल्ली के नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के डीसीपी सागर सिंह कलसी ने बताया कि डीडीए फ्लैट्स तीस हजारी क्षेत्र में रहने वाले एक पीड़ित ने एमएचए साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दी गई थी. जिसके बाद यह मामला 25 जुलाई को साइबर सेल थाने में दर्ज किया गया. पीड़ित ने बताया उसे एक नंबर गूगल पर मिला, जिसे देख उसने जॉब के मद्देनजर उस फोन नंबर पर बात की. दूसरी तरफ से बात करने वाले ने उसे 2500 रजिस्ट्रेशन फीस के तौर पर और 58,158 रुपए विभिन्न चार्ज के बहाने ले लिए थे.

**दिल्ली और पंजाब से हैंडल हो रहा था रैकेट**

पुलिस ने जांच के दौरान संदिग्ध नंबरों की कॉल डिटेल निलकवाई. जिन अकाउंट में रकम भेजी गई वहां से जानकारी जुटाई गई. टैक्नीकल सर्विलांस की मदद से पता चला आरोपी इस धंधे को वेस्ट दिल्ली और पटियाला पंजाब से ऑपरेट कर रहे हैं. लिहाजा, पुलिस ने सबसे पहले 26 जुलाई को अमित गांधी को इस केस में पकड़ा. उसके पास से एक्सयूवी कार बरामद की गई. उसी दिन दूसरे आरोपी जय कोचर को पकड़ा गया. दोनों से पूछताछ में माही, हरमन, रंजना और लिशा के नाम सामने आए, जो पटियाला पंजाब और उतम नगर से कॉलिंग करती थीं. वही लोगों को जॉब की बाबत रुपए देने के लिए बोलती थीं.

**बना रखी थी फर्जी वेबसाइट**

आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया इन्होंने दो फर्जी वेबसाइट बना रखी थी. उन पर फर्जी मोबाइल नंबर डाल रखे थे. जब कोई दिए गए नंबर पर कॉल करता तो दूसरी तरफ से युवतियां उन्हें रजिस्ट्रेशन फीस के 25 सौ रुपए और होटल चार्ज, मेडिकल चार्ज व अन्य बहाने से मोटी रकम की डिमांड करती थीं. यह पेमेंट करने के बाद भी जब पीड़ित को कोई जॉब नहीं मिलती तो वह अपने रुपए वापस मांगने लगता. इस स्थिति में आरोपी उसके मोबाइल नंबर को ब्लॉक कर देते थे.

# ड्रैगन की नई खुराफात

## तिब्बतियों को जबरन भारतीय सीमा के पास बसाने की तैयारी, हॉन्गकॉन्ग की मीडिया रिपोर्ट में खुलासा




**जुलाई 2021 में तिब्बत गए थे जिनपिंग**

जिनपिंग ने जुलाई 2021 में तिब्बत के अरुणाचल से लगने वाले बॉर्डर टाउन निंगची का दौरा किया था। स्थानीय लोगों से भी मुलाकात की थी। जिनपिंग के पहले चीन का कोई राष्ट्रपति भारत के बॉर्डर से लगने वाले इलाकों के दौरे पर नहीं गया था। राष्ट्रपति जिनपिंग ने तिब्बत में तैनात बॉर्डर गार्ड बटालियन के काम की तारीफ की है। उन्होंने इसे मॉडल बटालियन बताया है। इस यूनिट ने पांच साल में अपनी जिम्मेदारियों को जिस ढंग से निभाया है वो पार्टी और लोगों को उत्साह बढ़ाते हैं।

बीजिंग, 31 जुलाई (एजेंसियां)। पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद सुलझाने के लिए भारत से बातचीत कर रहा चीन खुराफात से बाज नहीं आ रहा है। अब चीन सरकार तिब्बतियों को जबरन भारतीय सीमा के पास बसाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए एक लाख तिब्बतियों को 2030 तक दूसरी जगह बसाने की घोषणा की गई है। ड्रैगन का इरादा तिब्बतियों की परंपरा खत्म करना और भारत से लगे सीमावर्ती इलाकों पर नियंत्रण बढ़ाना है। यह खुलासा हॉन्गकॉन्ग की एक मीडिया रिपोर्ट में चीन के सरकारी दस्तावेजों के हवाले से किया गया है।

**बार्डर विलेज बसाने की तैयारी में चीन**

तिब्बतियों को सीमा के करीब बसाकर भारत उन इलाकों में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहता है, जिन्हें भारत, भूटान या नेपाल अपना मानते हैं। चीन हिमालय के विवादित क्षेत्रों में 624 बार्डर विलेज बसाने की तैयारी में है।

**पर्यावरण संरक्षण का दावा**

चीन इसके पीछे पर्यावरण संरक्षण का दावा कर है, लेकिन ऐसा कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं कि लोगों को विस्थापित करने से पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। वहीं, एक अनुमान के मुताबिक, इस जबरन पुनर्वास के चलते 20 लाख से ज्यादा तिब्बती आजीविका खो देंगे। इसके बाद उन्हें विस्थापित जीवन जीना पड़ेगा। पुनर्वास योजना के तहत 2018 से 2025 के बीच टीएआर में शिगात्से, नागचू और नगारी (अली) के स्वायत्त प्रान्तों से 1 लाख 30 हजार लोग विस्थापित होंगे। इसमें से 1 लाख को यारलुंग त्सांगपो नदी के किनारे बसाया जाएगा।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | कर्क | में | कर्क... | 04-50 बजे |
| चंद्र- | सिंह | में | सिंह... | 07-02 बजे |
| मंगल | मेष | में | कन्या | 09-10 बजे |
| बुध- | मिथुन | में | तुला - | 11-14 बजे |
| गुरु- | मीन | में | वृश्चिक | 13-13 बजे |
| शुक्र- | मिथुन | में | धनु--- | 15-38 बजे |
| शनि- | मकर | में | मकर- | 17-41 बजे |
| राहु- | मेष | में | कुंभ - | 19-30 बजे |
| केतु- | तुला | में | मीन... | 21-14 बजे |
| | | | मेष-- | 22-49 बजे |
| | | | वृष-- | 00-34 बजे |
| | | | मिथुन.. | 02-49 बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2548,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतु-वर्षा,दिशाशूल- पूर्व -कांच मे मुंह देखकर घर से निकले
तिथि- चतुर्थी **- 05-13 -** राततक उपरान्त, पंचमी
मास - श्रावण शुक्ल पक्ष , सोमवार, **01 August**
नक्षत्र -पूर्वाफाल्गुनी **- 16 -06 -** तक,उपरान्त, उ.फाल्गुनी
योग - परिघ **- 19 - 03 -** तक उप- शिव
करण- वणिज **-16 -49 -** तक,उप- विष्टि
विशेष:- विनायक दूर्वा चतुर्थी व्रत
व्रत -त्योहार -बाणगंगा तिलक पु.

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए ।

**राहुकाल**
**07:33** से
**09:09** तक

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र बेगम बाजार हैद्रा.**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत. | 05:59 - 07:33 | शुभ | चंचल. | 18:48 - 20:12 | शुभ |
| काल. | 07:33 - 09:09 | अशुभ | रोग | 20:12 - 21:35 | अशुभ |
| शुभ. | 09:09 - 10:46 | शुभ | काल. | 21:35 - 22:59 | अशुभ |
| रोग. | 10:46 - 12:22 | अशुभ | लाभ. | 22:59 - 00:23 | शुभ |
| उत्पात | 12:22 - 13:59 | अशुभ | उत्पात | 00:23 - 01:46 | अशुभ |
| चंचल | 13:59 - 15:35 | शुभ | शुभ. | 01:46 - 03:10 | शुभ |
| लाभ | 15:35 - 17:12 | शुभ | अमृत | 03:10 - 04:33 | शुभ |
| अमृत | 17:12 - 18:45 | शुभ | चंचल. | 04:33 - 05:57 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
एकरसता आपको अच्छी न लगती ।इससे आप बोर अनुभव करते हैं ।आज आप काफीं खुश और फ्लर्ट वाले मूड में होंगे ।अपनी दिनचर्या बदलें ।इसमें फिटनेस को जगह दें । किसी मनोरंजक गतिविधि में शामिल हो सकते हैं ।आपके नए विचार से वरिष्ठ अधिकारी प्रभावित होंगें ।ऑफिस में नयी पहचान बनेगी ।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
आपके अनिर्णय की स्थिति से बिना बात की परेशानी पैदा हो सकती है । परिवार से जुड़े और रियल एस्टेट से जुड़े हुए मुद्दों को आपको अब गंभीरता से लेने की जरुरत है ।आपको इनसे सम्बंधित कोई पत्र प्राप्त होगा ।पुरानी अधूरी -अनसुलझी बातें अब आपको परेशान करेंगी और आप इन्हें सुलझाए बिना आगे नहीं बढ़ सकते ।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
आज आपकी किस्मत आपके साथ है । आप अपने समस्या को सुलझा लेने की कुशलता से सबको अचरज में डाल देंगे । सहकर्मी आपसे प्रभावित होंगें । आपका आत्मविश्वास देकने लायक होगा और आपको एक नया काम मिलेगा । खुश रहें और अपनों के साथ ख़ुशी बाँटें । आज कोई दोस्त मिल सकता है ।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
आप सच्चे और ईमानदार लोगों से मिलना पसंद करते हैं ।लेकिन आज आपकी मुलाक़ात उनसे होगी जो मुखौटे लगाये रखते हैं ।उन्हें पहचानने की कोशिश करें । आपसे जल्दी फैसले लेना समय की मांग रहेगी । किसी भी फैसले को अंतिम रूप देने से पहले अच्छी तरह सोच लें और फैसले लेने तक कोई भी अन्य काम न करें ।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
आज का दिन आपके लिए बहुत व्यस्त रहेगा ,या तो आपके पास मेहमान आयेंगे या आप किसी यात्रा पर जा सकते हैं । इसी समय आप अपने घर का नवीकरण ,नया घर खरीदने या दूसरी जगह शिफ्ट होने के बारे में भी सोच सकते हैं । हालाँकि आप पूरा दिन बहुत व्यस्त रहेंगे,फिर भी आप दिन का हरेक पल आनंद लेंगे ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आप फिलहाल अपने जीवन की केन्द्रीय समस्या को सुलझाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं ।ऐसा भी संभव है कि आप इसे सुलझाने के लिए अपनी सामजिक और वित्तीय जिम्मेदारियों से भी छुट्टी ले लें । हालाँकि आपको यह भी समझना है कि आपके जल्दी मचने से इस समस्या का स्थायी समाधान नही निकलेगा ।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
आप अपने विस्तृत होते हुए परिवेश के बारे में बहुत अच्छा अनुभव करेंगे लेकिन आपके परिजन इसी को लेकर निराश होंगे ।जो आप करना चाहते हैं उसके लिए स्वयम को समर्पित कर दें ।पर्दे के पीछे काम न करें,आप जो भी कर रहे हैं उसके बारे में जानने दें ।अपनी जीवन में आये किसी नए दोस्त से आपको काफी लगाव का अनुभव होगा ।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू)
आपकी प्रवृतियाँ आज काफी सक्रिय रहेंगी और आपको उनकी सुनकर ही आज आगे बढ़ाना चाहिए। यहां तक की अगर आपके आसपास हर किसी की राय अलग हैं तो भी आप उनकी ना सुनकर अपने ही मन की सुनें ।आपके लिए शायद अभी यह कर पाना काफी मुश्किल होगा लेकिन आपको इसका लाभ मिलेगा ।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
आप पिछले कुछ दिनों से काफी व्यस्त दिनचर्या बिता रहे हैं ।अब सारी चीजों को व्यवस्थित करने का समय है । आज आपको तुलनात्मक रूप से थोड़ी राहत मिलेगी,लेकिन आपको इस समय का उपयोग अपनी सब चीजों को व्यवस्थित करने में लगाना चाहिए । नही तो सब कुछ और अधिक उलझता जाएगा।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
आज का दिन आपकी वित्तीय स्थिति एवं करियर में तरक्की का दिन है ,लेकिन इन सबके लालच में अपने परिवार की उपेक्षा ना करें ।दरअसल आज आप अपने भीतर आध्यात्मिकता का भी अनुभव करेंगे ।इन दोनों शक्तियों के बीच उलझा हुआ अनुभव भी करेंगे लेकिन अंतत दोनों में संतुलन बना पाने में कामयाब होंगे।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
आज आपको अपनी मेहनत का फल मिलेगा ।पहचान और इज्जत भी मिलेगी ।वित्तीय स्थिति बेहतर होगी,ऑफिस में तारीफ़ मिलेगी । वेतन में बढ़ोतरी भी संभव है । सेल्स क्षेत्र वाले लोग भी लक्ष्य हासिल क्र पायेंगे । आज अपने परिधान में नीला रंग शामिल करें । इससे सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी ।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
आज आप बहुत सृजनात्मक अनुभव करेंगे । खुबसूरती की प्रशंसा के साथ साथ खुद भी कुछ खूबसरत चीज बनाना चाहेंगे ।दिन कलाकारों के लिए विशेष अच्छा है ।हालाँकि आज शुरू किये हुए कार्यों को आज ही पूरा कर लें ।क्योंकि अचानक आप विकर्षित सा अनुभव करने लगेंगे यह भावना काफी सामान्य है।

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693**

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से शादी की इजाजत

## तमिलनाडु की लड़की अमेरिकी शख्स संग बसाएगी घर



चेन्नई, 31 जुलाई (एजेंसियां)। मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच ने तमिलनाडु की एक लड़की को वर्चुअल मोड में शादी की इजाजत दे दी है, जो एक अमेरिकी नागरिक संग सात फेरे लेना चाहती है। कन्याकुमारी जिले की वासमी सुदर्शनी ने मदुरै पीठ में याचिका दायर की थी। इसमें उसने राहुल एल मधु के एक एनआरआई से शादी करने का प्रस्ताव रखा था, जो फिलहाल अमेरिका में रहता है और उसके पास अमेरिकी नागरिकता है। सुदर्शनी ने अपनी याचिका में कहा, 'हमारे पेरेंट्स ने इसकी इजाजत दे दी है। हम दोनों हिंदू धर्म को मानते हैं। स्पेशल मैरेज एक्ट के तहत हम शादी करने की योग्यता रखते हैं। इस एक्ट के तहत हमने वर्चुअल मोड में शादी करने के लिए अप्लाई किया है।' याचिका में कहा गया है कि 'हम दोनों व्यक्तिगत रूप से मैरेज रजिस्ट्रार के सामने पेश हुए थे, लेकिन हमें अपनी शादी के आवेदन पर निर्णय लेने के लिए 30 दिनों के इंतजार की शर्त रख दी गई। 30 दिनों के बाद भी रजिस्ट्रार ने हमारे विवाह आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं की।' इसमें कहा गया कि 'मेरे होने वाले पति राहुल के पास यहां रुकने का और अधिक समय नहीं बचा था। साथ ही उनके पास अपनी छुट्टी बढ़ाने का भी कोई रास्ता नहीं था। ऐसे में वे अमेरिका गए, लेकिन उन्होंने हलफनामा दिया है कि वह उनकी ओर से विवाह पंजीकरण के लिए किसी भी कार्रवाई का पूरा अधिकार देते हैं।'

**तीन गवाहों की मौजूदगी में शादी कराने का निर्देश**

इस स्थिति में सुदर्शनी ने अपनी याचिका में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शादी की इजाजत मांगी। साथ ही इसे स्पेशल मैरेज एक्ट के तहत मान्यता देने की मांग की है। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस जीआर स्वामीनाथन ने सब-रजिस्ट्रार को तीन गवाहों की मौजूदगी में शादी कराने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता के पास राहुल की ओर से पावर ऑफ अटॉर्नी है, ऐसे में शादी के बाद वह अपने और राहुल की ओर से मैरेज सर्टिफिकेट पर अपना हस्ताक्षर कर सकती है।

स्वतंत्र वार्ता

मंगलवार, 2 अगस्त, 2022

## लापरवाही की हद

मैं आपकी क्या सेवा कर सकता हूं, यह ब्रम्ह वाक्य है देश के लगभग राज्यों की पुलिस का। पुलिस से हर आदमी उम्मीद करता है कि वह मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए वह हर संभव प्रयास करेगी। लेकिन अफसोसजनक है कि कभी-कभी पुलिस अपनी ड्यूटी की जिम्मेदारियों को ठीक से निभाने की बजाय लापरवाही की सारी हदें पार कर देती है। कहीं-कहीं तो यह भी देखने को मिलता है कि पुलिस की संवेदनाएं भी शून्य हो चुकी हैं। जैसा कि हाल ही में बिहार के बेगूसराय जिले के निपनिया गांव में देखने को तब मिला जब एक अज्ञात शव को रस्सी से बांध कर घसीटते हुए पुलिस ले जा रही थी। गांव वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अपनी पहली जिम्मेदारी भी नहीं निभा पाई। नियमानुसार शव को उचित कार्रवाई के लिए सबसे पहले पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाना था, लेकिन पुलिस ने सफाईकर्मियों के जरिए शव के पैर में रस्सी बांध कर घसीटते हुए पहले ट्रैक्टर तक, फिर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस तक भी उसी तरह ले जाया गया। देखा जाए तो किसी अनजान व्यक्ति के शव की इस तरह की दुर्दशा देख कर आम इंसान भी करुणा से भर जाता है। यहां तक कि पराए कहे जाने वाले लोग भी किसी शव को देख कर अपना सिर श्रद्धा से झुका देते हैं। लेकिन ऐसी जगह पर पुलिस का जो संवेदनहीन रवैया दिखाई दिया, उसने आज के प्रशासन व्यवस्था पर कई सवाल खडे कर दिए हैं। शव मिलने की सूचना के बाद वहां पहुंची पुलिस और उसके अधिकारी को क्या अपनी ड्यूटी और उसके तहत तय जिम्मेदारियों का एहसास नहीं था? क्या पुलिस में भर्ती होने के बाद उन्हें मिले प्रशिक्षण के तहत इस तरह के बर्ताव से बचने और उचित प्रक्रिया का पालन न करने की कोई ट्रेनिंग दी गई थी? इसके अलावा, क्या वर्दी में होने की वजह से उनकी संवेदनाएं इतनी मर गई थी कि उन्हें एक शव के साथ सम्मान से नहीं पेश आना चाहिए था? किसी अपराधी की भी मौत हो जाए तो उसके शव के साथ इस तरह का बर्ताव आमतौर पर नहीं किया जाता, लेकिन इस घटना में तो पोस्टमार्टम होने तक शव की शिनाख्त भी नहीं हो सकी थी। फिर सिर्फ शव की स्थिति की वजह से उसे रस्सी बांध कर घसीट कर ले जाने का भी बचाव नहीं किया जा सकता, क्योंकि ऐसी स्थितियों में भी शवों के निपटान के लिए आज तमाम उपाय मौजूद हैं। पुलिस की इस करतूत का वीडियो जब वायरल हो गया तो जिसने भी देखा उसमें ही आक्रोश फैल गया। पुलिस की किरकिरी देख वहां मौजूद पुलिसकर्मियों में से उपनिरीक्षक को निलंबित कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली गई। ऐसे संवेदनहीन पुलिस वालों को तो बर्खास्त कर देना चाहिए। देखा जाए तो ऐसे लोग इस तरह की जिम्मेदारी की जगह लेने के काबिल ही नहीं हैं। पुलिस की इन्हीं करतूतों की वजह से आम लोगों में विभाग की छवि अच्छी नहीं बन पाई है। यह मुर्दों के साथ पुलिस का यह क्रूर व्यवहार है तो आम इंसानों के साथ यह कैसा बर्ताव करते होंगे, समझा जा सकता है। सुरक्षा में तत्पर रहने के कई तरह के नारों से लैस पुलिस की पहली जिम्मेदारी यह थी कि वह अपने व्यवहार से सबका विश्वास जीते और जरूरी कानूनी कार्रवाई के वक्त लोगों का सहज सहयोग हासिल करे। लेकिन इनकी कार्यशैली की हकीकत क्या है यह आए दिन उजागर होता ही रहता है। ऐसी तमाम खबरें आए दिन प्रकाश में आती रहती हैं कि किसी की मौत के बाद शव को घर ले जाने के लिए अस्पताल की ओर से एंबुलेंस या अन्य वाहन मुहैया नहीं कराया गया तो परिजन शव को ठेला व सायकिल पर ले जाने को मजबूर हो गए। कभी-कभी तो लोग अपने लोगों का शव कंधे पर ही लाद कर ले जाते हुए देखे गए हैं। इस तरह के मौकों पर भी सवाल उठने का सिरा यही होता है कि किसी की मौत के बाद उसके शव के साथ व्यक्ति, समाज और सरकार को सम्मान के साथ पेश आना चाहिए। यही मानवीयता का भी तकाजा है।

## कब तक मौत की उड़ान भरेगा मिग 21



मनोज कुमार अग्रवाल

एक बार फिर राजस्थान के बाड़मेर जिले में गुरुवार की रात वायुसेना का विमान मिग-21 क्रैश हो गया है। वायुसेना के दो नौजवान पायलट इस क्रैश में बेमौत मारे गए। न तो यह दुर्घटना पहला हादसा है और न ही इस दुर्घटना को आखिरी करार दिया जा सकता है क्योंकि एक के बाद एक मिग क्रैश होने के बावजूद सरकार इस मौत के जहाज को वायु सेना से रिटायर करने को तैयार नहीं है। हर बार मिग दुर्घटना ने सोवियत मूल के मिग-21 विमानों की हालत पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जैसा कि पता होगा कि भारतीय वायुसेना के बेड़े में ये विमान 1960 के दशक की शुरुआत में शामिल हुए थे और 62 साल में अब तक इन विमान से करीब 200 दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इन में बहुत कम ऐसे हादसे हैं जिनमे सैन्य पायलट समय रहते पैराशूट के सहारे कूद कर जान बचा सके ज्यादातर हादसों में दोनों पायलटों की जान गई। कुल दो सौ से अधिक जवानों की कुर्बानी बिना किसी दुश्मन देश के साथ लड़ाई के नियमित अभ्यास या प्रशिक्षण के दौरान हो चुकी है। यह आंकड़ा बहुत भयावह है लेकिन पता नहीं क्यों सरकारें सिर्फ बयानबाजी कर कर्तव्य निर्वहन करती रही हैं कोई सटीक फैसला नहीं लिया गया है और हादसों का अनवरत सिलसिला जारी है।

जानकारी के अनुसार फाइटर विमान मिग-21 लंबे समय तक भारतीय वायुसेना का मुख्य आधार हुआ करता था।हालांकि, विमान का सुरक्षा रिकॉर्ड बहुत खराब है। विमान दुर्घटनाओं में कई की जान भी गई है। इसी साल मार्च में रक्षा राज्य मंत्री अजय भट ने राज्यसभा में बताया था कि पिछले पांच वर्षों में तीन सेवाओं के विमान और हेलिकॉप्टरों की दुर्घटनाओं में 42 रक्षा कर्मियों की मौत हुई है। पिछले पांच सालों में कुल 45 हवाई दुर्घटनाएं हुईं, इनमें से 29 में भारतीय वायुसेना के प्लेटफॉर्म शामिल थे। ज्ञात हो कि कई दशकों तक फाइटर जेट मिग-21 विमान भारतीय वायुसेना की ताकत माने जाते थे। लेकिन अब ये विमान न तो जंग के लिए और न ही उड़ान के लिए फिट रह गए हैं। यद्यपि बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद मिग-21 बाइसन विमान ने ही पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों के छक्के छुड़ा दिए थे। वायुसेना 1960 से मिग-21 विमानों का इस्तेमाल कर रही है।

1971 के युद्ध में भारतीय वायु सेना में तीन साल पहले ही शामिल हुए पहले सुपरसोनिक लड़ाकू विमान मिग-21 ने पूर्वी और पश्चिमी मोर्चों पर जमकर कहर बरपाया था। मिग 21 की ताकत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसने बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी वायु सेना के 13 लड़ाकू विमानों को मार गिराया था, जबकि उसे सिर्फ एक को खोना पड़ा था।इतना ही नहीं बालाकोट एयरस्ट्राइक के दौरान पाकिस्तान के आधुनिक F-16 लड़ाकू विमान को भी मिग-21 ने खदेड़ दिया था। उसको विंग कमांडर अभिनंदन ही उड़ा रहे थे। राजस्थान के बाड़मेर के पास गुरुवार रात ट्रेनिंग उड़ान के दौरान मिग-21 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

हादसे में भारतीय वायु सेना के दो पायलटों की मौत हो गई। वायुसेना ने कहा कि दो सीटों वाला मिग- 21 ट्रेनर विमान उतरलाई हवाई अड्डे से उड़ान भर रहा था।दुर्घटना रात करीब 9 बजे हुई। यह विमान मिग-21 था। यह विमान भीमड़ा इलाके में जिस जगह क्रैश हुआ, वहां आधे किमी के एरिया में मलबा बिखरा पड़ा मिला है।

# चिकित्सा में नई तकनीक का कमाल



निरंकार सिंह

नई-नई तकनीकों के आविष्कार से चिकित्सा जगत में ऐसी क्रांति हुई है जिसने जटिल रोगों के उपचार और मानव स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए नये द्वार खोल दिये हैं। इससे आधुनिक चिकित्सा पद्धति को बहुत मदद मिली है।

स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी तकनीक को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के समाधान और लोगों की जिन्दगी बेहतर बनाने के उद्देश्य से उपकरणों, दवाइयों, प्रक्रियाओं के तौर पर विकसित किये गये सुव्यवस्थित ज्ञान और कौशल का यह सही इस्तेमाल है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल आपरेशन थियेटरों में होता है और इस तकनीक से सर्जरी करने वाले डाक्टरों को जीवन-रक्षक क्षेत्रों के बारे में बेहतर अनुमान हासिल करने में मदद मिलती है।

आभासी तकनीक का इस्तेमाल मानसिक रोगों के इलाज के लिए कृत्रिम माहौल बनाने में किया जा सकता है। दूसरी तरफ मिश्रित वास्तविकता तकनीक चिकित्सा शिक्षा से जुड़े टूल के लिए बेहतरीन तकनीक उपलब्ध करानी है।

गंभीर बीमारियों से जुड़ी चिकित्सा प्रणाली में काफी प्रगति देखने को मिल रही है और नई तकनीकों की वजह से इसमें लगातार बदलाव हो रहे हैं। इसमें मरीजों के लक्षणों के आधार पर बीमारियों का पता लगाने के लिए एल्गोरिथ के साथ आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का इस्तेमाल होता है। इससे अलग-अलग तरह के इलाज के लिए बेहतर सलाह भी मिल जाती है। महामारी की वजह से वायरलेस सहायता सिस्टम पर हमारी निर्भरता बढ़ गई है, जिसमें मानिटर और पहनने योग्य उपकरणों (वियरेबल डिवाइस) का इस्तेमाल भी शामिल है। इन उपकरणों की सहायता से डाक्टर मरीज के पास मौजूद रहे बिना भी जरूरी सलाह जारी कर सकते हैं। इस चिकित्सा प्रणाली का प्रशिक्षण अब वर्चुअल हो गया है, जहाँ एक मिलती-जुलती स्थिति के आधार पर वास्तविक चीजों के बारे में जानकारी दी जाती है। अतः मरीजों की सुरक्षा से समझौता किये बिना इसे बेहतर बनाने के लिए काम जारी है। चिकित्सा की पढ़ाई वाले संस्थानों में बड़े पैमाने पर सिमुलेशन प्रयोगशालाओं में सीखने की प्रक्रिया सामान्य कक्षाओं के मुकाबले ज्यादा दिलचस्प है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या एआई का दायरा दिन प्रति दिन बढ़ता जा रहा है। यह वही करता है जो मनुष्य कर सकता है। लेकिन कम समय लेता है और कम लागत पर इसे अधिक कुशलतापूर्वक करता है। इसकी एक बेहतरीन तकनीक है जिसके माध्यम से यह स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में रोगियों को ज्यादातर भाग में डाक्टर के बिना लंबे समय तक जीवित रहने में मदद करता है। ऐसे ही कई अन्य विभिन्न अनुप्रयोग हैं, जो एक स्वस्थ दिनचर्या का प्रबन्धन करने और मानव के व्यवहार पैटर्न को नियंत्रित रखने में मदद करते हैं। इतना ही नहीं, वे विभिन्न लक्षणों की निगरानी, आपातकालीन देखभाल में सहायता के माध्यम से बीमारियों का पता शुरूआती चरणों में ही लगाने में मदद करते हैं। इसके अलावा, रोबोटिक्स एक ऐसी शाखा है जिसका उपयोग अब स्वास्थ्य वा में किया जाने लगा है क्योंकि रोबोट कठिन और सटीक आवश्यक सर्जरी में डाक्टरों की मदद कर रहे हैं। ये रोबोटिक्स पुनर्वास केन्द्रों में भी व्यायाम और उपचार के साथ व्यक्तियों की सहायता करते हैं। एआई के कारण अनुसंधान क्षेत्र में हालिया विकास देखा जा सकता है, क्योंकि इसे सही दिशा में लागू करने से समय और जीवन की बचत के साथ-साथ क्षेत्र में लागत ने ऐसे एल्गोरिदम के निर्माण में सहायता प्रदान की है जो मानव मस्तिष्क की तरह ही कार्य कर सकते हैं।

ट्रामा, ट्यूमर और संक्रमण की वजह से होने वाली हड्डी सम्बन्धी बीमारी के इलाज में 3डी प्रिंटिंग की वजह से क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिला है। दरअसल, 3डी प्रिंटिंग के जरिए छिद्रयुक्त कस्टमाइज प्रत्यर्पण संभव होता है और इससे अंगों की सुरक्षा में मदद मिलती है और कई मामलों में अंग-विच्छेदन को रोका जा सकता है। 3डी प्रिंटिंग तकनीक स्नायु सम्बन्धी बीमारियों की मदद के लिए खास तरह के पालिमर उत्पाद (पहनने वाला) बनाता है। आधुनिक तकनीक की मदद से विकसित बीओनिक अंग मरीजों को नया जीवन दे सकते हैं। जीनोम अनुक्रमण तकनीक की मदद से शुरूआती चरण में ट्यूमर का पता लगाया जा सकता है।

प्रत्यपण सम्बन्धी संक्रमण की पहचान की जा सकती है और जरूरी इलाज सुनिश्चित किया जा सकता है। गणितीय माडल के आधार पर सफलता/जटिलताओं आदि के बारे में भविष्यवाणी करने में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस/मशीन लर्निंग का अहम योगदान रहा है। इन तकनीकों के जरिए मरीजों से जुड़े खतरों के बारे में अनुमान लगाया जा सकता है और इस तरह उनके इलाज के लिए उचित सलाह देना संभव होगा। आर्थोप्लास्टी के जटिल मामलों में भी रोबोटिक सर्जरी काफी कारगर रही है और इससे सटीक प्रत्यर्पण सुनिश्चित हो पाता है। सूक्ष्मजीवोरोधी नैनो तकनीक से हड्डी सम्बन्धी संक्रमण से ज्यादा प्रभावी तरीके से निपटना संभव होगा।

सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हाई-परफार्मेस कम्प्यूटिंग (एचपीसी), आईओटी सेंसर और 5जी जैसी आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल की वजह से आबादी सम्बन्धी डेटा का सटीक विश्लेषण किया जा सकेगा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में किये जाने वाले उपायों को ज्यादा प्रभावी, रियल-टाइम और लोगों को जरूरतों के हिसाब से सटीक बनाया जा सकेगा। रियल टाइम और लोगों को जरूरतों के हिसाब से सटीक बनाया जा सकेगा। इस तरह 'सभी के लिए स्वास्थ्य' लक्ष्य पर बेहतर तरीके से अमल संभव हो सकेगा।

जियोस्पेशल तकनीक, वीयरेबल तकनीक, माइक्रोब्लालिंग से जुड़ी निगरान, 3डी प्रिंटिंग, टेलीहेल्थ, क्लाउड आधारित इलेक्ट्रानिक स्वास्थ्य आधारभूत संरचना, परिवहन (ड्रोन) तकनीक और इंटरनेट आफ मेडिकल थिंग्स (आईओएमटी) जैसी आधुनिक तकनीक का उपयोग सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं में किया जा सकता है।

इन तकनीकों के जरिये बीमारियों से जुड़ी प्रोफाइल तैयार करने, स्वास्थ्य सम्बन्धी सूचनाओं को इक्ट्ठा करने, बीमारियों को गंभीरता के बारे में पहले ही जानकारी मुहैया कराने आदि में मदद मिल सकती है। इसके अलावा सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवाओं के आंकलन में भी आसानी होती है। इस तरह समग्र तौर पर स्वास्थ्य प्रणाली बेहतर होती है और स्वास्थ्य सम्बन्धी लागत में कमी आती है।

रेडियोलाजी चिकित्सा विज्ञान से सम्बन्धित ऐसा क्षेत्र है, जहाँ आधुनिक तकनीकों का काफी ज्यादा प्रभाव देखने को मिल रहा है। इसके तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग एल्गोरिथ की मदद से असामान्य तस्वीरों के बारे में सूचना हासिल की जा सकती है, ताकि मरीजों को गंभीर बीमारियों के बारे में जल्द से जल्द जानकारी हासिल की जा सके। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वाले कुछ साफ्टवेयर सामान्य बीमारियों का पता लगाने में पूरी तरह से सक्षम होते हैं। ये साफ्टवेयर कम रेडियेशन के साथ तस्वीर की गुणवत्ता बेहतर बनाने, बीमारी का सही-सही पता लगाने, कार्यबल क्षमता को बढान, रेडियोलाजी विशेषज्ञों का बोझ कम करने, ज्यादा से ज्यादा मरीजों पर नजर रखने और डाक्टरों को उनके मोबाइल फोन पर अलर्ट भेजने में सहायक होते हैं।

रेडियो जीनोमिक्स के तहत तस्वीरों से जुड़ी जानकारी और मरीजों के जीनोमिक डेटा को एक साथ इक्ट्ठा किया जाता है, जिसमें सटीक इलाज में मदद मिलती है।

# कभी मुंबई के टॉप क्राइम रिपोर्टर थे संजय राउत

एक हजार करोड़ से ज्यादा के पात्रा चॉल घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शिवसेना के सांसद संजय राउत गिरफ्तार हो चुके हैं। अरेस्ट करने से पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तीन टीमों ने उनके तीन ठिकानों पर रेड भी की थी। राउत को उनके मैत्री बंगले से हिरासत में लिया गया और ईडी ऑफिस लाकर की गई 8 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। राउत आज महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा नाम हैं, लेकिन 80 के दशक में वे मुंबई में क्राइम रिपोर्टिंग करते थे।

लोकप्रभा पत्रिका से करियर की शुरुआत करने वाले संजय राउत को अंडरवर्ल्ड रिपोर्टिंग का एक्सपर्ट माना जाता था। दाऊद इब्राहिम, छोटा राजन और अंडरवर्ल्ड पर लिखी उनकी रिपोर्ट्स की मुंबई में खूब चर्चा हुआ करती थी। रिपोर्टिंग की दुनिया में राउत का नाम बड़ा होता गया और वे बालासाहेब ठाकरे की नजरों में आ गए।

राउत का मातोश्री पर आना-जाना बढ़ा और शिवसेना प्रमुख ने सिर्फ 29 साल के राउत को शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' का कार्यकारी संपादक बनने का ऑफर दे डाला। शिवसेना प्रमुख के इस ऑफर को राउत ठुकरा नहीं सके और पिछले लगभग 30 साल से वे इसके कार्यकारी संपादक हैं। बालासाहेब के जाने के बाद वे उद्धव ठाकरे के करीब आए। 2019 में जिस तरह से उद्धव ने कांग्रेस और एनसीपी के साथ मिलकर सरकार बनाई, उसके बाद से उन्हें शिवसेना का 'थिंक टैंक' कहा जाने लगा।

**दाऊद इब्राहिम को लगाई थी फटकार**

राउत के लिए कहा जाता है कि वे क्राइम रिपोर्टर होने के बावजूद कभी पुलिस चौकी नहीं गए और न ही कभी किसी खबर को लेकर पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की। क्राइम रिपोर्टिंग करने वाले राउत की खबरों का सूत्रधार हुआ करता था दाऊद। चर्चा यह भी है कि दाऊद इब्राहिम कई बार संजय राउत को खबरें देने के लिए एक्सप्रेस टॉवर आया करता था। दोनों यहां की कैंटीन में बैठकर बातचीत किया करते थे। यह बात 1993 ब्लास्ट में उसका नाम आने से कई साल पहले की है। 16 जनवरी 2020 को पुणे में एक कार्यक्रम में संजय राउत ने खुद यह कबूला था कि दाऊद से उनकी मुलाकात हुई थी। उन्होंने कहा था, 'दाऊद इब्राहिम को मैंने देखा था, उससे बात भी की है। एक बार तो मैंने उसे फटकार भी लगाई थी।' बालासाहेब के विचारों को जनता तक पहुंचाने का बड़ा श्रेय संजय राउत को जाता है। सामना से जुड़ने के बाद संजय राउत ने अखबार में कई बड़े बदलाव किये। संपादकीय में ऐसी बातें छपने लगीं, जो शिवसेना की विचारधारा से जुड़ी हुई थीं और धीरे-धीरे यह अखबार बालासाहेब ठाकरे की आवाज बन गया।



वे संपादकीय को बाल ठाकरे की भाषा शैली में लिखने लगे। संपादकीय तो राउत लिखते थे, लेकिन उसे पढ़ने के बाद लोग समझते थे कि बाल ठाकरे ही लिख रहे हैं। सामना में यह प्रयोग काफी लोकप्रिय हुआ और आज भी अखबार के संपादकीय को शिवसेना का ऑफिशियल वर्जन माना जाता है। सामना से जुड़ने के बाद राउत बालासाहेब के बेहद करीब हुए और धीरे-धीरे शिवसेना की अंदरूनी पॉलिटिक्स का हिस्सा बन गए। हालांकि, आंबेडकर कालेज से बीटेक की पढ़ाई करने वाले राउत छात्र जीवन से ही शिवसेना की स्टूडेंट यूनिट में सक्रिय थे।

राजनीति में उनकी सोच और दूरदर्शिता को देखते हुए बाल ठाकरे ने उन्हें शिवसेना का 'उप नेता' बना दिया। इसके बाद पार्टी बड़ी हुई और वे पहली बार 2004 में शिवसेना के टिकट से राज्यसभा पहुंचे। यहां वे शिवसेना के लीडर भी थे। राउत संसदीय और गृह विभाग से जुड़ी कमेटी के मेंबर भी रहे हैं। 2005 से 2009 के बीच राउत सिविल एविएशन मंत्रालय की कंसल्टेंसी कमेटी के सदस्य भी थे।

राउत दूसरी बार 2010, फिर 2016 में और अब 2022 में लगातार शिवसेना की ओर से राज्यसभा के सांसद हैं। लगातार चार बार सांसद रह चुके संजय सक्रिय तौर पर 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद एक्टिव हुए। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि महाराष्ट्र विकास अघाड़ी यानी शिवसेना, कांग्रेस और एनसीपी की संयुक्त सरकार बनाने में संजय राउत का बड़ा हाथ था। शिवसेना में संजय राउत ही एक ऐसे व्यक्ति थे, जिनकी महाराष्ट्र की लगभग हर पार्टी में अच्छी पैठ थी। वे एनसीपी चीफ शरद पवार के बेहद करीब माने जाते हैं और यही वजह है कि एमवीए निर्माण का पूरा जिमा उद्धव ठाकरे ने संजय राउत को ही दे दिया था। उद्धव ठाकरे के सीएम रहने के दौरान राउत तीनों दलों के बीच एक कड़ी के रूप में काम करते रहे। राउत को मातोश्री, यानी ठाकरे परिवार का बेहद करीब माना जाता है। शिवसेना में हुई बगावत के बाद भी राउत ने उद्धव ठाकरे का साथ नहीं छोड़ा ओर उनकी ओर से मोर्चा संभाले रखा। वे मुखर होकर अपनी बात रखते रहे और शिंदे के साथ गए 40 विधायकों को लगातार अपनी ओर लाने का प्रयास करते रहे। हालांकि, शिंदे को बीजेपी का साथ मिला और उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। राउत ने सोशल मीडिया में कविताएं और फिल्मी डायलॉग शेयर कर लगातार अपने विरोधियों को निशाना बनाया है।

# रहिमन जिह्वा बावरी

ये बहस से भाग रहे हैं... फिर पक्ष और विपक्ष आ बैठते हैं चैनलों में और जो संसद में होता वह चैनलों में होने लगता है कि यहां भी कोई किसी को नहीं बोलने देता। इधर संसद बंद, उधर चैनलों में संसद सत्र कुछ देर खुलती है और फिर कल तक के लिए स्थगित हो जाती है। जब एक दिन विपक्ष सत्ता से बहुत नाराज दिखा और नारे लगाने लगा, पर्चे फेंकने लगा तो कुछ सांसद निलंबित कर दिए गए। एक दिन उन्नीस निलंबित फिर कई दिन तक 'निलंबन सीरियल' चलता रहा साथ ही 'हाय-हाय' भी होती रही। इसके बाद निलंबित सांसद हाल से बाहर आकर गांधीजी की मूर्ति के साथ धरना देने लगते और उनके प्रवक्ता शाम को चैनलों में बहसें करते रहते।

जिस तरह संसद में कोई किसी की नहीं सुनता, चैनलों में भी वे एक दूसरे को न बोलने देने की कसम खाए रहते। ऐसे में एंकरों की हालत खराब होती। एंकर सोचते कि किनको लेकर आ बैठे! ये न संसद में बहस कर सकते हैं न चैनलों में। ये सिर्फ तू-तू मैं-मैं कर सकते हैं! एक बहस में एक गैर निलंबित ने 'निलंबितों' के बारे में बताया कि इनके बीच प्रतियोगिता होती है कि कौन कितनी बार ऐसा विरोध करे कि निलंबित हो। जबाव में उस सांसद को भी 'सत्ता के दलाल' के विशेषण से नवाजा गया।

इस बीच एक झटका : स्मृति ईरानी की 'बेटी गोवा में बिना लाइसेंस के बार चलाती है' का आरोप! जवाब में स्मृति का झटका कि मेरी बेटी छात्रा है, मानहानि का मुकदमा करेंगी और कर दिया मुकदमा। इन दिनों न कोई अपनी गलती मानता है, न कोई किसी को माफ करता है। इसी बीच मंगलुरु में एक भाजयुमो के कार्यकर्ता प्रवीण की 'हत्या' की खबर। उसके पक्षधरों का आंदोलन। पीएफआइ पर आरोप। कुछ गिरफ्तारियां और जांच जारी!

लेकिन सबसे बड़ी कहानी बनाई ईडी ने। उसने जैसे ही सोनिया गांधी को पूछताछ के लिए बुलाया, वैसे ही कांग्रेसी कार्यकर्ता आंदोलित हो गए। इधर पूछताछ होती, उधर कार्यकर्ता विरोध में सड़क पर आकर लेट जाते। पुलिस उनकी 'डंडाडोली' करके बस के अंदर फेंकती तो वे इसे 'बदले की कार्रवाई' बताते और फोटो खिंचाते, ताकि बता सकें कि हमहूं रहे इस आंदोलन में! इस बीच ईडी संबंधी कानूनों और उसकी कार्रवाइयों को सर्वोच्च न्यायालय ने जैसे ही सही ठहराया, ईडी के डौले और चौड़े हुए दिखे! उसके बाद ईडी ने 'मा माटी मानुष' वाली सरकार के एक बड़े मंत्री को जैसे ही धरा, वैसे ही एक अनाम अभिनेत्री टीवी की चैनलों पर दिखने लगी। वह जितना दिखती, उतने ही नोट बरसते, सोने के जेवर बरसते जाते! बंगाल में शिक्षकों की नियुक्तियों के संदर्भ में हुए घोटाले की कहानी हर रोज नोट बरसाती रही। दूसरे फ्लैट ने पहले को पीछे छोड़ा। पहले में बीस करोड़, तो यहां उनतीस करोड़ के नोट बरसे। दस किलो तो सोना भी बरसा और पता नहीं क्या-क्या बरसा! अंत में हीरोइन उवाच कि यह सब तो सर जी का ही था मैं तो उस कमरे में जा भी नहीं सकती थी! इसके बाद चैनलों में 'नैतिकता-नैतिकता' होने लगी और नैतिकता के एक दौरे ने मंत्री जी को पार्टी व पद से निकलवा दिया! लेकिन ईडी अब भी लगी है। एक के बाद एक फ्लैट। बताए जा रहे हैं कि एक यहां एक वहां और न जाने कहां कहां।

## सुशासन और संस्कृति का संबल



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

अयोध्या में भव्य श्री राम मन्दिर का निर्माण पूर्णता की ओर है। श्री राम वन गमन पथ का निर्माण कार्य प्रगति पर है। चित्रकूट इसका महत्त्वपूर्ण पड़ाव है।यहीं भाजपा का परीक्षण शिविर आयोजित किया गया।इस दौरान योगी आदित्यनाथ क्रमश चित्रकूट और अयोध्या पर गए थे। चित्रकूट में उन्होंने प्रशिक्षण शिविर के समापन सत्र को संबोधित किया।अयोध्या में मन्दिर निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने के साथ ही अन्य विकास कार्यों की समीक्षा की। सरकार और संगठन से संबोधित यह प्रसंग अपने में बहुत कुछ कहता है। इसमें सुशासन और संस्कृति का संदेश समाहित है। भाजपा का संगठन और सरकार इसके प्रति समर्पित हैं। यहीं वह तथ्य हैं जो भाजपा को अन्य पार्टियों से अलग करती हैं। सभी विपक्षी पार्टियां परिवार आधारित हैं। इन सभी की नजर वोटबैंक सियासत पर रहती है।सरकार में रहने के दौरान इसी मानसिकता से कार्य किया जाता है। इसमें परिवार से सम्बन्धित जनपद और क्षेत्र वीआईपी माने जाते हैं। इनको छोड़ कर अन्य किसी भी जिले को चौबीस घण्टे बिजली नसीब नहीं होती थी। योगी आदित्यनाथ ने सत्ता संभालते ही इस परम्परा को समाप्त कर दिया था।उन्होंने बिना भेदभाव के पूरे प्रदेश के समग्र विकास का संकल्प लिया था।प्रत्येक नगर गांव को वीआईपी माना।इसी के अनुरूप बिजली अपूर्ति और विकास कार्यों को क्रियान्वित किया गया। चित्रकूट का प्रशिक्षण शिविर उत्साह के माहौल में आयोजित हुआ।चार दशक बाद किसी सरकार को लगातर दूसरी बार जनादेश प्राप्त हुआ था।उप चुनावों में मुख्य विपक्षी के सर्वाधिक सुरक्षित गढ़ भी ध्वस्त हो गए थे। राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को शानदार सफ़लता मिली थी।डेढ़ दर्जन विपक्षी पार्टियां मिल कर भी राजग का मुकाबला करने की स्थिति में नहीं हैं।वस्तुत भाजपा को यह मुकाम उसकी केंद्र और प्रदेश सरकारों द्वारा किए जा रहे जनहित के कार्यों से मिला है। शिविर में इसी को जारी रखने का मंसूबा दिखाई दिया।साँस्कृतिक राष्ट्रवाद और सुशासन भाजपा का संबल है। उसका मानना है कि राष्ट्रीय स्वाभिमान किसी देश को शक्तिशाली बनाने में सहायक होता है। देश में इसी विचार के जागरण की आवश्यकता है।अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण व भव्य श्री काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में है। नरेन्द्र मोदी ने आठ वर्ष और योगी आदित्यनाथ ने पांच वर्ष में संस्कृति और सुशासन को नया आयाम दिया है। इसमें दो वर्ष वैश्विक कोरोना महामारी का प्रकोप रहा। इसने दुनिया के विकसित देशों को भी हिला कर रख दिया था। सभी देशों की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव हुआ। इससे अभी संभलने का प्रयास चल रहा था,तभी रूस यूक्रेन संकट सामने आ गया। इन सभी कारणों से पूरी दुनिया में महंगाई बढ़ी है। अमेरिका व यूरोप के विकसित देशों में कई दशक कर बाद ऐसी मंहगाई देखी जा रही है। नरेंद्र मोदी सरकार ने तो इस अवधि में दुनिया की सबसे बड़ी निशुल्क राहत वितरण योजना का संचालन किया। दुनिया का सबसे बड़ा निशुल्क टीकाकरण अभियान चलाया। इसके अलावा राहत के अनेक कार्य किये गए। उत्तर प्रदेश भी ऐसी सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में नंबर वन है। देश में सत्तर वर्ष बाद एक विधान एक निशान लागू हुआ। पाकिस्तान, बांगलादेश अफगानिस्तान के उत्पीड़ित हिन्दू बौद्ध,सिख,पारसी परिवारों को न्याय मिला। नागरिकता संशोधन कानून लागू हुआ। इसका जिस प्रकार विरोध किया गया उससे जाहिर हुआ कि मोदी सरकार ना होती तो इन उत्पीड़ितों की सुनने वाला कोई नहीं था। आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी है। इसलिए देश विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। मोदी ने अपनी दूरदर्शी नीतियों समर्पण और टीम इंडिया की भावना के साथ देश के लोकतंत्र को एक नई दिशा दी है। करोड़ों की संख्या में गरीबों के लिए आवास शौचालय बनाये गए। निशुल्क गैस सिलेंडर दिए गए। स्वरोजगार के लिए मुद्रा बैंक ने बड़ी संख्या में लोगों को लाभान्वित किया। स्वनिधि योजना से भी गरीब व्यवसायियों को लाभ मिल रहा है। अब तक का सबसे बड़ा आर्थिक पैकेज दिया गया। कोरोना काल में अस्सी करोड़ लोगों को निशुल्क राशन की व्यवस्था की गई। जन औषधी दवा केन्द्र की संख्या अस्सी से बढ़कर पांच हजार हो गई। करीब सवा सौ नये मेडिकल कालेज खुले है। यूपीए के दस वर्ष में भारतीय रेल ने मात्र चार सौ तेरह रेल रोड ब्रिज और अंडर ब्रिज का निर्माण किया। मोदी सरकार ने इससे तीन गुना अधिक निर्माण किया। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के पन्द्रह करोड़ से ज्यादा लाभार्थी है। यह दुनिया की सबसे सस्ती योजना है। बिजली उत्पादन चालीस प्रतिशत वृद्धि हुई। सोलर ऊर्जा में आठ गुना वृद्धि हुई। फसल बीमा योजना का लाभ पहले पचास प्रतिशत नुकसान पर मिलता था। अब किसान को तैतीस प्रतिशत पर भी मिल जाता है।

# नाग पंचमी कल : जीवित सांप को न दूध पिलाएं और न पूजा करें

## मंदिर में करें पूजा, नाग देव को हल्दी जरूर चढ़ाएं



सावन महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी को नाग देवता की पूजा करने की परंपरा है। इसे नाग पंचमी कहा जाता है। इस बार ये त्योहार मंगलवार, 2 अगस्त को है। शिव जी नाग देवता को अपने गले में धारण करते हैं। शिवलिंग के साथ नाग प्रतिमा भी अनिवार्य रूप से रखी जाती है। इस पर्व पर जीवित सांप की पूजा करने से बचना चाहिए। इस दिन नाग देव की प्रतिमा या तस्वीर की ही पूजा करें।

देवी-देवताओं, मनुष्यों, राक्षसों, किन्नर, गंधर्व के साथ ही नागों के संबंध में भी कई कथाएं बताई गई हैं। सृष्टि पाताल लोक, मृत्यु लोक की तरह ही नाग लोक भी बताया है। सनातन धर्म में पक्षी और पशुओं को भी पूजने की परंपरा है, क्योंकि ये सभी प्राणी भी पर्यावरण को संतुलित रखने में सहायक होते हैं। इसी वजह से नागों को भी पूजनीय माना गया है।

**शुभ मुहूर्त**

**नाग पञ्चमी मंगलवार, अगस्त 2, 2022 को**

**नाग पञ्चमी पूजा मूहूर्त –सुबह 06 बजकर 05 से 08 बजकर 41 मिनट तक**

**अवधि – 02 घण्टे 36 मिनट्स**

**पञ्चमी तिथि प्रारम्भ – अगस्त 02, 2022 को सुबह 05 बजकर 13 मिनट से शुरू**

**पञ्चमी तिथि समाप्त – अगस्त 03, 2022 को सुबह 05 बजकर 41 मिनट पर खत्मनाग पञ्चमी**



सांप चूहों से बचाते हैं हमारा अनाज

पं. शर्मा के मुताबिक अगर चूहों की संख्या बहुत अधिक हो जाए तो हमारा पूरा अनाज नष्ट हो जाएगा। सांप चूहों को खा जाते हैं। सांपों की वजह से ही चूहों की संख्या संतुलित रहती है और हमारी फसलें बची रहती हैं। सांप के इस उपकार की वजह से भी सांपों को पूजने की परंपरा है।

कभी भी जीवित सांप की पूजा न करें

सांप जहरीला होता है और इसके डंसने से इंसान की मौत भी हो सकती है। इसलिए जीवित से दूर ही रहना चाहिए। नाग पंचमी पर नाग देव की प्रतिमा की पूजा करें। जीवित सांप को न तो दूध पिलाएं और न ही उसकी पूजा करें। दूध सांपों के लिए जहर की तरह होता है। दूध की वजह से सांप मर भी सकते हैं। इस तरह जीव हत्या का पाप दूध पिलाने वाले व्यक्ति को भी लगता है। इसलिए किसी शिव मंदिर में या नाग मंदिर में नाग देव की पूजा करें।

नाग पूजा में ध्यान रखें ये बातें

नाग पूजन में हल्दी का उपयोग खासतौर पर करना चाहिए। नाग मंदिर में धूप, दीप जलाएं। मिठाई का भोग लगाएं। नारीयल अर्पित करें। इस दिन सपेरों को वस्त्रों का, अनाज और धन का दान कर सकते हैं, ताकि उन्हें भी नाग पंचमी पर कुछ लाभ हो सके।



# नाग पंचमी के दिन भूलकर भी ना करें ये काम



नाग पंचमी के दिन स्त्रियां नाग देवता की पूजा करती हैं और सांपों को दूध पिलाया जाता है. इस साल नाग पंचमी का त्योहार 2 अगस्त 2022 को मनाया जाएगा. नाग देवताओं की पूजा के लिए श्रावण मास की पंचमी तिथि काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है. सनातन धर्म में सर्प को पूजनीय माना गया है. भगवान श्री हरि विष्णु भी शेषनाग पर ही विराजमान हैं।

नाग पचंमी का त्योहार सावन माह की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है. नाग पंचमी के दिन महिलाएं नाग देवता की पूजा करती हैं. इस दिन सांपों को दुध अर्पित किया जाता हैं. महिलाएं इस दिन अपने परिवारजनों के लिए पूजा करती हैं. सनातन धर्म में सर्पों को एक विशेष स्थान प्राप्त है. नाग देवताओं की पूजा के लिए कुछ दिनों को काफी शुभ माना जाता है जिसमें से एक श्रावण मास की पंचमी तिथि है. इस दिन नाग देवताओं की पूजा करना अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।

**अनन्तं वासुकिं शेषं पद्मनाभं च कम्बलम**
**शङ्ख पालं धृतराष्ट्रं तक्षकं कालियं तथा॥**
**एतानि नव नामानि नागानां च महात्मनाम**
**सायङ्काले पठेन्नित्यं प्रातःकाले विशेषतः.**
**तस्य विषभयं नास्ति सर्वत्र विजयी भवेत॥**

अर्थ- नौ नाग देवताओं के नाम अनन्त, वासुकी, शेष, पद्मनाभ, कम्बल, शङ्खपाल, धृतराष्ट्र, तक्षक तथा कालिया हैं. अगर रोजाना सुबह नियमित रूप से इनका जप किया जाए, तो नाग देवता आपको सभी पापों से सुरक्षित रखेंगे और आपको जीवन में विजयी बनायेंगे।

नाग पंचमी के दिन इन बातों का रखें खास ख्याल माना जाता है कि नाग पचंमी के दिन व्रत रखना चाहिए. इस दिन नाग देवताओं की पूजा करनी चाहिए, उन्हें जल चढ़ाना चाहिए और मंत्रों का जाप करना चाहिए।

नाग पंचमी के दिन सुई धागे का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए और ना ही इस दिन लोहे के बर्तन में खाना बनाना चाहिए।

अगर कुंडली में राहु और केतु भारी हैं तो इस दिन सांपों की पूजा जरूर करें. ध्यान रहें कि इस दिन नाग देवता को दूध चढ़ाते समय पीतल के लोटे का इस्तेमाल करना चाहिए।

नाग पंचमी के दिन उस जमीन को बिल्कुल भी नहीं खोदना चाहिए जहां सांपों का बिल हो. ना ही इस दिन सांप को मारना चाहिए. अगर आपको कहीं सांप दिख जाता है तो उसे जाने दें।

**नाग पंचमी पूजा मन्त्र**

**सर्वे नागाः प्रीयन्तां मे ये केचित पृथ्वीतले.**
**ये च हेलिमरीचिस्था येऽन्तरे दिवि संस्थिताः॥**
**ये नदीषु महानागा ये सरस्वतिगामिनः.**
**ये च वापीतडगेषु तेषु सर्वेषु वै नमः॥**

अर्थ- इस संसार में, आकाश, स्वर्ग, झीलें, कुएं, तालाब तथा सूर्य-किरणों में निवास करने वाले सर्प, हमें आशीर्वाद दें और हम सभी आपको बार-बार नमन करते हैं।

# इस महीने का नाम श्रावण ही क्यों है? जानें इस नाम के पीछे का महत्व



सावन का पवित्र महीना शुरू हो चुका है। हिंदू धर्म में सावन के महीने को एक त्यौहार की तरह मनाया जाता है। सावन के इस पूरे महीने में भगवान शिव के भक्त उनकी भक्ति में रम जाते हैं। पंचांग के अनुसार, देखा जाए तो साल के पांचवे महीने को श्रावण माह कहा जाता है। हिंदू धर्म में ऐसा माना जाता है कि सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा-उपासना करने से वे प्रसन्न होकर अपने भक्तों की सभी परेशानियों का नाश करते हैं। सावन के महीने में पड़ने वाले सोमवार का बहुत खास महत्व होता है। इस माह को श्रावण मास क्यों कहा जाता है?

**क्यों है इस महीने का नाम श्रावण ?**

पंचांग के अनुसार, सावन का महीना पांचवा महीना होता है। इस महीने का नाम श्रावण होने के पीछे एक कारण है कि इस महीने पूर्णिमा पर चंद्रमा श्रवण नक्षत्र में होते हैं। वैदिक ज्योतिष की मानें, तो श्रवण नक्षत्र का स्वामी बृहस्पति ग्रह है। श्रवण का अर्थ होता है सुनना। इस माह में भगवान के स्वरूप के बारे में सुनने से मन के विकार दूर होते हैं। यही कारण है कि इस माह में धार्मिक ग्रंथों का श्रवण करने का विशेष महत्व बताया गया है।

**-पौराणिक कथाओं के अनुसार**

हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सावन के महीने में ही समुद्र मंथन हुआ था और इसमें से निकले विष को भगवान शिव ने ग्रहण किया, जिसके कारण भगवान शिव का नाम नीलकंठ पड़ा, इसको पीकर भगवान शिव ने इस सृष्टि को बचाया। विष का प्रभाव इतना था कि भोलेनाथ का कंठ जलने लगा। इसके बाद सभी देवी-देवताओं ने मिलकर उन्हें ठंडा करने के लिए उनके ऊपर जल डाला। इसी कारण सावन के महीने में शिव अभिषेक का विशेष महत्व है।

क्यों प्रिय है भगवान शिव को सावन का महीना ?

सावन के महीने को भगवान शिव का प्रिय माह भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि दक्ष पुत्री माता सती ने अपने जीवन को त्याग कर कई हजार वर्षों तक श्रापित जीवन व्यतीत किया। इसके बाद उन्होंने हिमालय राज के घर माता पार्वती के रूप में जन्म लिया।

माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए सावन के महीने में ही कठोर तप किया, जिससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उनकी मनोकामना पूरी की और उन्हें अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया।

# रोज सुबह करें 10 मिनिट यह काम, कालसर्प दोष से मिलेगा छुटकारा



आज के समय में कई लोगों कि कुंडली में कालसर्प दोष होता है। वैसे तो ऐसा माना जाता है कि इसकी पूजा करवाने से इसका अशुभ प्रभाव कम हो सकता है। हालाँकि कुछ उपाय भी किये जा सकते हैं। जी दरअसल यह एक ऐसा ही अवसर है जो कालसर्प दोष को खत्म करने के लिए उपाय करने का है। इस बार नागपंचमी 2 अगस्त, मंगलवार को है। कहा जाता है इस दिन अगर सर्प सूक्त का पाठ 108 बार किया जाए तो कालसर्प दोष का अशुभ प्रभाव कम हो सकता है।

**सर्प सूक्त**

ब्रह्मलोके च ये सर्पा शेषनाग पुरोगमाः। नमोऽस्तु तेभ्यः सर्पेभ्यः सुप्रीताः मम सर्वदा ॥
विष्णु लोके च ये सर्पाः वासुकिः प्रमुखादयः। नमोऽस्तु तेभ्यः सर्पेभ्यः सुप्रीताः मम सर्वदा ॥
काद्रवेयाश्च ये सर्पाः मातृभक्ति परायणाः। नमोऽस्तु तेभ्यः सर्पेभ्यः सुप्रीताः मम सर्वदा ॥
इन्द्रलोके च ये सर्पाः तक्षको प्रमुखादयः। नमोऽस्तु तेभ्यः सर्पेभ्यः सुप्रीताः मम सर्वदा ॥
सत्यलोके च ये सर्पाः वासुकिना च रक्षिताः। नमोऽस्तु तेभ्यः सर्पेभ्य सुप्रीताः मम सर्वदा ॥
मलये चैव ये सर्पाः कर्कोटः प्रमुखादयः। नमोऽस्तु तेभ्यः सर्पेभ्यःसुप्रीताः मम सर्वदा ॥
समुद्रतीरे ये सर्पाः ये सर्पाः जलवासिनः। नमोऽस्तु तेभ्यः सर्पेभ्यःसुप्रीताः मम सर्वदा ॥
रसातले च ये सर्पा अनन्तादि महाबलाः। नमोऽस्तु तेभ्यः सर्पेभ्यः सुप्रीताः मम सर्वदा ।।
सर्पसत्रे तु ये सर्पा आस्तिकेन च रक्षिताः। नमोऽस्तु तेभ्यः सर्पेभ्यः सुप्रीताः मम सर्वदा ॥
धर्मलोके च ये सर्पाःवैतरण्यां समाश्रिताः। नमोऽस्तु तेभ्यःसर्पेभ्यःसुप्रीताः मम सर्वदा ॥
पर्वताणां च ये सर्पा दरीसन्धिषु संस्थिताः। नमोऽस्तु तेभ्यः सर्पेभ्यः सुप्रीताः मम सर्वदा ॥
खाण्डवस्य तथा दाहे स्वर्ग ये च समाश्रिताः। नमोऽस्तु तेभ्यः सर्पेभ्यः सुप्रीताः मम सर्वदा ॥
पृथिव्यां चैव ये सर्पा ये च साकेतवासिनः। नमोऽस्तु तेभ्यः सर्पेभ्यः सुप्रीताःमम सर्वदा ॥
सर्वग्रामेपु ये सर्पाः वसन्ति सर्वे स्वच्छन्दाः। नमोऽस्तु तेभ्यः सर्पेभ्यःसुप्रीताः मम सर्वदा ॥
ग्रामे वा यदि वारण्ये ये सर्पाः प्रचरन्ति च। नमोऽस्तु तेभ्यः सर्पेभ्यः सुप्रीताः मम सर्वदा ॥

अर्थात- ब्रह्म लोक के उन सर्पों, जिनमें शेषनाग प्रमुख हैं; विष्णु लोक के उन सर्पो, जिनमें वासुकि नाग प्रमुख हैः कद्रू के वे नाग पुत्र जो मातृ भक्त हैं; इन्द्र लोक के उन सांपों, जिनमें तक्षक प्रमुख हैं; सत्य लोक के उन सर्पों, जिनकी वासुकि नाग द्वारा रक्षा की जाती है; मलयाचल के उन सांपों, जिनमें कर्कोटक प्रमुख हैं; समुद्र के तट पर तथा जल में रहने वालों, रसातल के उन बलवान सर्पों, जिनमें अनन्त प्रमुख हैं; आस्तीक के द्वारा जनमेजय के नागयज्ञ से बचाये गये नाग-सर्पो; वैतरणी नदी में रहने वाले धर्म लोक के सर्पोः पर्वतों की दरारों में रहने वाले सर्पो; खाण्डव वन की आग में जल कर मरने से स्वर्ग लोक में गये सर्पोंः पृथ्वी पर और साकेत में रहने वाले सर्पों तथा गाँवों और जंगलों में स्वतंत्रता पूर्वक रहने और विचरण करने वाले सभी सर्पों को नमस्कार है। ये सभी नाग-सर्प सदा हम पर प्रसन्न रहें॥

# मंदिर में लेकर आते हैं खाली लोटा तो बर्बाद हो जाएगा जीवन



जीवन को सफल बनाने के लिए वास्तु शास्त्र में कई बातें बताई गई है जिनका ध्यान रखना जरुरी है। जी दरअसल घर में सकारात्मकता लाने के लिए, परिवार का माहौल खुशनुमा बनाए रखने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरुरी है।

* आपको बता दें कि वास्तु शास्त्र के अनुसार पूजा के कपड़ों को अन्य कपड़ों से अलग ही रखना चाहिए। जी दरअसल पूजा के समय पहने जाने वाले कपड़ों को सिर्फ पूजा के लिए ही रखना चाहिए।

ऐसा करने से कई तरह के लाभ होते हैं। कहा जाता है कि इन कपड़ों को पहनकर भोजन नहीं करना चाहिए और इन कपड़ों को पहनकर सोना भी नहीं चाहिए।

* वास्तु के अनुसार शाम के समय दीपक को जलाकर पूरे घर में घुमाया जाना चाहिए इससे घर की निगेटिव ऊर्जा नष्ट हो जाती है। इसी के साथ इससे पॉजिटिविटी आती है। शाम के समय घर में दीपक अवश्य जलाएं। इससे कुछ ही दिनों में घर से नकारात्मकता का नाश होगा।

* कई बार लोग मंदिर दर्शन के लिए जाते हैं, तो घर से खाली हाथ चले जाते हैं और मंदिर से ही जल लेकर भगवान को अर्पित करते हैं। हालाँकि वास्तु में इसे गलत बताया गया है। वास्तु जानकारों का कहना है कि मंदिर जाते समय घर से जल भरकर लोटा लेकर जाना चाहिए।

जी हाँ क्योंकि ऐसा करने से घर में कंगाली नहीं आती। इसी के साथ मंदिर से वापस आते समय भी जल भरकर ही लाना चाहिए। अगर आप खाली लोटा लाते हैं, तो इससे आपकी आर्थिक स्थिति खराब हो जाती है और व्यक्ति को पैसों की कमी हो जाती है।

# मुझे उम्मीद है कि लोग मेरे काम के बारे में बात करना शुरू करेंगे : नागा चैतन्य



**नागा चैतन्य** इन दिनों अपनी अपकमिंग बॉलीवुड फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' को प्रमोट कर रहे हैं। एक्टर ने प्रमोशन के दौरान एक इंटरव्यू में कहा कि उनकी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा लोग उनकी पर्सनल लाइफ के बारे में बातें करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि वो उम्मीद करते हैं कि लोग उनके काम के बारे में भी बात करें। नागा ने एक इंटरव्यू में कहा, मेरी फिल्मों से ज्यादा लोग मेरी पर्सनल लाइफ के बारे में बात करते हैं। यह बेहद दुख की बात है लेकिन अभी समय ऐसा ही है और कुछ मीडिया सेक्शन भी इसी तरह की रिपोर्ट करना पसंद कर रहे हैं। हर किसी के अपने अलग रास्ते होते हैं। हालांकि, एक एक्टर के तौर पर यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं हार्ड वर्क करता रहूं। एक न एक दिन मेरी मेहनत का फल मुझे मिलेगा। नागा ने बातचीत के दौरान आगे कहा, मैं इस बारे में पॉजिटिव रहना चाहता हूं। 11 अगस्त के बाद से शायद मेरे लिए चीजें बदल जाएं और मुझे उम्मीद है कि लोग मुझे पसंद करेंगे। साथ ही वो मेरे काम के बारे में भी बात करना शुरू कर देंगे। नागा ने 'लाल सिंह चड्ढा' के बारे में बात करते हुए कहा, यह एक बड़ी रिलीज है। ओपनिंग के मामले में मुझे ज्यादा एक्सपोजर मिलेगा और यह सिर्फ उन लोगों की वजह से है, जिनसे मैं इस प्रोजेक्ट के दौरान मिला हूं। मैं अच्छी वाली नर्वसनेस फील कर रहा हूं। जब इस तरह की फिल्में आती है तो यह सुनामी की तरह होती हैं, इन्हें कोई नहीं रोक सकता है। मैं इस बारे में कॉन्फिडेंट हूं कि हमारी फिल्म भी ऐसा कुछ करने में कामयाब हो। बता दें, नागा चैतन्य पिछले साल अक्टूबर में सामंथा रुथ प्रभु से अलग हुए हैं। तब से उनकी पर्सनल लाइफ चर्चाओं में हैं। दोनों ने कई साल तक डेट करने के बाद अक्टूबर 2017 में ग्रैंड वेडिंग की थी। हाल ही में सामंथा ने नागा से अलग होने के बाद नया घर भी खरीदा है।

नागा चैतन्य 'लाल सिंह चड्ढा' से अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं। यह फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को आमिर खान प्रोडक्शन, किरण राव और वायाकॉम 18 ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। नागा के अलावा फिल्म में आमिर खान, करीना कपूर खान और मोना सिंह भी लीड रोल में हैं। यह फिल्म टॉम हैंक की अकेडमी अवॉर्ड विनिंग फिल्म 'फॉरेस्ट गंप' का हिंदी रीमेक है।

# रणवीर के बोल्ड फोटोशूट पर राखी सावंत का सामने आया मजेदार वीडियो, बोलीं- हाय हाय गर्मी



रणवीर सिंह के बोल्ड फोटोशूट पर शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोशल मीडिया पर रणवीर सिंह को ट्रोल किया जा रहा है। लेकिन मनोरंजन जगत से अभिनेता को पूरा सपोर्ट मिला है। बॉलीवुड से लेकर टीवी जगत के कई सितारों ने रणवीर सिंह के फोटोशूट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए ट्रोल्स को करारा जवाब दिया है। राखी सावंत भी इस मामले में रणवीर का समर्थन कर चुकी हैं और अब राखी ने एक बार फिर इस मामले पर अपनी राय रखी है। राखी ने एक मजेदार वीडियो शेयर करते हुए कहा है कि रणवीर सिंह ने बोल्ड फोटोशूट करवाकर भारतीय महिलाओं पर उपकार किया है। दरअसल, राखी सावंत ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह रणवीर सिंह की बोल्ड फोटोज पर बोलती दिख रही हैं। राखी कह रही हैं कि मैं अभी दुबई से आई हूं और मैं अभी भी रणवीर के बोल्ड फोटोशूट के बारे में सुन रही हूं। लड़कियां कैमरे के सामने बोल्ड होती रहती हैं। अगर रणवीर न्यूड होकर आया है तो कितनी मेहरबानी हुई है। रणवीर को कही मेरी ही नजर न लग जाए। मेरे प्यारे दोस्त तुम ऐसे ही फोटोशूट करवाओं। मैं तुम्हें ऐसे ही देखना चाहती हूं।' इस वीडियो में राखी रणवीर सिंह के लिए 'हाय हाय गर्मी' गाना भी गाती हैं।

राखी सावंत का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो पर फैंस मजेदार कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने राखी सावंत के बॉयफ्रेंड आदिल की बात की। यूजर ने लिखा, 'आदिल मारेगा तुमको।' एक और यूजर ने लिखा, 'अरे आप रणवीर की बात कर रही हैं। उर्फी को ही ले लो।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'आप रणवीर का डिवॉर्स करवा दोगी।' राखी के इस वीडियो को अब तक हजारों लोगों ने देखा है। इससे पहले भी राखी सावंत ने रणवीर के बोल्ड फोटोशूट पर एक बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि मुझे फोटो कही से भी न्यूड नहीं लगा, तुम्हारी आंखे ऐसी हो गई हैं। मेरे दोस्त रणवीर के बारे में कोई भी कुछ नहीं कहेगा। इस फोटो के पीछे की एक स्टोरी है, जो रणवीर नहीं बता सकते इसलिए उनकी दोस्त बताएगी। इतनी गर्मी हो रही है लंदन, अमेरिका, दुबई, यहां भी बहुत गर्मी है। अगला बंदा क्या करेगा? एसी काम नहीं कर रहा था, वो बस कपड़े निकालकर नहाने गया था। इतने में दो बंदर उनके कपड़े उठाकर भाग गए। इसमें रणवीर क्या करेगा दोस्तों। रणवीर नीचे बैठ गया, फिर लेट गया कि लो खींच लो।' राखी के इस मजेदार रिएक्शन का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था।

# 'रॉकेट्री' की सफलता पर रजनीकांत ने माधवन को किया सम्मानित



**आर माधवन की** फिल्म 'रॉकेट्रीः द नंबी इफेक्ट' को दर्शकों का बेहद प्यार मिला। सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म में माधवन ने इसरो साइंटिस्ट नंबी नारायण की कहानी को दिखाया था। इस फिल्म के समर्थन में कई कलाकारों ने सोशल मीडिया पर शेयर किया था। वहीं, अब इस फिल्म के लिए माधवन को साउथ सुपरस्टार रजनीकांत ने सम्मानित किया है। हाल ही में, रजनीकांत ने आर माधवन और नंबी नारायण से मुलाकात की। साउथ सुपरस्टार ने फिल्म की सफलता के बाद माधवन और नंबी नारायण को सम्मानित किया। इस मौके की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।

आर माधवन ने सोशल मीडिया पर वीडियो और तस्वीरें शेयर की हैं। पहले वीडियो में रजनीकांत माधवन को शॉल ओढ़ाते हैं, जिसके बाद माधवन रजनीकांत के पैर छूते हैं। दूसरे वीडियो में रजनीकांत नंबी नारायण को शॉल ओढ़ाते दिख रहे हैं। इसके बाद, इस मौके की दो खूबसूरत तस्वीरें भी दिखाई गई हैं, जो सोशल मीडिया पर अब वायरल हो रही हैं। फैंस इस पोस्ट पर कमेंट कर अपना प्यार जाहिर कर रहे हैं।

आर माधवन ने इस पोस्ट के साथ एक खूबसूरत कैप्शन दिया है, जिसमें उन्होंने रजनीकांत का धन्यवाद कहा है। उन्होंने लिखा, 'जब आपको एक-मैन इंडस्ट्री और खुद लीजेंड के सामने दूसरे लीजेंड से आशीर्वाद मिलता है। यह अनंत काल के लिए अंकित क्षण होता है। आपके दयालु शब्द और प्यार के लिए धन्यवाद रजनीकांत सर। इस प्रेरणा ने हमें पूरी तरह से तरोताजा कर दिया है। हम आपको पूरी दुनिया की तरह प्यार करते हैं।' सोशल मीडिया पर आर माधवन का यह पोस्ट खूब पसंद किया जा रहा है। फैंस इस पोस्ट पर कमेंट कर दोनों कलाकारों और नंबी नारायण के लिए प्यार जाहिर कर रहे हैं। फिल्म 'रॉकेट्रीः द नंबी इफेक्ट' जासूसी के झूठे आरोपों में गिरफ्तार हुए अंतरिक्ष वैज्ञानिक नंबी नारायणन की कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में जहां इंटरवल से पहले नंबी नारायणन की उपलब्धियों और स्पेस विज्ञान में उनके योगदान को दर्शाया गया है। वहीं, इंटरवल के बाद उनके साथ हुए अत्याचार और अन्याय की लड़ाई को दिखाया गया है। 20 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने 40 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर भी आ चुकी है।

# "विक्रांत रोणा' जैसी फिल्म बनाने के लिए हिम्मत की जरूरत : राजमौली



कन्नड़ स्टार किच्चा सुदीप की पैन इंडिया फिल्म 'विक्रांत रोणा' ने बॉक्स ऑफिस पर एक ठोस शुरुआत की है। इस फिल्म ने दो दिनों में 38 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म को क्रिटिक्स के साथ-साथ सेलेब्स से भी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है। इस बीच बाहुबली और आरआरआर जैसी फिल्में बनाने वाले एसएस राजामौली ने भी विक्रांत रोणा की प्रशंसा करते हुए इसे 'शानदार' बताया है। साथ ही उन्होंने सुदीप को इसकी सफलता के लिए बधाई भी दी है।

राजामौली ने रविवार को ट्विटर पर लिखा, 'विक्रांत रोणा की सफलता पर किच्चा सुदीप को बधाई। इस तरह की फिल्म में निवेश करने के लिए हिम्मत और विश्वास की जरूरत होती है। आपने निवेश किया और अब यह आपको वापस मिल रहा है। फिल्म का प्रीक्लाइमैक्स शानदार था।'

बता दें कि राजामौली ने 2012 की फिल्म ईगा का निर्देशन किया था इस फिल्म में किच्चा सुदीप ने निगेटिव रोल निभाया था। वहीं, 2015 की ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबलीः द बिगिनिंग में भी वह एक छोटी सी भूमिका में नजर आए थे। राजामौली की तारीफ से सुदीप के फैंस यह अनुमान लगा रहे हैं कि दोनों जल्द ही किसी नए प्रोजेक्ट पर साथ काम कर सकते हैं। राजामौली के इस पोस्ट पर फैंस के रिएक्शन भी आने शुरू हो गए हैं। कई प्रशंसकों ने कहा कि राजामौली की मान्यता से पता चलता है कि फिल्म कितनी अच्छी है। गौरतलब है कि फिल्म का निर्देशन अनूप भंडारी ने किया है। फिल्म में निरुप भंडारी, नीता अशोक और जैकलीन फर्नांडीज भी हैं। यह फिल्म 95 करोड़ के बजट के साथ, अब तक की सबसे महंगी कन्नड़ फिल्मों में से एक है। 29 जुलाई को रिलीज होने के बाद बॉक्स ऑफिस पर यह अच्छी कमाई कर रही है। उम्मीद है कि फिल्म जल्द ही 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लेगी।

# एक्स गर्लफ्रेंड उर्फी जावेद को लेकर पारस कलनावत ने तोड़ी चुप्पी, कहा- अगर मुझे किसी से...



उर्फी जावेद अक्सर सोशल मीडिया पर अपने अतरंगी कपड़ों को लेकर चर्चा में रहती हैं। कभी-कभी वह उल्टे-सीधे बयान देकर भी सुर्खियां बटोरती रहती हैं। उर्फी का नाम अनुपमा के स्टार पारस कलनावत के साथ भी जुड़ चुका है। वहीं पारस इन दिनों अनुपमा सीरियल की वजह से सुर्खियों में बने हुए हैं। अनुपमा के मेकर्स ने पारस को कॉन्ट्रैक्स खत्म हुए बिना झलक दिखला जा 10 को साइन करने की वजह से शो से निकाल दिया है।

अनुपमा शो में पारस अनुपमा के छोटे बेटे का रोल निभाते थे। उर्फी के साथ पारस का नाम जुड़ा था, लेकिन बाद में दोनों का ब्रेकअप हो गया। अब उर्फी ने पारस के साथ अपने रिलेशन के खत्म होने के कारण का खुलासा किया है। उर्फी ने बताया कि उनके ब्रेकअप की वजह पारस का पॉजेसिव होना है। उर्फी ने ये भी कहा कि पहले उनको अनुपमा शो में लिया जाना था, लेकिन फिर पारस की वजह से ऐसा नहीं हो पाया।

उर्फी की इन बातों का पारस ने एक इंटरव्यू के दौरान जवाब दिया है। पारस कलनावत ने कहा कि मेरे बारे में कोई बुरा बोलकर खुश है तो मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है। इस बारे में बात करने के लिए मुझमें गुस्सा होना चाहिए, लेकिन मेरे अंदर किसी के लिए कोई बुरी भावना नहीं है। अगर मुझे किसी के दिक्कत है, तो मैं आगे आकर उससे इस बारे में बात करूंगा, बजाय उस इंसान के बारे में कुछ भी बोलने के। ये बात शायद बहुत ही कम लोग जानते होंगे कि पारस कलनावत और उर्फी जावेद काफी समय तक रिलेशनशिप में रहे हैं। दोनों ने एकसाथ 'मेरी दुर्गा' नाम के टीवी शो में काम भी किया है।

# नहीं रहीं बंगाली सिंगर निर्मला मिश्रा : 81 साल की उम्र में हार्ट अटैक से हुआ निधन




फेमस बंगाली सिंगर निर्मला मिश्रा का 81 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्हें रविवार को कोलकाता के चेतला स्थित उनके आवास पर हार्ट अटैक आया, जिसके बाद उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया। उसके बाद डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। निर्मला काफी समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रही थीं पिछले कुछ महीनों से बिस्तर पर ही थीं। निर्मला से जुड़े सूत्रों के मुताबिक उन्हें रात करीब 12:05 पर दिल का दौरा पड़ा था। जिसके बाद उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। निर्मला को आज (31 जुलाई) रवींद्र सदन ले जाया जाएगा। उसके बाद उनका अंतिम संस्कार कोरताला श्मशान घाट में किया जाएगा। बता दें इससे पहले उन्हें 2 बार हार्ट अटैक आ चुका था। निर्मला की बात करें तो वो सबसे फेमस सिंगर्स में से एक थीं। उन्हें बालकृष्ण दास अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने उन्होंने उड़िया और बंगाली फिल्मों के लिए कई गाने गाए हैं, जैसे 'इमोन एकता झिनुक', 'बोलो तो अर्शी', 'कागोजेर फूल बोले', 'ई बांग्लार माटी चाय', 'आमी तोमर', आदि। बता दें निर्मला की मौत पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी दुख जताया है।

# बॉयफ्रेंड के साथ क्वालिटी टाइम बिता रहीं बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन की एक्स पत्नी सुजैन खान



बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन इन दिनों अपनी गर्लफ्रेंड सबा आजाद को लेकर काफी चर्चा में हैं। वह अक्सर अपनी गर्लफ्रेंड के साथ स्पॉट किए जाते हैं। ऋतिक रोशन का उनकी पत्नी सुजैन खान से तलाक हो चुका है और सुजैन इन दिनों अपने बॉयफ्रेंड अर्सलान गोनी की वजह से सुर्खियों में हैं। अर्सलान और सुजैन अक्सर अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते रहते हैं। हाल ही में सुजैन ने अर्सलान के साथ सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है।

सुजैन खान ने सोशल मीडिया पर जो वीडियो साझा कि या है, उसमें वह अपने बॉयफ्रेंड के साथ नजर आ रही हैं। वीडियो में दोनों की रोमांटिक तस्वीरें नजर आ रही हैं और वह एक-दूसरे पर प्यार लुटाते नजर आ रहे हैं। अर्सलान और सुजैन दोनों वेकेशन पर निकले हैं और वहीं से उन्होंने वीडिया साझा किया है। दोनों के इस वीडियो पर फैंस से लेकर सेलेब्स तक कमेंट कर रहे हैं।

सिर्फ इतनी ही नहीं वीडियो को साझा करते हुए सुजैन ने बेहतरीन कैप्शन भी दिया है। उन्होंने लिखा है- मुझे नहीं पता कि तुमको क्या बताया गया है...समय बीत रहा है इसलिए इसे सोने की तरह खर्च करो...मेरे प्यारे कैलिफोर्निया हमें हमारा बेस्ट समर देने के लिए धन्यवाद। इस कैप्शन के साथ सुजान ने खूब सारे इमोजी भी बनाए हैं।

हालांकि तलाक के बाद भी ऋतिक और सुजैन दोस्त की तरह साथ हैं। दोनों को अक्सर किसी न किसी खास अवसर पर साथ देखा जा सकता है। कभी बच्चों के बर्थडे पर तो कभी किसी और खास मौके पर दोनों साथ नजर आते हैं। कुछ समय पहले प्रीति जिंटा ने भी एक तस्वीर साझा की थी, जिसमें ऋतिक रोशन, प्रीत जिंटा, सुजैन खान और सोनाली बेंद्रे नजर आ रहे थे।

# बीते दो महीनों में साउथ ने बॉक्स ऑफिस पर किया राज

**बॉक्स ऑफिस** पर पिछले समय से बॉलीवुड की ज्यादातर फिल्में फ्लॉप हो रही हैं। गिनी-चुनी फिल्मों को छोड़ दिया जाए तो इस साल हिंदी सिनेमा ने हिट से ज्यादा फ्लॉप का दौर देख लिया है। अच्छी कहानी और स्टारकास्ट के बावजूद दर्शक सिनेमाघरों तक आने के लिए तैयार नहीं हैं। एक से बढ़कर एक शानदार फिल्में होने के बावजूद वे टिकट खिड़की पर फ्लॉप ही साबित हो रही हैं। जून में रिलीज हुई 'सम्राट पृथ्वीराज' से लेकर जुलाई में 'शमशेरा' और 'एक विलेन रिटर्न्स' तक करीब 17 फिल्में रिलीज हो चुकी हैं, लेकिन कोई भी फिल्म ऐसी नहीं है जो ब्लॉकबस्टर साबित हुई हो और उसने धुआंधार कमाई की हो। तो चलिए आज हम आपको जून और जुलाई में रिलीज हुईं फिल्मों और उनके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के बारे में बताने जा रहे हैं।



**सम्राट पृथ्वीराज**

सम्राट पृथ्वीराज अक्षय कुमार की बड़ी पीरियॉडिक फिल्मों से एक है। लेकिन यशराज की ये फिल्म इस साल की और अक्षय कुमार के करियर की सबसे बड़ी डिजास्टर साबित हुई है। 175 करोड़ रुपये में निर्देशक चंद्रप्रकाश द्विवेदी के निर्देशन बनी फिल्म ने महज 90.32 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।

**विक्रम**

विक्रम के जरिए कमल हासन ने पर्दे पर चार साल बाद वापसी की थी। लेकिन कमल हसन का ये कमबैक सफल रहा। इस फिल्म में कमल हासन के अलावा सूर्या और विजय सेतुपति भी थे। 150 करोड़ में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 442.45 करोड़ रुपये का करोबार किया था।

**मेजर**

26/11 को हुए मुंबई के ताज होटल में हुए हमले में शहीद मेजर संदीप उन्नीकृष्णन के जीवन पर बनी इस फिल्म में मेजर का किरदार आदिवि शेष ने निभाया है। ये फिल्म पैन इंडिया रिलीज हुई थी और 35 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर वर्ल्ड वाइड 64 से 66 करोड़ की कमाई की है।

**जनहित में जारी**

कंडोम जैसे बोल्ड विषय को लेकर जय बसंतु के निर्देशन में बनी फिल्म जनहित में जारी भी सुपर फ्लॉप हुई थी। हालांकि इस फिल्म की कहानी भी सबसे अलग थी, लेकिन फिर भी दर्शकों ने फिल्म को नकार दिया। जनहित में जारी में नुसरत भरूचा ने कंडोम सेल्स गर्ल की मुख्य भूमिका निभाई है। करीब 12 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने टिकट खिड़की पर 5.12 करोड़ रुपये का कारोबार किया।

**निकम्मा**

अभिमन्यू दसानी, शिर्ले सेतिया और शिल्पा शेट्टी स्टारर ये फिल्म इस साल की सुपर फ्लॉप फिल्मों में शामिल है। 15 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर महज 1.77 करोड़ का कारोबार किया था। निकम्मा तेलुगू फिल्म मिडिल क्लास अब्बाई का हिंदी रीमेक है।

**जुग जुग जियो**

यशराज के बैनर तले बनी ये फिल्म भी ब्लॉकबस्टर नहीं साबित हो पाई। इस फिल्म में वरुण धवन, कियारा आडवाणी, अनिल कपूर और नीतू कपूर मुख्य भूमिका में शामिल थे। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे परिवार की है, जिसमें कोई अपनी शादीशुदा जिंदगी में खुश नहीं है और वो एक-दूसरे से तलाक लेना चाहते हैं। राज मेहता के निर्देशन में 85 करोड़ बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 135.1 करोड़ रुपये की कमाई की है।

**रॉकेट्रीः द नांबी इफेक्ट**

इसरो के पूर्व वैज्ञानिक नंबी नारायण के जीवन पर आधारित फिल्म रॉकेट्रीः द नांबी इफेक्ट जुलाई में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में नंबी नारायण को जासूसी के आरोपों में फंसाने से लेकर उनके जीवन के तमाम संघर्षों के बारे में दिखाया गया है। आर माधवन की ये एक बहुत शानदार फिल्म है। रॉकेट्री का बजट करीब 60 करोड़ रुपये था। इस पैन इंडिया फिल्म ने अब तक 30 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।

**राष्ट्र कवच ओम**

आदित्य रॉय कपूर और संजना सांघी की फिल्म राष्ट्र कवच ओम कपिल वर्मा ने निर्देशित किया है। ये एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका बजट करीब 40 करोड़ रुपये था और फिल्म ने 9.01 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।

**खुदा हाफिज**

बॉलीवुड के एक्शन स्टार कहे जाने वाले अभिनेता विद्युत जामवाल की खुदा हाफिज भी इसी महीने रिलीज हुई थी। ये फिल्म भी फ्लॉप रही। फारूख कबीर ने निर्देशन में बनी इस फिल्म को करीब 30 करोड़ रुपये में बनाया गया था और मूवी ने महज 14 करोड़ का कारोबार किया।

**शाबाश मिथु**

महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज के जीवन पर आधारित इस फिल्म में तापसी पन्नू ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म का ट्रेलर लोगों को खूब पसंद आया था, लेकिन कहानी में कुछ खास नहीं होने की वजह ये ये बायोपिक फ्लॉप हो गई। 30 करोड़ रुपये में बनी ये फिल्म पांच करोड़ रुपये तक भी नहीं पहुंच पाई और महज 2.38 करोड़ में ही फुस्स हो गई।

**हिट**

राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा स्टारर ये फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। तकरीबन 35 से 40 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने अब तक महज 8.5 करोड़ रुपये का ही कारोबार किया है।

**शमशेरा**

रणबीर कपूर की शमशेरा तो बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हुई है। किसी ने सोचा नहीं था कि रणबीर की फिल्म इतनी बुरी तरीके से फ्लॉप होगी। 150 करोड़ रुपये के बजट में बनी ये फिल्म बमुश्किल 61 करोड़ रुपये कमा पाई है।

# फैशन शो में अर्जुन कपूर को चीयर करती दिखीं मलाइका अरोड़ा, बॉन्डिंग देख फैंस बोले- कपल गोल्स



बॉलीवुड इंडस्ट्री में कई ऐसे कपल मौजूद है, जो अक्सर फैंस को रिलेशनशिप गोल्स देते नजर आते हैं। बी टाउन के ऐसे ही मशहूर कपल्स में से एक अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा अक्सर साथ नजर आते हैं। दोनों सोशल मीडिया पर भी एक दूसरे जमकर प्यार लुटाते दिखाई देते हैं। इतना ही नहीं दोनों कैमरे के सामने भी अक्सर रोमांटिक अंदाज में नजर आते हैं। इसी बीच इंटरनेट पर अर्जुन और मलाइका का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में एक बार फिर कपल की परफेक्ट बॉन्डिंग देखने को मिली। साथ ही वीडियो में दोनों कपल गोल्स देते भी नजर आए। सामने वीडियो में अभिनेता अर्जुन कपूर एक फैशन शो के दौरान रैंप वॉक करते नजर आ रहे हैं। वहीं दर्शकों में बैठी अभिनेता की गर्लफ्रेंड और एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा उन्हें चियर करती दिख रही हैं। इस दौरान मलाइका ना सिर्फ मोबाइल से अर्जुन की तस्वीरें और वीडियो ले रही हैं, बल्कि ताली बजाकर उनका उत्साहवर्धन दे कर रही हैं। वीडियो में अभिनेता काले रंग के ट्रेडिशनल वियर में बहुत हैंडसम लग रहे हैं। जबकि अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा गोल्डन रंग के आउटफिट में बेहद ग्लैमरस लग रही हैं। अर्जुन और मलाइका के इस वीडियो को विरल भयानी में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि अर्जुन कपूर को रैंप क करता देख मलाइका काफी उत्साहित हैं। उनका यह उत्साह और खुशी वीडियो में साफ नजर आ रही है। मलाइका और अर्जुन के वीडियो पर उनके फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं। साथ ही इन पर कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।






# अगले 5 साल में पेशेवरों को सीखनी होंगी एक्स्ट्रा स्किल्स



टेक्नोलॉजी के विस्तार से पारंपरिक नौकरियां पिछड़ रही हैं जबकि तकनीक से जुड़े जॉब्स में बढ़ोतरी हो रही है। वित्त वर्ष 2022 में भारत में अकेले आईटी सेक्टर ने ही 4.5 लाख नई हायरिंग्स की। हालांकि इन नौकरियों में उन पेशेवरों को प्राथमिकता दी गई, जिनके पास डिग्री के अतिरिक्त स्किल्स थे। अब कंपनियां जॉब के लिए डिग्री के साथ-साथ एक्स्ट्रा स्किल्स वाले पेशेवरों को हायर करना अधिक पसंद कर रहे हैं। रिक्रूटमेंट एजेंसी मॉन्स्टर डॉट कॉम के सर्वे के मुताबिक अगले पांच साल में जॉब रेडी बनने के लिए 40 फीसदी भारतीयों को रीस्किलिंग की आवश्यकता होगी। वहीं 60 प्रतिशत पेशेवरों को अपस्किलिंग की जरूरत होगी। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि अपस्किलिंग व रिस्किलिंग क्या है। जब कोई प्रोफेशनल अपनी मौजूदा नौकरी से संबंधित नई स्किल्स सीखता है तो उसे अपस्किलिंग कहते हैं। वहीं अगर कोई कंपनी टेक्नोलॉजी या किसी अन्य वजह से कार्यशैली में बदलाव करती है और अपने कर्मचारियों को उसी अनुसार नई स्किल्स सिखाती है तो उसे रिस्किलिंग कहते हैं।

### डिजिटल मार्केटिंग की मांग सबसे अधिक

एक रिपोर्ट के मुताबिक आने वाले वर्षों में टॉप-5 क्षेत्रों- बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विस एंड इंश्योरेंस (बीएफएसआई), आईटी, रिटेल, हेल्थकेयर और प्रोडक्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग में नौकरी के लिए अपस्किलिंग व रिस्किलिंग की जरूरत होगी। वर्तमान में एसईओ व डिजिटल मार्केटिंग स्किल्स की मांग सबसे अधिक है। इसके बाद डेटा साइंस, क्लाउड कम्प्यूटिंग, एआई/एमएल, साइबर सिक्युरिटी व ब्लॉकचेन की स्किल्स की मांग सबसे अधिक है।

### सभी फील्ड के लिए अलग-अलग हैं अपस्किलिंग से संबंधित कोर्स

अपस्किलिंग को इस उदाहरण से समझिए- मान लीजिए आप टीचिंग प्रोफेशन से जुड़े हैं तो आपको ऑनलाइन एजुकेशन से जुड़े सभी टूल्स सीखने होंगे ताकि जरूरत पड़ने पर छात्रों को ऑनलाइन पढ़ा सकें। उदाहरण के तौर पर वीडियो क्लास कैसे रिकॉर्ड करें, छात्रों के लिए ऑनलाइन नोट्स कैसे तैयार करें आदि। ऐसे ही यदि आप नर्सिंग फील्ड से हैं तो पेन मैनेजमेंट, वुन्ड असेसमेंट, ड्रग्स मैनेजमेंट जैसे कोर्स आपके करिअर को आगे बढ़ाने में मददगार साबित हो सकते हैं।

### रिस्किलिंग के लिए अधिकांश कंपनियां खुद ही करती हैं प्रशिक्षित

अपने कर्मचारियों की रिस्किलिंग के लिए कंपनियां खुद ही ट्रेनिंग कराती हैं। ऐसा करने पर उन्हें नई हायरिंग नहीं करनी पड़ती। हालांकि कई कंपनियां पुराने कर्मचारियों की छंटनी करके नई हायरिंग भी करती हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने जॉब प्रोफाइल से जुड़ी नई स्किल्स खुद ही सीख लें। इससे आपकी नौकरी सुरक्षित रहेगी। इसके अलावा आप अपने जॉब प्रोफाइल से जुड़े नए कोर्स एडटेक प्लेटफॉर्म, आईआईटी, आईआईएम जैसे विभिन्न संस्थानों से कर सकते हैं।

# इन स्किल्स को अपना कर अपने कल को बेहतर बनाएं



आपको कैसे पता चलेगा कि आपको जो शिक्षा मिल रही है वो आपके भविष्य में आपका साथ देगी। समय अपनी गति के अनुसार बढ़ रहा है और सब कुछ उसी के साथ अपग्रेड हो रहा है। शिक्षा का स्तर भी आगे बढ़ता जा रहा है। आपको पता होगी कि नए शैक्षिक सत्र के लिए भी हर साल पाठ्यक्रम को संशोधित किया जाता है, इसलिए जो छात्र एक कक्षा को उत्तीर्ण कर चुके हैं वे नए पाठ्यक्रम के अनुसार फिर से कुछ नया सीकते हैं। ऐसे ही क्रम आगे बढ़ता है। आने वाले समय में कंपनी की मांगे भी बढ़ेंगी और कंपनी नए नए ढंग से उम्मीदवारों का चुनााव करेंगी। इसके लिए आज ही सुनिश्चित करना होगी कि जो शिक्षा आपको मिल रही है वे आगे भविष्य में कितने प्रतिशत काम आएगी।

### सोच को रखें नकारात्मक

छात्रों को एक महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण विकसित करना चाहिए, उन्हें अपने काम और लक्ष्यों को लेकर भावुक होना चाहिए। छात्रों को आत्म-प्रशंसा सीखने, अपनी सकारात्मक छवि बनाने और प्रतिस्पर्धी माहौल में अपनी कौशलता का प्रदर्शन करने की आवश्यकता है। छात्रों को अपनी सोच सकारात्मक रखनी चाहिए और उन्हें केवल विकासशील युग में इन कौशल को सीखने की आवश्यकता है ताकि वे एक आशाजनक भविष्य प्राप्त कर सकें।

### नैतिकता का रखें ख्याल

छात्रों को नैतिकता सीखने की जरूरत है। जैसे- व्यावसायिक और सामाजिक नैतिकता जो किसी भी नौकरी के लिए आवश्यक हैं। छात्र उच्च योग्यता की डिग्री तो प्राप्त कर लेते हैं लेकिन संगठन में लोगों के साथ उनके व्यवहार की वजह से उन्हें अभी भी स्थायी नौकरी नहीं मिल सकती है इसलिए छात्रों को सही नैतिकता सिखाई जानी चाहिए, जिसमें संचार शामिल है। व्यक्तियों का सम्मान करना और संस्कृतियों की विविधता को समझना और स्वीकार करना आना चाहिए।

### कौशल, सीखना और अनुभव, ये तीनों सबसे महत्वपूर्ण हैं-

छात्रों को अपने अकादमिक स्किल्स के साथ कुछ एक्स्ट्रा स्किल्स को विकसित करने की आवश्यकता है जो उन्हें लंबे समय तक अपने करियर में सरवाइव करने में मदद करेंगी। किसी भी नौकरी के लिए पारस्परिक संचार, कम्युनिकेशन स्किल्स , प्रेजेंटेशन स्किल्स और कॉलेबोरेट स्किल्स जैसी स्किल्स महत्वपूर्ण हैं। छात्रों को व्यावहारिक स्किलस सीखने और उन्हें सही तरीके से लागू करने की आवश्यकता है। छात्रों को आगे के भविष्य में सीखने और अनुभव का उपयोग करने की आवश्यकता है।

### ज्ञान के लिए उत्सुकता जरूरी -

छात्रों का मन उत्सुकता से भरा रहता है। इस उत्सुकता का प्रयोग छात्र नए अवसर को खोजने में कर सकते हैं। जो छात्र नए अवसरों को खोजने का हुनर रखते हैं वे हमेशा कुछ नया करने और चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं। उनका ज्ञान बढ़ता है और इसलिए वे बहुमुखी और मल्टीटास्किंग बन जाते हैं।

### समायोजन के लिए क्षमता

जो छात्र किसी भी स्थिति में स्वतंत्र रूप से समायोजित कर सकते हैं वे असहज वातावरण में भी लंबे समय तक चलते हैं कभी रूकते नहीं हैं। इसके अलावा, छात्रों को सफलता प्राप्त करने के लिए नए कौशल सीखने और खुद को अपडेट करने की आवश्यकता है।

## नाखूनों का ख्याल रखना बेहद जरूरी



चेहरे और बालों के साथ- साथ नाखूनों का भी ख्याल रखना बेहद जरूरी है। क्योंकि हाथ-पैर की खूबसूरती बढ़ाने वाले नाखून बीमार भी हो सकते हैं। नाखूनों को भी रोग घेर सकते हैं, जिसमें फंगल इन्फेक्शन आम है। यह समस्या तब पैदा होती है जब फंगस हमारे शरीर से चिपक जाते हैं लेकिन जब इनकी मात्रा बढ़ जाती है तो यह फंगस संक्रमित हो जाते हैं और संक्रमण फैला देते हैं। इस बीमारी को आप कुछ घरेलू नुस्खों से घर बैठे ही ठीक कर सकते हैं।

नारियल तेल :अगर फंगस ज्यादा नहीं बढ़ी है तो आप नारियल का तेल इस्तेमाल कर सकते हैं। कोकोनट ऑयल में एंटीफंगल तत्व होते हैं जो नाखूनों को स्वस्थ बनाते हैं। नाखूनों में होने वाली जलन, सूजन व दर्द से आराम पाने के लिए आप तेल में चुटकीभर हल्दी मिला सकती है। एलोवेरा जैल :फंगस से छुटकारा पाने के लिए एलोवेरा बेहद फायदेमंद है। दिन में 2 बार एलोवेरा जेल से नाखूनों की मसाज करें, रात को सोने से पहले करना बेस्ट रहेगा। एलोवेरा की मदद से आप जलन, सूजन व पीलेपन की समस्या से भी आराम पा सकेंगे। बेकिंग सोडा : बेकिंग सोडा नाखूनों के लिए भी बेहद उपोगी है। इसमें एक्सफोलिएटिंग गुण होने से स्किन पर जमा गंदगी साफ होने में मदद मिलती है। इसके लिए 1 छोटा चम्मच बेकिंग सोडा में जरूरत अनुसार नींबू का रस मिलाकर पेस्ट बनाएं। फिर इसे हल्के हाथों से रगड़ते हुए नाखूनों पर लगाएं। करीब 10 मनट तक इसे नाखूनों पर लगा रहने दें।

# स्टेटमेंट्स एक्सेसरीज बन गई है लड़कियों की पहली पसंद

स्टेट्स सिंबल को बनाए रखने के लिए मेकअप, कपड़ों और फुटवियर के साथ-साथ ज्वेलरी का भी होना बहुत जरूरी है। इन दिनों सोने-चांदी के आभूषणों से ज्यादा, स्टेटमेंट नेकलेस का ट्रेंड काफी जोरों पर है। मोतियों से लेकर रंग-बिरंगे पत्थर और मैटल के स्टेटमेंट नेकलेस को आप किसी भी ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं। इन स्टेटमेंट ज्वेलरी की सबसे बड़ी खासियत यही है कि इसे आप वेस्टर्न हो या ट्रेडिशनल, किसी भी ड्रेस के साथ मैच करके पहन सकते हैं। बॉलीवुड की दीवाज की भी यह पहली पसंद बना हुआ है। स्टेटमेंट एक्सेसरीज आपको सस्ती से सस्ती और महंगी से महंगी रेंज में भी मार्कीट और ऑनलाइन एक्सेसरीज साइट्स पर आसानी से मिल जाएगी। चलिए आपको बताते हैं कि किस तरह की स्टेटमेंट्स ज्यूलरी इन दिनों लड़कियों द्वारा ज्यादा पसंद की जा रही है।

### मिरर स्टाइल

ट्रेडिशनल ड्रेस हो या वेस्टर्न ड्रेस, मिरर एक्सेसरीज हर आउटफिट के साथ पहनी जा सकती है। मेटल के स्पार्की और शाइनी नेकलेस हर उम्र की महिलाओं और यंग लड़कियों काफी पसंद आते हैं। देखने में तो ये आकर्षक होते ही हैं, साथ ही ये आपके बजट पर भारी नहीं पड़ते। मिरर ज्यूलरी में महिलाएं ईयररिंग की बजाए नेकपीस ही ज्यादा पसंद करती हैं।





लेयर्ड पर्ल चोकर

### लेयर्ड पर्ल चोकर

मोती तो वैसे आपको डिसेंट एलीगेंस लुक देते हैं। वहीं पर्ल का लेयर्ड में बने चोकर हो तो आपकी ड्रेस की ग्रेस पर वैसे ही चार चांद लग जाते हैं। पर्ल चोकर और शॉर्ट लेयर्ड पर्ल नेकलेस आप ऑफिशल पार्टी, कॉकटेल लंच और डिनर पार्टी जैसे स्पेशल मौके पर कैरी कर सकती हैं। खास बात यह है कि पर्ल फॉर्मल ड्रेसकोड पर भी अच्छे लगते हैं।

### शैल एक्सेसरीज

सी-शैल का फैशन एवरग्रीन ही रहता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि सी-शेल्स नेकलेस खराब नहीं होते और ना ही काले पड़ते हैं। वहीं, इन्हें साफ करना भी आसान है। दूसरा इसमें आपको एक से एक बढ़कर खूबसूरत रंग भी मिल जाएंगे और डिजाइन्स भी।

### सिल्वर चंकी स्टेटमेंट नेकलेस

व्हाइट इंडो-वेस्टर्न ड्रेस को सिल्वर चंकी स्टेटमेंट नेकलेस के साथ पहनेंगी तो एक अलग ही ग्रेस निकल कर आएगी। मौका कोई भी हो यह नेकलेस आपके लुक को क्लासी दिखाएगा। सिल्वर ज्वेलरी जो वैसे की वैसे ही रहती हैं।

### मल्टीलेयर्ड बीड्स नागा नेकलेस

स्मार्ट और क्लासी लुक के लिए रंग बिरंगे बीड्स से बनें इस नेकलेस आप साड़ी और गाउन दोनों के साथ कैरी कर सकते हैं।

### इन बातों का रखें ध्यान

स्टेटमेंट ज्वेलरी पहनते समय ध्यान रखें कि आपके कपड़े बिल्कुल सिंपल हों। प्लेन और एक ही रंग वाले कपड़ों के साथ स्टेटमेंट ज्वेलरी का सबसे अच्छा तालमेल बैठता है। स्टेटमेंट नेकलेस बड़े और रंगीन होते हैं और अगर आप इसे चटकीले या प्रिंटेड कपड़ों के साथ पहनेंगी तो आपका पूरा लुक खराब लगेगा।



सिल्वर चंकी स्टेटमेंट नेकलेस




# केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा प्रतियोगी की ऐसे करें तैयारी

### अभ्यर्थियों को है नोटिफिकेशन का इंतजार, पिछले कुछ सालों में कितनी बदल गई है ये परीक्षा

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए अभ्यर्थी बेसब्री से नोटिफिकेशन जारी होने का इंतजार कर रहे हैं। अगले सीटीईटी का आयोजन दिसंबर 2022 में किया जाना है। सीबीएसई द्वारा आयोजित की जाने वाली सीटीईटी देश की सबसे बड़ी शिक्षक पात्रता परीक्षाओं में शामिल है और इस परीक्षा में लाखों की संख्या में अभ्यर्थी हिस्सा लेते हैं। यह उम्मीद जताई जा रही है कि इस साल इसके दोनों पेपर्स को मिलाकर 35 से 40 लाख अभ्यर्थी इस परीक्षा में हिस्सा ले सकते हैं। वहीं अगर आप सरकारी नौकरी के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तो अपनी तैयारी को बेहतर बनाने के लिए आप सफलता डॉट कॉम पर चल रहे कई खास बैच और फ्री कोर्सेस की मदद ले सकते हैं।

### कब तक जारी हो सकता है नोटिफिकेशन

CBSE द्वारा हाल ही में दी गई एक जानकारी के मुताबिक अगके CTET का आयोजन दिसंबर 2022 में किया जाना है। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक CBSE इस परीक्षा के लिए अगले महीने मेंनोटिफिकेशन जारी कर सकती है। हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। इसलिए अभ्यर्थियों को इससे जुड़े अपडेट्स के लिए इसकी आधिकारिक वेबसाइट पर नजर बनाए रखनी चाहिए।

### पिछले कुछ सालों में कितनी बदल गई है यह परीक्षा

पिछले कुछ सालों में CTET में काफी महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं और यह परीक्षा अब काफी बदल गई है। CTET परीक्षा की डिग्री को अब पूरे लाइफटाइम के लिए मान्य कर दिया गया है। साथ ही CBSE नेCTET में पूछे जाने वाले प्रश्नों के पैटर्न में भी पिछले साल से थोड़ा बदलाव किया है। पिछले साल हुए बदलावों के बाद अब इसमें नई शिक्षा नीति के मुताबिक तथ्यात्मक ज्ञान और अधिक वैचारिक समझ वाले प्रश्न पूछे जाते हैं। इसके अलावा पिछले साल से CTET का आयोजन भी ऑफलाइन की जगह ऑनलाइन तरीके से किया जा रहा है और इस बार भी यह परीक्षा ऑनलाइन मोड में ही आयोजित की जाएगी।

### कैसे करें प्रतियोगी परीक्षाओं की पक्की तैयारी

अगर आप भी सरकारी नौकरी करने का सपना देख रहे हैं और सालों से इसके लिए तैयारी कर रहे हैं लेकिन कई कोशिशों के बाद अब तक सफल नहीं हो सकते हैं तो आप एक बार सफलता डॉट कॉम के कोर्सेस काहिस्सा जरूर बनें। सफलता इस वक्त यूपी लेखपाल, PET, IBPS, CUET, SSC और रेलवे समेत विभिन्न भर्तियों के लिए बैच और फ्री कोर्सेस चला रहा है। इन कोर्सस में दिल्ली की एक्सपर्ट फैकल्टी छात्रों कोउनकी परीक्षा के लिए तैयार करती है। इन कोर्सेस से जुड़कर आप किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की घर बैठकर कम्पलीट तैयारी कर सकते हैं और सरकारी नौकरी करने के अपने सपने को साकार कर सकते हैं।

# सरकारी नौकरी

## सचिवालय समेत कई डिपार्टमेंट में SSC से भर्ती, बनेंगे ट्रांसलेटर




कर्मचारी चयन आयोग यानी एसएससी ने जूनियर हिंदी ट्रांसलेटर (JHT) सहित कई पदों को भरने के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। नोटिफिकेशन के अनुसार, एसएससी एक परीक्षा के जरिए भारत सरकार के विभिन्न संस्थानों, विभागों और मंत्रालयों में जूनियर हिन्दी ट्रांसलेटर या सीनियर हिन्दी ट्रांसलेटर पदों पर नियुक्ति होगी। योग्य और इच्छुक कैंडिडेट 4 अगस्त तक ऑफिशियल वेबसाइट https://ssc.nic.in/ पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। स्टाफ सिलेक्शन कमीशन ने इन पदों के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 30 वर्ष मांगी है। कैंडिडेट की आयु का निर्धारण 1 जनवरी 2022 के अनुसार किया जाएगा। यानी कैंडिडेट का जन्म 02 जनवरी, 1992 से 1 जनवरी, 2004 के बीच जन्म हुआ हो। एसएससी जेएचटी का वेतनमान लेवल-6 के तहत 35400 - 112400 रुपए तक रहेगा। यानी पोस्टिंग के बाद कैंडिडेट को 57,074 रुपए इन हैंड मिलेंगे। जबकि इसके अलावा पेंशन में 4000 रुपए के करीब शामिल किए जाएंगे।

जरूरी योग्यताः जेएचटी पद के लिए कैंडिडेट का हिंदी सब्जेक्ट में पोस्ट ग्रेजुएट होना जरूरी है जिसमें अंग्रेजी भी अनिवार्य विषय के रूप में रही हो। या अंग्रेजी विषय में मास्टर डिग्री हो और इसके साथ हिंदी भी अनिवार्य विषय के रूप में रही हो। या फिर किसी भी विषय में मास्टर डिग्री हो जिसमें पढ़ाई का माध्यम अंग्रेजी या हिंदी हो। साथ ही, हिंदी से अंग्रेजी या विपरीत में ट्रांसलेशन से संबंधित डिप्लोमा या सर्टिफिकेट या किसी केंद्रीय/राज्य सरकार के विभाग/संगठन में कम से कम 2 वर्ष का अनुभव। एप्लिकेशन फीसः जनरल और ओबीसी कैंडिडेट को एप्लिकेशन फीस के तौर पर 100 रुपए देने होंगे। एससी, एसटी,पीडब्ल्यूडी और महिलाओं को एप्लिकेशन फीस नहीं देनी होगी।

## 10वीं पास के लिए एयरोनॉटिक्स कंपनी में 455 पोस्ट सरकारी नौकरी

10वीं पास और आईटीआई डिप्लोमा होल्डर्स के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) ने 455 पदों पर भर्ती निकाली है। ये सभी पद ग्रेजुएट अप्रैंटिस और टेक्निकल अप्रैंटिस के हैं। इच्छुक और योग्य कैंडिडेट ऑफिशियल वेबसाइट HAL hal-india.co.in पर जाकर सीधे अप्लाई कर सकते हैं। ऑनलाइन अप्लाई करने की आखिरी तारीख 10 अगस्त है। कैंडिडेट के पास मान्यताप्राप्त बोर्ड से 10वीं और निर्धारित ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमा होना चाहिए। इन पदों पर चयन डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और आवश्यकता पड़ी तो लिखित परीक्षा व इंटरव्यू के आधार पर किया जाएगा।

## 8वीं से लेकर 10वीं पास कर सकेंगे अप्लाई




8वीं से 10वीं पास युवाओं के लिए मद्रास हाईकोर्ट (एमएचसी) ने 1400 से ज्यादा वैकेंसी निकाली हैं। इन पदों के तहत एग्जामिनर, रीडर सीनियर बेलीफ, जूनियर बेलीफ और जेरॉक्स ऑपरेटर, ड्राइवर सहित कई पदों को भरा जाना है। इन पदों के लिए कैंडिडेट ऑफिशियल वेबसाइट mhc.tn.gov.in पर जाकर ऑनलाइन मोड में अप्लाई कर सकते हैं। अप्लाई करने की आखिरी तारीख 22 अगस्त 2022 है।

जहां तक सैलरी का सवाल है तो एग्जामिनर, रीडर, ड्राइवर और सीनियर बेलीफ को शुरुआत में 32 हजार रुपए सैलरी मिलेगी। अन्य पदों के लिए अलग-अलग सैलरी है जो कि वेतनमान 19,000 रुपए से 69,900 रुपए और 16,600 रुपए से 60,800 रुपए एवं 15,900 रुपए से 58,500 रुपए के आधार पर तय होगी। एग्जामिनर, रीडर, ड्राइवर और सीनियर बेलीफ के लिए कैंडिडेट को कम से कम 10वीं या समकक्ष परीक्षा पास होना चाहिए। अन्य पदों के लिए योग्यता 8वीं पास या फिर 10वीं है। इसके अलावा निर्धारित क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव की भी मांग की गई है। जनरल कैंडिडेट की अधिकतम आयु 32 वर्ष होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग को नियमानुसार छूट दी गई है। कैंडिडेट का चयन लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा।



## सेबी लेगी इन दो कंपनियों के खिलाफ एक्शन, संपत्तियों की होगी नीलामी



नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को कहा कि वह निवेशकों से गैरकानूनी ढंग से जुटाई गई राशि की वसूली के लिए दो कंपनियों-मेगा मोल्ड इंडिया और रीमैक रियल्टी इंडिया की संपत्तियों की नीलामी करेगा। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक सार्वजनिक सूचना में कहा कि इन दोनों कंपनियों की कुल चार संपत्तियों की नीलामी की जाएगी जिसके लिए आरक्षित मूल्य 4.05 करोड़ रुपये रखा गया है। इनमें से तीन संपत्तियां मेगा मोल्ड की हैं जबकि एक संपत्ति रीमैक रियल्टी की है। ये सभी संपत्तियां पश्चिम बंगाल में मौजूद हैं। बाजार नियामक ने कहा कि दोनों कंपनियों एवं उनके प्रवर्तकों के खिलाफ जारी वसूली प्रक्रिया के तहत इन संपत्तियों की बिक्री के लिए बोलियां आमंत्रित की जा रही हैं। नीलामी 18 अगस्त को ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। सेबी की जांच में सामने आया था कि इन कंपनियों ने गैरकानूनी ढंग से निवेशकों से बड़ी रकम जुटाई थी। उसने इन कंपनियों को यह रकम लौटाने का निर्देश दिया था लेकिन ऐसा नहीं किए जाने पर उसने संपत्तियों की नीलामी करने का फैसला किया है।

# 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी खत्म: जियो ने लगाई सबसे अधिक बोली, 4जी के मुकाबले 10 गुना अधिक तेज चलेगा इंटरनेट!



नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। 5जी स्पेक्ट्रम के लिए भारत में अब तक पहली और सबसे बड़ी नीलामी आज सोमवार को खत्म हो गई। इसमें अरबपति मुकेश अंबानी और गौतम अडानी समेत दिग्गजों ने बोली लगाई और करीब 1,50,173 करोड़ रुपये का स्पेक्ट्रम बेचा गया। यानी सरकार ने 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है।

सूत्रों के मुताबिक, इस नीलामी में मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस जियो ने अपनी टॉप स्थिति को मजबूत करने के लिए सबसे अधिक बोली लगाई। रिलायंस जियो ने 4जी की तुलना में लगभग 10 गुना अधिक तेज गति से संपर्क की पेशकश करने वाले रेडियो तरंगों के लिए सबसे अधिक बोली लगाई। इसके बाद भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया लिमिटेड का स्थान रहा। बताया जाता है कि अडानी समूह ने प्राइवेट दूरसंचार नेटवर्क स्थापित करने के लिए 26 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम खरीदा है। सूत्रों ने कहा कि किस कंपनी ने कितना स्पेक्ट्रम खरीदा, इसका ब्योरा नीलामी के आंकड़ों के पूरी तरह आने के बाद ही पता चलेगा। भारत में अबतक की सबसे बड़ी स्पेक्ट्रम नीलामी सोमवार को खत्म हो गई। सात दिन तक चली इस नीलामी में 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 5जी दूरसंचार स्पेक्ट्रम की रिकॉर्ड बिक्री हुई।

मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने कहा कि अनंतिम आंकड़ों के मुताबिक कुल 1,50,173 करोड़ रुपये की बोलियां लगाई गईं। हाई स्पीड मोबाइल इंटरनेट संपर्क की पेशकश करने में सक्षम 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी की यह राशि पिछले साल बेचे गए 77,815 करोड़ रुपये के 4जी स्पेक्ट्रम से लगभग दोगुना है। यह राशि 2010 में 3जी नीलामी से मिले 50,968.37 करोड़ रुपये के मुकाबले तीन गुना है। जियो की पैरेंट कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर सोमवार दोपहर के कारोबार में बीएसई पर 2.3% बढ़कर 2566.80 रुपये हो गए। भारती एयरटेल और वीआई के शेयर क्रमशः 1.4% और 2.5% बढ़कर 687.20 रुपये और 8.99 रुपये हो गए।

एक्सचेंज पर अडानी एंटरप्राइजेज एनएसई के 3.41% शेयर भी 2.5% बढ़कर 2,632.65 रुपये हो गए।

# सेंसेक्स 545 पॉइंट की बढ़त के साथ 58115 पर बंद

## निफ्टी 17340 के पार; ऑटो और पावर शेयर्स में तेजी




मुंबई, 1 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय मार्केट में आज तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 545.25 अंक या 0.95% बढ़कर 58,115.50 पर और निफ्टी 181.70 अंक या 1.06% ऊपर 17,340 पर बंद हुआ। निफ्टी पर टाटा मोटर्स, एमएंडएम, अदाणी पोर्ट्स, ओएनजीसी और यूपीएल टॉप गेनर्स रहे। जबकि सन फार्मा, एचडीएफसी लाइफ, एचयूएल, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज और डिविस लैब्स टॉप लूजर्स रहे। ऑटो, पावर और ऑयल एंड गैस इंडेक्स में 2-3% की तेजी के साथ सभी सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई के मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में 1-1% से ज्यादा की तेजी आई। शुक्रवार की रैली के बाद स्टॉक फ्यूचर्स कमजोर नजर आए। शुक्रवार को अमेरिकी बाजारों में शानदार तेजी रही। डाउ जोन्स में 315.50 अंकों या करीब 1% तेजी रही, यह 32,845.13 के लेवर पर बंद हुआ। एस एंड पी 500 इंडेक्स 1.4% बढ़कर 4,130.29 के स्तर पर बंद हुआ। जबकि नैस्डैक में 1.9% बढ़त रही और यह 12,390.69 के स्तर पर बंद हुआ। पूरे हफ्ते की बात करें तो डाउ में 3%, एस एंड पी 500 में 4.3% और नैस्डैक में 4.7% तेजी रही।

## जीएसटी से अब तक का दूसरा सबसे ज्यादा कलेक्शन, लगातार पांचवें महीने आई अच्छी खबर




नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। जीएसटी कलेक्शन को लेकर एक बार फिर अच्छी खबर आई है। लगातार पांचवें महीने जीएसटी कलेक्शन 1.40 लाख करोड़ रुपये के ऊपर रहा है। वित्त मंत्रालय के द्वारा जारी किए गए ताजा आंकड़ों के अनुसार जुलाई के महीने में जीएसटी कलेक्शन 1,48,995 करोड़ रुपये का हुआ। पिछले साल जुलाई की तुलना में इस बार कलेक्शन 28% अधिक है। बता दें, सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले साल इस महीने में जीएसटी कलेक्शन 1,16,393 करोड़ रुपये का हुआ था। जुलाई का जीएसटी कलेक्शन अप्रैल के बाद सबसे अधिक है। इस साल अप्रैल में सरकार ने जीएसटी कलेक्शन के जरिए 1.68 लाख करोड़ रुपये इकट्ठा किया था। बता दें, तब पहली बार जीएसटी कलेक्शन 1.50 लाख करोड़ रुपये का हुआ था। जुलाई के जीएसटी कलेक्शन में सीजीएसटी 25,751 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 32,807 करोड़ रुपये और Iजीएसटी 79,518 करोड़ रुपये थी। जबकि सेस 10,920 करोड़ रुपये कलेक्ट हुआ है। वित्त मंत्रालय की तरफ से जारी किए गए बयान में कहा गया है कि लगातार पांचवें महीने जीएसटी कलेक्शन 1.40 लाख करोड़ रुपये के ऊपर रहा है। जीएसटी काउंसिल द्वारा लिए गए फैसलों का असर साफ दिख रहा है।

हर एक महीने लगातार जीएसटी कलेक्शन में ग्रोथ दिखाई दे रहा है। समीक्षाधीन अवधि में वस्तुओं के आयात से राजस्व में 48 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। घरेलू लेनदेन (सेवाओं के आयात सहित) से राजस्व पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 22 प्रतिशत अधिक था।

# सोना हुआ सस्ता चांदी के बढ़े भाव

## 14 से 24 कैरेट गोल्ड के रेट में आज दिखा काफी बदलाव



नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। सोने-चांदी के भाव में आज बदलाव देखने को मिल रहा है। इंडिया बुलियंस एसोसिएशन द्वारा जारी हाजिर रेट के मुताबिक सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट शुद्ध सोना शुक्रवार के बंद भाव के मुकाबले आज यानी सोमवार को महज 61 रुपये सस्ता होकर 51405 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। वहीं, चांदी 359 रुपये उछल कर 57912 रुपये प्रति किलो के रेट पर खुली। अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से अब 4849 रुपये ही सस्ता है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से 18096 रुपये सस्ती है। 24 कैरेट सोने पर 3 फीसद जीएसटी जोड़ लें तो इसका रेट 52947 रुपये हो जा रहा है, वहीं ज्वैलर का 10 फीसद मुनाफा जोड़ने के बाद सोने का भाव 58241 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच जा रहा है। जीएसटी जोड़ने के बाद चांदी की कीमत 59649 रुपये प्रति किलो हो गई है। इसमें ज्वैलर का 10 से 15 फीसद मुनाफा अलग से है। यानी आपको 10 फीसद मुनाफा लेकर ज्वैलर करीब 65614 रुपये में देगा। अगर 23 कैरेट गोल्ड की बात करें तो आज यह 51199 रुपये प्रति 10 ग्राम की दर से खुला। इस पर भी 3 फीसद जीएसटी, मेंकिंग चार्ज और 10 फीसद मुनाफा जोड़कर आपको मिलेगा 58008 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से। वहीं, 22 कैरेट सोने का भाव 47087 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। तीन फीसद जीएसटी के साथ यह 48499 रुपये का पड़ेगा। इससे बने जेवरों पर भी मेकिंग चार्ज और ज्वैलर्स का मुनाफा अलग से जोड़ने पर करीब 53349 रुपये का पड़ेगा। वहीं, 18 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 38554 रुपये प्रति 10 ग्राम है। यह 3 फीसद जीएसटी के साथ 39710 रुपये प्रति 10 ग्राम का पड़ेगा। ज्वैलर का 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़कर यह 43681 रुपये का पड़ेगा। अब 14 कैरेट सोने का भाव 30072 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। जीएसटी के साथ यह 30974 रुपये प्रति 10 ग्राम पड़ेगा। इस पर 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़ लें तो यह 34071 रुपये का पड़ेगा।

# क्रिप्टोकरेंसी बाजार; बिटकॉइन की कीमतों में गिरावट

## डॉगकॉइन और शीबा इनू को मामूली बढ़त



नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। क्रिप्टोकरेंसी के मार्केट में रविवार को गिरावट देखी गई। जिसके बाद बिटकॉइन की ताजा कीमत 24,000 डॉलर के निशान के नीचे आ गई। ग्लोबल क्रिप्टो करेंसी का बाजार रविवार को भी 1 ट्रिलियन डॉलर मार्क के ऊपर रहा। कॉइनगेको के अनुसार पिछले 24 घंटों में क्रिप्टो करेंसी का बाजार 1.14 ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर बना रहा। वहीं दूसरी सबसे लोकप्रिय डिजिटल करेंसी ईथर 1 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,694 डॉलर के नीचे रही। जबकि डॉगकॉइन की कीमत मामूली बढ़त के साथ 0.$07 और शीबा इनू की कीमत 3 प्रतिशत की बढ़त के साथ 0.000012 डॉलर पर बनी रही। पिछले 24 घंटे में एक्सआरपी, सोलोना, बीएनबी, टीथकॉइन, चेनलिंक, पॉलीगॉन की कीमत में मामूली गिरावट रही तो पोल्काडॉट, एपिकॉइन की कीमतें में मामूली बढ़त दिखाई दी। हाल ही में डिजिटल करेंसी के बाजार की अनिश्चितता के कारण मुख्य रूप से साउथ ईस्ट एशिया में प्रचलित डिजिटल करेंसी जिपमैक्स ने पिछले सप्ताह खुद को दिवालिया घोषित करने के लिए याचिका दायर की थी। इस बीच कई क्रिप्टोकरेंसी कंपनियों ने या तो खुद को दिवालिया घोषित करने के लिए याचिका दायर की या उन्हें इमरजेंसी पूंजी को खर्च करने को दवाब डाला गया। ब्याज दरों में बढ़ोतरी और हाई प्रोफाइल मंदी की आशंकाओं ने इस साल डिजिटल टोकन को पछाड़ दिया है।

बिटकॉइन जैसी कई क्रिप्टोकरेंसी की कीमत साल 2020 और 2021 में बढ़ी लेकिन इस साल की शुरूआत से हीं इसमें गिरावट देखने को मिल रही है।

# पोषक-अनाज को भोजन में पुनः सम्मानजनक स्थान मिले- तोमर

## भारत की अगुवाई में मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय पोषक-अनाज वर्ष-2023



नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि पोषक-अनाज को हमारे भोजन की थाली में पुनः सम्मानजनक स्थान मिलना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय पोषक-अनाज वर्ष घोषित किया है, जिसके तहत पोषक-अनाज को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री जी द्वारा मंत्रियों के समूह को जवाबदारी भी सौंपी गई है। केंद्र सरकार द्वारा स्थानीय, राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक कार्यक्रमों की आयोजना की गई है। केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने यह बात आज दिल्ली हाट में पोषक-अनाज पाक महोत्सव में कही। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित यह पाक महोत्सव भारत की अगुवाई में अंतरराष्ट्रीय पोषक-अनाज वर्ष- 2023 मनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जहां लाइव कुकरी शो के माध्यम से विभिन्न व्यंजनों में मिलेट्स के उपयोग को प्रदर्शित किया जा रहा हैं, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों के प्रख्यात खानसामों ने भी भागीदारी की है। महोत्सव के माध्यम से, मिलेट से बनाए जा रहे भोजन के पौष्टिक-स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद लेने का अवसर आमजन को मिल रहा है। दिल्ली हाट में इस महोत्सव के दौरान पोषण के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है।

मिलेट के कारण होने वाले पर्यावरणीय लाभ, उद्यमशीलता के प्रदर्शन का अवसर एवं आमजन के लिए नियमित आहार योजना में पोषक-अनाज को बढ़ावा देने का भी यह एक बड़ा अवसर है, जिसमें अनेक स्टार्टअप व अन्य भागीदार भी शामिल हुए हैं। 'छोटे पैमाने के उद्योगों व उद्यमियों के लिए व्यावसायिक संभावनाएं और संभाव्यताएं' विषय पर पैनल परिचर्चा, नुक्कड़ नाटक तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं सहित महोत्सव के विभिन्न आकर्षण हैं, जिनके माध्यम से मिलेट के गुणों का प्रसार किया जा रहा है। आईसीएआर-आईआईएमआर, आईएचएम (पूसा) और आईएफसीए के सहयोग से आयोजित इस महोत्सव में मुख्य अतिथि श्री तोमर ने कहा कि मिलेट गरीबों का भोजन है, यह कहकर इसे त्याज्य नहीं करना चाहिए, बल्कि इसे भारत द्वारा पूरे विश्व में फैलाए गए योग के महत्व की तरह प्रचारित-प्रसारित किया जाना चाहिए क्योंकि स्वास्थ्य की दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत, मिलेट की फसलों इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री कैलाश चौधरी, कृषि सचिव मनोज अहूजा, अतिरिक्त सचिव श्री लिखी, भाकृअनुप के महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्र, मध्यप्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अजित केसरी, कृषि मंत्रालय की संयुक्त सचिव और आयोजन की मुख्य समन्वयक श्रीमती शुभा ठाकुर, संयुक्त सचिव श्रीमती विजयलक्ष्मी, केंद्रीय बागवानी आयुक्त प्रभात कुमार भी उपस्थित थे। श्री के.के पंत, प्राचार्य, आईएचएम, पूसा द्वारा धन्यवाद दिया गया। मिलेट और खाद्य सुरक्षा पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन होटल प्रबंधन केटरिंग तथा पोषाहार संस्थान, पूसा के विद्यार्थियों ने किया। मंत्रीजी ने मिलेट के विभिन्न स्टालों का निरीक्षण भी किया और पुरस्कार वितरण किया। डॉ. दयाकर राव ने स्वागत किया। डॉ. डी.के. यादव, एडीजी, आईसीएआर और आईआईएमआर, हैदराबाद की निदेशक सुश्री रत्नावती सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित थे।

## एलपीजी सिलेंडर हुआ सस्ता दिल्ली से पटना तक के नए रेट



नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। एलपीजी सिलेंडर के नए रेट आज जारी किए गए हैं। आज से एलपीजी सिलेंडर सस्ते हो गए हैं। इंडियन ऑयल द्वारा आज यानी 1 अगस्त को जारी नए रेट के मुताबिक एलपीजी सिलेंडर के दाम में 36 रुपये की कटौती की गई है। यह कटौती दिल्ली से पटना, जयपुर से दिसपुर, लद्दाख से कन्याकुमारी तक हुई है। एलपीजी सिलेंडर के रेट में मिली आज राहत कॉमर्शियल सिलेंडर का उपयोग करने वाले को मिली है। आज से दिल्ली में 19 किलो वाला एलपीजी सिलेडर 2012.50 रुपये की जगह 1976.50 रुपये में मिलेगा। वहीं, कोलकाता में पहले यह 2132.00 रुपये में मिलता था, लेकिन एक अगस्त से 2095.50 रुपये में मिल रहा है। मुंबई में आज से कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत घटकर 1936.50 और चेन्नई में 2141 रुपये हो गई है। बता दें बिना सब्सिडी वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम पिछले दो साल में बेहताशा बढ़े हैं, लेकिन नए रेट के मुताबिक आज न तो महंगे हुए हैं और न ही सस्ते। आज भी 14.2 किलो वाला घरेलू एलपीजी सिलेंडर 6 जुलाई के रेट पर ही मिल रहा है। बता दें 6 जुलाई को घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 50 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। आज भी दिल्ली-मुंबई में यह 1053 रुपये, कोलकाता में 1079 और चेन्नई में 1068.50 रुपये का मिलेगा। बता दें बीते एक जुलाई को भी एलपीजी की कीमतें बदली थीं।

# नए ऑर्डर मिलने के कारण जुलाई में पीएमआई आठ महीनों के पीक पर, महंगाई का असर घटा

नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। देश में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में जुलाई महीने में खासी तेजी देखी गई है। पीएमआई इंडेक्स पिछले आठ महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। एक साप्ताहिक सर्वे में इस बात का खुलासा हुआ है कि बीते महीनों में व्यावसायिक ऑर्डर में बढ़िया तेजी आई है। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स जो जून महीने में 53.9 था जुलाई महीने में बढ़कर 56.4 हो गया है। इन आंकड़ों अनुसार देश में विनिर्माण क्षेत्र की स्थिति पिछले आठ महीनों में सबसे बेहतर है। पीएमआई डेटा के अनुसार निर्माण क्षेत्र के ओवरऑल संचालन परिस्थितियां पिछले 13 महीनों से बेहतर दिख रही हैं। आपको बता दें कि पीएमआई इंडेक्स में 50 अंकों से अधिक का आंकड़ा विकास को दर्शाता है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा निर्माण क्षेत्र में संकुचन को दर्शाता है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस के इकोनॉमिक्स एसोसिएट डायरेक्टर पोल्याण्णा डे लिमा के अनुसार भारतीय निर्माण उद्योग में जुलाई के महीने में इकोनॉमिक ग्रोथ और महंगाई का कम असर देखने को मिला है। अर्थव्यवस्था की लिहाज से यह अच्छा संकेत हैं।

# वंदे भारत ट्रेनों के सफर को यादगार बनाने में जुटी टाटा ग्रुप, सितंबर से मिलेगी ये सुविधा



नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। देश की सबसे विश्वसनीय कंपनियों में अग्रणी टाटा ग्रुप साल 2026 तक रिसर्ज और डेवलमेंट मद में 3000 करोड़ रुपये का निवेश करने वाली है। ग्रुप के एक वरीय अधिकारी के अनुसार सितंबर 2022 से टाटा ग्रुप देश में चलने वाली प्रीमियम ट्रेन वंदे भारत में सफर के अनुभव में एक नया आयाम जोड़ने वाली है। दरअसल, टाटा ग्रुप वंदे भारत ट्रेनों को अत्याधुनिक सीटिंग सिस्टम से लैस करने जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पूर्ण रूप से भारत में बनी ये सीटें 180 डिग्री तक घूम सकेंगी। ऐसे में पहली बार देश में ट्रेन यात्रियों को वंदे भारत ट्रेनों में यात्रा करने पर विमान यात्रा जैसा अनुभव मिल पाएगा। बता दें कि देश में स्टील से लेकर नमक तक बनाने के कारोबार से जुड़े टाटा ग्रुप ने साल 2030 तक दुनिया भर के स्टील उद्योग में टॉप 5 तकनीकी फर्म के रूप में अपनी पहचान बनाने का लक्ष्य रखा है। टाटा स्टील के टेक्नोलॉजी और न्यू मैटेरियल बिजनेस विंग के उपाध्यक्ष देवाशीष भट्टाचार्य ने कहा है कि कंपनी को देश में चल रही सभी 22 वंदे भारत ट्रेनों की सिटिंग सिस्टम को बदलने का 145 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। आपको बता दें कि देश में चलने वाली सभी वंदे भारत ट्रनों में 16 कोच लगे होते हैं। टाटा कंपनी इन कोचों के सीटो को आधुनिक बनाने का काम करने वाली है। भट्टाचार्य ने कहा, 'वंदे भारत ट्रेनों में एक अलग तरह की डिजाइन की गई सीटें लगाईं जाएंगी। ये सीटें 180 डिग्री तक घूम सकेंगी। ये सीटें विमानों में लगने वाली सीटों का अनुभव देंगी। भारतीय ट्रेनों में पहली बार इस तरह की अत्याधुनिक सीटों का इस्तेमाल किया जाएगा।' उन्होंने कहा है कि इन सीटों की सप्लाई इसी साल सितंबर महीने में शुरू होंगी और इसे एक साल के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। टाटा की ओर से वंदे भारत ट्रेनों में जो सीटें लगाईं जाएंगी वे सीटें फाइबर रिइंफोर्स्ड पॉलिमर से बनीं हैं। प्रयोग में वे सुविधाजनक होने के साथ-साथ उनके रख-रखाव पर आने वाला खर्च भी बहुत कम है। इन सीटों को पूरी तहत देश में ही विकसित किया गया है।

# नौ माह बाद विदेशी निवेशक नेट खरीदार

## जुलाई में एफपीआई के जरिए आए 4989 करोड़ रुपये




नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) लगातार नौ माह बिकवाली के बाद भारतीय शेयर बाजारों में नेट खरीदार बने हैं। नेशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरी लिमिटेड के मुताबिक, जुलाई में एफपीआई ने 4,989 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। जून में एफपीआई ने 50,145 करोड़ रुपये भारतीय बाजार से निकाले थे। कोविड की शुरुआत में मार्च, 2020 के बाद किसी एक माह में यह सबसे बड़ी निकासी रही। तब एफपीआई ने भारतीय बाजारों से 61,973 करोड़ निकाले थे। पिछले साल अक्तूबर से इस साल जून तक एफपीआई भारतीय शेयर बाजारों से 2.46 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। च्वाइस ब्रोकिंग के टेक्निकल एसोसिएट ओम मेहरा ने कहते हैं, उम्मीद है कि एफपीआई की बिक्री में कमी आए। एफपीआई ने इस महीने में पांच दिन खरीदारी की है। डॉलर व सोने की बढ़ती मांग व विकसित देशों में मौद्रिक नीति के सख्त उपायों की वजह से निवेशक भारतीय बाजारों से पैसा निकाल रहे हैं, अनिश्चितता के दौर में निवेशक स्थिर बाजारों में निवेश को प्राथमिकता देते हैं। रुपये के अवमूल्यन और घटते भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार से भी निवेशकों की भावनाओं पर असर पड़ा है। छह-सात महीनों में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 40 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की गिरावट आई है। बहरहाल, फरवरी 2021 के बाद से जुलाई का आखिर सप्ताह सबसे अच्छा साबित हुआ है। भारतीय शेयरों में दो सप्ताह से तेजी आ रही है। पिछले दो हफ्तों में सेंसेक्स और निफ्टी 7 फीसदी से ज्यादा बढ़ चुके हैं।



# गहलोत ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

## सीएम गहलोत बोले- मोदी सरकार ईडी का दुरुपयोग कर रही है

जयपुर, 31 जुलाई (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पीएम मोदी पर निशाना साधा है। सीएम गहलोत ने कहा कि मोदी सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। सीएम ने कहा कि सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स दबाव में काम कर रही है। जबकि जांच एजेंसियों को स्वतंत्र रहकर काम करना चाहिए। सीएम गहलोत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट मे ईडी की शक्तियों को लेकर जो फैसला दिया है उससे हम निराश है। सुप्रीम कोर्ट कानून की दृष्टि को ध्यान में रखकर फैसला दिया है, जो कि निराशाजनक है। हमारी मांग है कि केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग पर रोक लगनी चाहिए। सीएम गहलोत ने आज हरिश्चंद्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान जयपुर में आयोजित वंशावली संरक्षण एवं साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित वंश लेखक सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में मीडिया से बात करते हुए कहा कि मोदी सरकार तानशाही पर उतर आई है।



**गहलोत बोले- 10 लाख रुपये तक फ्री में ईलाज**

सीएम गहलोत ने कहा कि उनकी सरकार ने गरीबों के लिए लोक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की है। राजस्थान में सभी का फ्री में इलाज करने की सुविधा प्रदान कर दी है। 10 लाख रुपये तक का इलाज फ्री में हो रही है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना के तहत दवाईयां और ईलाज फ्री में हो रहा है। उनकी सरकार की मंशा है कि ईलाज के अभाव कोई मरे नहीं। गरीब से गरीब व्यक्ति भी अपना ईलाज करवा सकता है। सीएम अशोक गहलोत ने एक बार फिर कहा कि राजस्थान में घूंघट प्रथा बंद होनी चाहिए। सदियों से यह परंपरा चली आ रही है। लेकिन अब जमाना बदल गया है। पूर्व पीएम राजीव गांधी की बदौलत महिला सशक्तिकरण की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। महिलाएं सरपंच बन रही है। प्रधान बन रही है। नगरपालिका की चेयरमैन बन रही है। महिलाएं धीरे-धीरे समझ रही है। महिलाएं अब पति से कहती है कि घर संभालों। घूंघट में कब तक कैद रहेंगे। शिक्षा का प्रचार-प्रसार हो। पहले सरपंच पति हूं। नए पोस्ट क्रिएट कर दी थी। लेकिन अब महिला सरपंच और प्रधान अपने पति से बेधड़क कहती है। आप घर संभालिए।

**गरीब का बच्चा भी ऑनलाइन पढ़ाई कर सकेगा**

समारोह में सीएम गहलोत ने बताया कि उनकी सरकार एक करोड़ से अधिक महिलाओं के फ्री में मोबाइल क्यों दे रही है। सीएम ने कहा कि कोरोना काल में आनलाइन क्लास का चलन हो गया था। सुविधा संपन्न घरों के बच्चेंआनलाइन क्लास ले रहे थे, लेकिन गरीब का बच्चा आनलाइन क्लास नहीं ले पा रहा था। हम चाहते हैं कि गरीब का बच्चा भी आनलाइन पढ़ाई करें। सीएम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के पास मोबाइल नहीं है। जिसकी वजह से महिलाएं अपने परिजनों से भी बात नहीं कर पाती है। उनकी सरकार महिलाओं को निशुल्क मोबाइल देगी। साथ में तीन साल तक नेट फ्री दिया जाएगा।

# ओवैसी राजस्थान में लगा पाएंगे कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध ?

जयपुर, 31 जुलाई (एजेंसियां)। एआईएमआईएम चीफ असद्दुदीन ओवैसी राजस्थान की राजधानी जयपुर में आने का प्रस्तावित कार्यक्रम है। ओवैसी यहां एक टॉक शो में भाग लेंगे। साथ में अपने समर्थकों संग चर्चा कर जनता की नब्ज टटोलेंगे। ओवैसी पहले ही घोषणा कर चुके है कि उनकी पार्टी राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 का चुनाव लड़ेगी। ऐसे में ओवैसी का राजस्थान दौरा काफी अहम माना जा रहा है। क्योंकि राजस्थान में 11 से 12% मुस्लिम आबादी है। परंपरागत तौर कांग्रेस का वोट बैंक रहा है, लेकिन राजस्थान की सियासत में ओवैसी की एंट्री से विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के समीकरण बिगड़ सकते है। करीब दो महीने पहले ओवैसी ने राजस्थान का दौरा किया था। ओवैसी का दो महीने बाद राजस्थान आना साफ संकेत देता है कि वह पार्टी का संगठन खड़ा करेंगे।

**मध्यप्रदेश में लगाई थी कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध**

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में हाल ही में संपन्न हुए पंचायत एवं निकाय चुनावों में ओवैसी की पार्टी ने कई सीटों पर कांग्रेस की जीत का समीकरण गड़बड़ा दिया था। ओवैसी की पार्टी ने कांग्रेस



के नजदीक आती जीत को छिटकाने का काम किया था। ऐसे में माना जा रहा है कि राजस्थान विधानसभा चुनाव में ओवैसी की पार्टी कांग्रेस के लिए मुसीबत खड़ी कर सकती है। हालांकि, सीएम गहलोत अल्पसंख्यक वोटर को रिझाने के लिए ओवैसी की पार्टी को भाजपा की बी टीम बताते रहे हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि राजस्थान में ओवैसी की पार्टी का कोई वजूद नहीं है। ओवैसी की मंशा सिर्फ भाजपा को चुनावी लाभ पहुंचाने की है।

**सदस्यता अभियान चलाने पर फोकस**

दो महीने पहले ओवैसी ने जयपुर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि उनकी पार्टी राजस्थान में संगठन खड़ा करेगी। अभी छह सदस्यों की कोर कमेटी बनाई जाएगी। राजस्थान में सदस्यता अभियान राजस्थान में चलाया जाएगा। कई जगहों पर जनसभाएं आयोजित की जाएंगी। उसके बाद प्रदेश में एक मजबूत एआईएमईएम का संगठन खड़ा किया जाएगा। राजस्थान में हारने या जीतने नहीं बल्कि लीडरशिप पैदा करने आ रहे हैं। ओवैसी ने कहा कि हमारी पार्टी की राज्य इकाई राजस्थान में मुस्लिम और दलित समुदायों पर ध्यान केंद्रित करेगी। हमारी तैयारी जोरों पर है और हम समुदाय के लोगों के साथ बैठक कर रहे हैं। वह आगे बोले कि वर्तमान में मुसलमानों का एक स्वतंत्र नेतृत्व बनाने की जरूरत है। हमारी पार्टी राज्य में इस समुदाय के लोगों की आवाजों को एक मंच देगी। 2018 के विधानसभा चुनावों में, कांग्रेस पार्टी ने 16 मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिया था जिनमें 9 को जीत हासिल हुई थी। वहीं बीजेपी ने अपने सिर्फ एक उम्मीदवार यूनुस खान को टिकट दिया था। युनूस खान ने टोंक से सचिन पायलट के खिलाफ चुनाव लड़ा और करीब 50 हजार वोट से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं 200 सीटों की राजस्थान विधानसभा में, सत्तारूढ़ कांग्रेस के पास वर्तमान में 108 विधायक, भाजपा के 71, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के तीन, सीपीआई (एम) और भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) के दो-दो और राष्ट्रीय लोक दल से एक विधायक हैं, वहीं 13 निर्दलीय विधायक हैं।

# जोधपुर में युवक का अजीबोगरीब शौक

## महीनों से निगल रहा था सिक्के, डॉक्टरों ने शरीर से 61 सिक्के निकाले



जोधपुर, 31 जुलाई (एजेंसियां)। राजस्थान के दूसरे बड़े शहर जोधपुर में एक युवक का अजीबोगरीब शौक सामने आया है। युवक पिछले कई महीनों से भारतीय मुद्रा के 1-1 के सिक्के निकल रहा था। लेकिन जब पेट दर्द हुआ तो अस्पताल में लेने के देने पड़ गए। हालांकि उसकी किस्मत अच्छी रही कि डॉक्टरों ने एंडोस्कोपी प्रोसीजर की मदद से युवक के शरीर से 61 सिक्के बाहर निकाल उसकी जान बचाई।

दरअसल जोधपुर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड में रहने वाले एक 36 साल के युवक के पेट से एमडीएम के गैस्ट्रोलॉजी विभाग के डॉक्टरों ने 16 सिक्के निकाल उसकी जान बचाई है। 36 साल का युवक पिछले कई महीनों से एक रुपये के सिक्के निगल रहा था। लेकिन शनिवार शाम अचानक पेट दर्द होने से एमडीएम अस्पताल पहुंचा जहां पर एक्स-रे करने के बाद डॉक्टर खुद हैरान रह गए। एक्सरे में युवक के शरीर मे कुछ अजीब सा नजर आया। उसके बाद डॉक्टरों ने युवक की एंडोस्कोपी से जांच की तो शरीर मे ढेर सारे सिक्के देख डॉक्टर भी हैरान हो गए। इस बीच गैस्ट्रोलॉजी विभाग के चार डॉक्टरों ने एंडोस्कोपी प्रोसीजर की मदद से डेढ़ घंटे में युवक के पेड़ से 61 सिक्के बाहर निकाल उसकी जान बचाई।

**कैमरे में 61 सिक्के देख डॉक्टरों की टीम भी हैरान**

मथुरादास माथुर अस्पताल के गैस्ट्रोलॉजी विभाग अध्यक्ष डॉ नरेंद्र भार्गव और सीनियर प्रोफेसर डॉ सुनील दाधीच के नेतृत्व में इस युवक का एंडोस्कोपी प्रोसीजर से सिक्के बाहर निकालने का ऑपरेशन शुरू हुआ हालांकि एंडोस्कोपिक जांच में इतने सारे सिक्के कैमरे में नजर आने पर डॉक्टर की टीम भी हैरान रह गई। 8 डॉक्टरों की टीम ने डेढ़ घंटे में एक के बाद एक सिक्के निकाल 36 वर्षीय युवक की जान बचा ली।

**मानसिक विमंदित नजर आ रहा युवक**

डॉक्टर के अनुसार सिक्के निकलने वाला युवक मानसिक रूप से कुछ बीमार नजर आ रहा है। पिछले कई महीनों से वह एक व दो रुपए के सिक्के निगल रहा था। हालांकि युवक के शरीर से सभी सिक्के निकालने के बाद उसका स्वास्थ्य ठीक होने पर गैस्ट्रोलॉजी विभाग के डॉक्टरों ने युवक को अस्पताल से डिस्चार्ज कर घर भेज दिया है।

# राजस्थान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बदलने की सुगबुगाट

## जेपी नड्डा के बयान से मिली अटकलों को हवा

जयपुर, 31 जुलाई (एजेंसियां)। यूपी और उत्तराखंड के बाद राजस्थान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बदलने की सुगबुगाट तेज हो गई है। दरअसल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया के बयान से ही अटकलों को हवा मिली है। हाल ही में राजधानी जयपुर में हुए टॉक जर्नलिज्म के मंच से पूनिया ने कहा कि मेरा सपना है कि मेरे संगठनात्मक नेतृत्व में भाजपा 2023 में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएं। मतलब वे चाहते हैं कि पार्टी आलाकमान उन्हें बतौर अध्यक्ष विधानसभा चुनाव तक यथावत रखे। पूनिया की नियुक्ति 14 सितंबर 2019 को हुई थी। निर्वाचन के हिसाब से देखें तो 27 दिसंबर 2022 में उनका 3 साल का कार्यकाल पूरा होगा. अब पार्टी चाहे तो पूनिया लगातार यथावत रहेंगे और यदि विरोधियों की चली तो बदलाव संभव है और इस पर ही सबकी निगाहें हैं। सतीश पूनिया का मौजूदा बयान इस बात के संकेत दे रहा है कि प्रदेश भाजपा में बहुत कुछ नया होने वाला है। राजस्थान की राजनीति में सतीश पूनिया और पूर्व सीएम वसुंधरा राजे की अदावत जगजाहिर है।

**प्रशिक्षण शिविर वर्ग में जेपी नड्डा ने भी दिए थे संकेत**

राजस्थान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बदलने की सुगबुगाहट पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बयान से भी मिलती है। जेपी नड्डा ने प्रशिक्षण वर्ग के समापन शिविर को संबोधित करते हुए कहा था कि अध्यक्ष का कार्यकाल 3 वर्ष का होता है तो तैयारी 6 वर्ष की क्यों की जाती है? नड्डा ने यह बयान किस संदर्भ में दिया वो अलग बात थी लेकिन प्रदेश भाजपा नेताओं ने इसे पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया के कार्यकाल से जोड़कर देखा जा रहा है। जानकार नड्डा के बयान के सियासी मायने निकाल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में जेपी नड्डा ने उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बदल दिए है। पार्टी का फोकस राजस्थान में है। जानकारों का कहना है कि तमाम कोशिशों को बावजूद पूनिया गहलोत सरकार के खिलाफ सत्ता



विरोधी लहर पैदा नहीं कर पाए है। पार्टी की चिंता गुटबाजी को लेकर भी है। सतीश पूनिया ने हाल ही में वागड़ गौरव यात्रा पूरी की है, लेकिन पूनिया की यात्रा से पार्टी के बड़े नेताओं ने दूरी बना ली। पार्टी आलाकमान राजस्थान में बदलाव चाहता है। इसलिए संगठन पर जोर दे रहा है।

**सत्ता विरोधी लहर पैदा करने में रहे विफल**

भाजपा आलाकमान चाहता है कि गहलोत सरकार की विदाई हो, क्योंकि राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह के खिलाफ मुखर रहते हैं। सोनिया गांधी-राहुल गांधी को ईडी द्वारा पूछताछ के मामले में सीएम गहलोत ने ही दिल्ली में कमान संभाली थी। ऐसे में भाजपा आलाकमान के निशाने पर गहलोत सरकार है।

# श्रीगंगानगर में पानी की डिग्गी में डूबने से 5 बच्चों की मौत, सीएम गहलोत ने जताया दुख

जयपुर, 31 जुलाई (एजेंसियां)। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में पानी की डिग्गी में डूबने से पांच बच्चों की मौत हो गई है। मृतकों में 2 बालिकाएं और 3 बालक शामिल है। सभी मजदूर परिवार के बताए जा रहे हैं। जिले के रामसिंहपुर थाना क्षेत्र में दर्दनाक हादसा हुआ है. जहां रविवार को खेत में बनी पानी की डिग्गी में नहाने उतरे पांच बच्चों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों में दो लड़कियां और तीन लड़के गांव के ही मजदूर परिवारों के बताए जा रहे हैं। सीएम अशोक गहलोत ने घटना पर दुख जताया है। सीएम ने ट्वीट कर लिखा- श्रीगंगानगर में रामसिंहपुरा थाना क्षेत्र के उदासर गांव में पानी की डिग्गी में डूबने से 5 बच्चों की मौत का समाचार दुखद है। मेरी गहरी संवदेनाए बच्चों के माता-पिता एवं परिजनों के साथ है। ईश्वर उन्हें कठिन समय में संबल प्रदान करें।

**खुली डिग्गी में ये बच्चे नहाने के लिए उतरे थे**

घटना के मुताबिक गांव के पास खेत में बनी पानी की खुली डिग्गी में ये बच्चे नहाने के लिए उतरे थे, लेकिन डिग्गी की गहराई होने के चलते पांचों बच्चे गहराई में चले गए और पानी में डूब गए। डिग्गी में डूबने वाले इन सभी बच्चों की उम्र 13 साल तक की है। डिग्गी के पानी में डूबने से मरने वालों में निशा जिसकी उम्र करीब 13 वर्ष, भावना 10 वर्ष, अंकित 10 वर्ष, अंशु 9 वर्ष और राधे 11 वर्ष बताई जा रही है।

**ग्रामीणों ने पुलिस को दी सूचना**

मजदूर परिवार के ये सभी बच्चे छुट्टी का दिन होने के चलते गांव के पास में ही एक खेत में चले गए। जहां पानी की डिग्गी को



देखने इसमें नहाने के लिए उतर गए, लेकिन गहराई होने के चलते ये पानी में डूब गए। घटना की सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों ने रामसिंहपुर पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने पांचों बच्चों के शवों को डिग्गी से बाहर निकलवाया। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर शवों को रामसिंहपुर उप स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया है। वहीं, पुलिस खेत में बनी डिग्गी से पानी खाली करवा रही है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए है।

# उपेन यादव बोले- पेपर लीक मामले में कांग्रेस नेता की भूमिका संदिग्ध




जयपुर, 31 जुलाई (एजेंसियां)। राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन यादव ने कहा कि सीएचओ और कांस्टेबल पेपर लीक मामले में जयपुर स्थित जागृति स्कूल की भूमिका संदिग्ध है। इसलिए इस स्कूल मान्यता को तुरंत रद्द किया जाए। उपेन यादव ने ट्वीट कर लिखा- कांग्रेस से 3 बार पार्षद रही और विप्र बोर्ड की उपाध्यक्ष मंजू शर्मा के बेटे की स्कूल है। ऐसे में नए कानून के तहत सरकार स्कूल के खिलाफ तुंरत कार्रवाई करे। विप्र बोर्ड उपाध्यक्ष मंजू शर्मा को तुरंत उनके पद से हटाया जाए। नए कानून के तहत आरोपियों को सजा दिलाई जाए और स्कूल की मान्यता रद्द की जाए। उपेन यादव ने कहा कि मांगे पूरी नहीं होने पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। बेरोजगारों के सपनों के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

**एसओजी स्कूल के संचालक को कर चुकी है गिरफ्तार**

उल्लेखनीय है कि सीएचओ भर्ती पेपर लीक मामले में जांच एजेंसी एसओजी ने 3 महीने बाद पेपर लीक मानते हुए हाल में केस दर्ज किया है। एसओजी ने जागृति विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक स्कूल उद्योग नगर निवारू रोड झोटवाड़ा से पेपर लीक माना है। इस स्कूल का संचालक धीरज शर्मा कांस्टेबल भर्ती पेपर लीक मामले में पहले गिरफ्तार हो चुका है। दरअसल, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) भर्ती की 10 नवंबर 2020 को परीक्षा हुई थी। प्रशिक्षण और नियुक्ति के करीब 3 महीने बाद एसओजी ने केस दर्ज किया है।

**दो पेपरों की सील खुली हुई थी**

दरअसल, जांच एजेंसी एसओजी ने जागृति स्कूल की परीक्षा के बाद जमा कराई गई सामग्री जांची। इसके बाद बनी जांच कमेटी ने सेंटर की ओर से जमा कराए उन अभ्यर्थियों को के प्रश्नपत्र खंगाले, जो परीक्षा में अनुपस्थित रहे थे। सामने आया कि स्कूल ने ऐसे 18 पेपर जमा कराए थे। जिनमें से 2 पेपर की सील खुली हुई थी और जो छात्र परीक्षा में नहीं आए परीक्षा से पहले उनके पेपर खोले गए और पेपर लीक कर दिया गया।

# जयपुर में पिता ने बेटी से किया रेप

## रुपए लेकर तीन बार कराया निकाह, पति के छोड़ने पर शुरु कर देता दरिंदगी



जयपुर, 31 जुलाई (एजेंसियां)। जयपुर में पिता के अपनी बेटी से रेप करने का मामला सामने आया है। पिछले कई सालों से बेटी से दुष्कर्म करता रहा। रुपए लेकर तीन बार बेटी का निकाह भी करवा दिया। पिता के साथ शारीरिक संबंध का पता चलने पर पति के छोड़ते ही घर लौटी बेटी से दोबारा हैवानियत करना शुरु कर देता। ट्रांसपोर्ट नगर थाने में पीड़िता ने पिता के खिलाफ शनिवार दोपहर मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल करवाकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि दिल्ली बाइपास ट्रांसपोर्ट नगर निवासी 33 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। आरोप है कि उसका पिता पिछले कई सालों से उसके साथ रेप कर रहा है। घर में मां की गैरमौजदूगी में अकेला पाकर पहली बार पिता ने दुष्कर्म किया था। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। परिवार की इज्जत को लेकर पीड़िता ने चुप्पी बनाए रखी। जिसके बाद घर में अकेला होने पर आरोपी पिता उसके साथ रेप करता।

रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि पिछले कई सालों से दरिंदगी का शिकार होती रही। हैवानियत की हद बढ़ने पर परेशान होकर चचेरे भाई-भाभी को आपबीती सुनाई। पिता के ही बेटी से रेप की सुनकर वह भी दंग रहे गए। पीड़िता को शनिवार दोपहर थाने लेकर पहुंचे। पीड़ित बेटी ने आरोपी पिता के खिलाफ आपबीती सुनाते हुए मामला दर्ज कराया।

कई सालों से दरिंदगी का शिकार बनाने के दौरान आरोपी पिता ने बेटी के तीन निकाह भी कराए। बेटी के तीनों निकाह रुपए लेकर करवाए गए। पुरानी बातों को छिपाकर पति के साथ जिदंगी की दूसरी शुरुआत करती। लेकिन, कुछ महीने बाद ही पिता के साथ शारीरिक संबंध का पति को पता चल जाता। पति के छोड़ने पर वापस घर लौटने पर पिता दोबारा दरिंदगी करना शुरू कर देता।

# ट्रेन के आगे कूद युवक ने किया सुसाइड

**शव के पास से टूटा एटीएम कार्ड मिला, नही हो पाई शिनाख्त**

सीकर, 31 जुलाई (एजेंसियां)। सीकर के दादिया थाना इलाके में शनिवार शाम एक युवक ने ट्रेन के आगे आकर सुसाइड कर लिया। युवक को देख लोको पायलट ने ट्रेन को रोकने की कोशिश भी की, लेकिन तब तक युवक ट्रेन से कट चुका था। ट्रेन स्टाफ ने शव को नवलगढ़ पहुंचाया जहां से उसे नवलगढ़ हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। रेलवे गार्ड मुराद खान ने बताया कि जयपुर सादुलपुर ट्रेन शनिवार शाम सीकर स्टेशन से रवाना होकर नवलगढ़ की तरफ आ रही थी। इसी दौरान सीकर रेलवे स्टेशन से नवलगढ़ की तरफ सात किलोमीटर की दूरी पर रेलवे के 243 किमी रेलवे पिलर पर यह घटना हुई। गार्ड को ट्रेन के लोको पायलट ने बताया कि युवक सुसाइड करने से पहले ट्रैक के बराबर में चल रहा था। कुछ देर बाद ही अचानक ट्रेन के इंजन के आगे आ गया।

# गहलोत का इशारों में सचिन पायलट पर तंज

## सीएम गहलोत बोले- मुख्यमंत्री कैसे बनते हैं, मैं ही जानता हूं



जयपुर, 31 जुलाई (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इशारों ही इशारों में पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट पर निशाना साधा है। सीएम गहलोत ने कहा कि विधायक कैसे बनते हैं, सांसद कैसे बनते हैं और मुख्यमंत्री कैसे बनते हैं। मैं बताता हूं। क्योंकि मैं जानता हूं। मेरी जाति का एकमात्र विधायक हूं। हमें माली कहते हैं। सैनी कहते हैं। विधानसभा में एक मात्र माली जाति का विधायक हूं। वह भी मुख्यमंत्री। सीएम ने कहा कि किसी जाति के 30-40 विधायक बनने पर मुख्यमंत्री बनते हैं। लेकिन मैं तो मेरी जाति का एकमात्र विधायक हूं। मुख्यमंत्री बनने के लिए सभी को साथ लेकर चलना पड़ता है। सीएम गहलोत ने आज हरिश्चंद्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान जयपुर में आयोजित वंशावली संरक्षण एवं साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित वंश लेखक सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मैं दूसरे पार्टी से प्यार करता हूं। लेकिन मेरा दुर्भाग्य है वह मुझे प्यार नहीं करते हैं। हमें दुश्मन मानते हैं। लोकतंत्र में राजनीतिक विचारधारा की लड़ाई होती है।ॉ

**सीएम गहलोत बोले- घूंघट प्रथा बंद हो**

सीएम अशोक गहलोत ने एक बार फिर कहा कि राजस्थान में घूंघट प्रथा बंद होनी चाहिए। सदियों से यह परंपरा चली आ रही है। लेकिन अब जमाना बदल गया है। पूर्व पीएम राजीव गांधी की बदौलत महिला सशक्तिकरण की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। महिलाएं सरपंच बन रही है। प्रधान बन रही है। नगरपालिका की चेयरमैन बन रही है। महिलाएं धीरे-धीरे समझ रही है। महिलाएं अब पति से कहती है कि घर संभालों। घूंघट में कब तक कैद रहेंगे। शिक्षा का प्रचार-प्रसार हो। पहले सरपंच पति हूं। नए पोस्ट क्रिएट कर दी थी। लेकिन अब महिला सरपंच और प्रधान अपने पति से बेधड़क कहती है। आप घर संभालिए।

**फ्री में मोबाइल देने की बताई वजह**

समारोह में सीएम गहलोत ने बताया कि उनकी सरकार एक करोड़ से अधिक महिलाओं के फ्री में मोबाइल क्यों दे रही है। सीएम ने कहा कि कोरोना काल में आनलाइन क्लास का चलन हो गया था। सुविधा संपन्न घरों के बच्चेंआनलाइन क्लास ले रहे थे, लेकिन गरीब का बच्चा आनलाइन क्लास नहीं ले पा रहा था। हम चाहते हैं कि गरीब का बच्चा भी आनलाइन पढ़ाई करें। सीएम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के पास मोबाइल नहीं है। जिसकी वजह से महिलाएं अपने परिजनों से भी बात नहीं कर पाती है। उनकी सरकार महिलाओं को निशुल्क मोबाइल देगी। साथ में तीन साल तक नेट फ्री दिया जाएगा।

**विधायक मांगते-मांगते थक जाएंगे**

सीएम गहलोत ने कहा कि विधायकों को विकास कार्यों के लिए किसी भी तरह से धन की कम नहीं आने दी जाएगी। विधायकों के लिए राज्य का खजाना खुला हुआ है। विधायक मांगते-मांगते थक जाएंगे।

# रेलवे सुरक्षा बल की 'मोटरसाइकिल रैली' नई दिल्ली रवाना



## दमरे के जीएम ने दिखाई हरी झंडी

हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा हैदराबाद से नई दिल्ली के लिए एक 'मोटरसाइकिल रैली' को 1 अगस्त को नेकलेस रोड रेलवे स्टेशन से 'आजादी का अमृत महोत्सव' समारोह के हिस्से के रूप में अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक (प्रभारी) द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर राजा राम, महानिरीक्षक और प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, दमरे के साथ ए. के. गुप्ता, डीआरएम, सिकंदराबाद मंडल और शरत चंद्रयान, डीआरएम, हैदराबाद मंडल भी इस अवसर पर उपस्थित थे। भारतीय रेलवे के पांच क्षेत्रों अर्थात् दक्षिण मध्य रेलवे, पूर्वी तट रेलवे, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, दक्षिण रेलवे और दक्षिण पश्चिम रेलवे के आरपीएफ कर्मी इस दौरे में भाग ले रहे हैं। एससीआर द्वारा आयोजित की जा रही रैली नेकलेस रोड रेलवे स्टेशन से 20 बुलेट मोटरसाइकिलों पर 40 आरपीएफ सवारों के साथ नई दिल्ली के लिए रवाना हुई। टीम में दो महिला आरपीएफ सवार भी शामिल हैं। 1,700 किलोमीटर की लंबी यात्रा तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश राज्यों को कवर करेगी। टीम स्वतंत्रता संग्राम और स्वतंत्रता के 75 साल के संदेश को विधिवत रूप से फैलाएगी। रैली का समापन 11 अगस्त, 2022 को राष्ट्रीय पुलिस स्मारक, नई दिल्ली में होगा। आजादी का अमृत महोत्सव समारोह में दक्षिण मध्य रेलवे सबसे आगे रहा है। इससे पहले आरपीएफ एससीआर बीते ने 28 जुलाई, 2022 को 34 जिलों (2977 किलोमीटर) को कवर करते हुए 23 बाइक और 46 सवारों के साथ 4 डिवीजनों से अपनी मोटरसाइकिल यात्रा शुरू की थी। इस अवसर पर बोलते हुए, मुख्य अतिथि और महाप्रबंधक (प्रभारी) अरुण कुमार जैन ने कहा कि रेलवे स्वतंत्रता संग्राम से निकटता से जुड़ा हुआ है और स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने देश भर में राष्ट्रवादी उत्साह के निर्माण और विस्तार के लिए रेलवे सुविधाओं का व्यापक रूप से उपयोग किया, क्योंकि यह स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान परिवहन और संचार का सबसे विश्वसनीय साधन था। उन्होंने कहा कि यह बहुत गर्व का क्षण है, क्योंकि रेलवे 75 वर्षों में 'आजादी का अमृत महोत्सव' मना रहा है और हमारे स्वतंत्रता संग्राम के महत्व और हमारे सेनानियों द्वारा दिए गए बलिदानों के बारे में जनता के बीच जागरूकता पैदा कर रहा है। राजा राम, आईजी और प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, दमरे ने दक्षिण मध्य रेलवे सहित सभी पांच क्षेत्रों के आरपीएफ बाइक सवारों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसे 'जन आंदोलन' बनाने के लिए नागरिकों की भागीदारी पर ध्यान केंद्रित करते हुए आजादी पर गहन देशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रैली आरपीएफ कर्मियों के साथ-साथ देश के नागरिकों के मनोबल को भी बढ़ाएगी और उन्हें आजादी का अमृत महोत्सव समारोह से जोड़ेगी।

## संगारेड्डी श्री आई माताजी मंदिर बडेर में भादवा सुदी बीज महोत्सव 29 को

हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। संगारेड्डी श्री आई माताजी मंदिर बडेर में हर वर्ष की भांति भादवा सुदी बीज महोत्सव के कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार विमर्श करते हुए समाज के पदाधिकारीगण एव समाज बंधुओं द्वारा कार्यक्रम के मुख्य चर्चा आने वाली भादवा सुदी बीज महोत्सव पर भजन प्रोग्राम, प्रसादी, हर वर्ष की भांति माताजी की बोलिया कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए स्थानीय सीरवी समाज के सचिव घीसाराम काग ने बताया कि 28 अगस्त रविवार को एक शाम माताजी के नाम जागरण का आयोजन किया जाएगा और जागरण के तहत माताजी की बोलिया का कार्यक्रम होगा और दूसरे दिन सुबह बोली दाताओं द्वारा माताजी का पटद्वार खोलेंगे और माताजी की विशेष रूप से पूजा अर्चना होगी।

# बिहार एसोसिएशन की कांवड़ यात्रा में उमड़े शिव भक्त



हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बिहार एसोसिएशन हैदराबाद द्वारा सोमवार को भव्य कावड़ शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें शिव भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इसमं बच्चे, महिलाएं, बूढ़े और नौजवान सब के सब शिव भक्ति में सरोवार दिखे। एसोसिएशन के महासचिव प्रभास कुमार द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि यह तृतीय भव्य कांवड़ शोभा यात्रा थी, जो उप्पल शिवालय से शुरू होकर महिंद्रा हिल्स शिवालय में जाकर शिव को जल अर्पण के साथ समाप्त हुआ। इस बार की कावड़ यात्रा बहुत ही भव्य एवं सुंदर थी। बिहार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरे राम सिंह ने बताया कि हम सभी कार्यकारिणी सदस्यों को शिव भक्तों का सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ।

कावड़ यात्रा के दौरान जगह- जगह पानी, शरबत एवं फल आहार की व्यवस्था की गई थी, जिसका सभी भक्तों ने खूब आनंद उठाया। अध्यक्ष हरेराम सिंह ने कहा कि अगली बार इससे भी भव्य कावड़ यात्रा निकालगें। यात्रा में बिहार फाउंडेशन चैप्टर हैदराबाद के अध्यक्ष मानवेंद्र मिश्रा, सचिव उत्तम यादव, सहित अनेको गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

# नासा इंटरनेशनल स्पेस ऐप चैलेंज 2022 का आयोजन



हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। एसयूएमवीएन के सहयोग से विश्व विश्वनी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस हैदराबाद ने 'नासा इंटरनेशनल स्पेस ऐप चैलेंज 2022' का आयोजन किया। अपने पीजीडीएम, एमबीए, बीबीए और बीएस (कंप्यूटर) छात्रों के लिए तुमकुंटा हैदराबाद स्थित अपने विशाल परिसर में दो दिवसीय हैकथॉन 2022 का उद्घाटन विश्व विश्ववानी समूह के अध्यक्ष जीएसएस वेंकटेश्वर राव ने किया। 110 टीमों का प्रतिनिधित्व करने वाले कुल 450 छात्रों ने प्रोफेसर मीर इरफान उल हक और एस.वी. सुरेश राजू. हैकथॉन, दुनिया की समस्याओं को हल करने और प्रबंधन समाधान खोजने के लिए नवाचार के बीज बोने के सबसे बड़े मानवीय प्रयासों में से एक; छात्रों के लिए दुनिया भर के नवोन्मेषकों के साथ जुड़ने, आकाओं, वैज्ञानिकों के साथ नेटवर्क और एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का अनुभव प्राप्त करने का एक अवसर है। डॉ. भारत भूषण सिंह निदेशक पीजीडीएम, डॉ. पी. चक्रवर्ती निदेशक बीबीए और बीएस और डॉ. एम. मदना मोहन निदेशक एमबीए ने हैकाथॉन 2022 में अपनी-अपनी विभाग टीमों का नेतृत्व किया। चंद्रगढ़ में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए नवीन विचारों वाली छह टीमों को सूचीबद्ध किया गया है, जबकि भाग लेने वाले अन्य सभी छात्रों को नासा स्पेस ऐप द्वारा भागीदारी प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।



**धूलपेट रानी अवंती बाई लोध भवन से मसलेश्वर मंदिर तक निकाली गई कांवड़ यात्रा में भाग लेते हुए विधायक राजा सिंह, गोशामहल पार्षद लाल सिंह, प्रदीप सिंह, सुधाकर गौड़, अक्षय साहू, सोमराज सिंह व अन्य।**

## कलश व ध्वजा यात्रा का पोस्टर विमोचन किया गया



हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तीर्थ स्थल रामदेवरा दरबार शिवरामपल्ली में भादवा सुदी दूज के उपलक्ष्य में मारवाड़ी महिला मंडल शिवरामपल्ली तथा बाबा के भक्तों द्वारा भव्य कलश एवं विशाल ध्वजा यात्रा रविवार 28 अगस्त को प्रात: 7.21 बजे से निकाली जाएगी। मंदिर चेयरमैन श्याम सुंदर गिलडा ने बताया यह कलश यात्रा गोशामहल परेड ग्राउंड या नुमाइश ग्राउंड से शुरू होकर रामदेवरा दरबार शिवरामपल्ली आएगी। जाट एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष धर्माराम ढाका ने कहा कि विशाल ध्वजा यात्रा के आयोजन से यह स्पष्ट होता है कि राजस्थानी मारवाडी संस्कृति को जिंदा रखते हुए महिलाएं आज भी अपना रिती रिवाज को कायम रखती हैं।



**आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भारत सेवाश्रम संघ द्वारा बच्चों में पुस्तक व अन्य पाठ्य सामग्री वितरित की गई। इसमें बतौर मुख्यअतथि भाग लती हुईं राज्यपाल डॉ. तामिलसाई सुंदरराजन। साथ में हैं सेवाश्रम के स्वामी मुनिश्वरानंद, वेंकटेश्वरानंद व अन्य।**

# एचएमवी में अतिथि व्याख्यान का आयोजन



हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हिंदी महाविद्यालय में आधुनिक हिंदी कविता एक विमर्श विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं उपप्राचार्य डॉ.बी. श्रीदेवी की सरस्वती वंदना के साथ हुआ। हिंदी महाविद्यालय का सांक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपप्राचार्य श्रीमती अश्विनी सनपुखर तथा डॉ.बी. श्रीदेवी उपस्थित थीं। हिंदी महाविद्यालय समिति के उपाध्यक्ष श्यामसुंदर मूंदडा तथा मानद मंत्री लक्ष्मीनिवास शर्मा ने अपने-अपने आशीर्वचन प्रदान किये। तत्पश्चात डॉ. जयलक्ष्मी ने अतिथि का परिचय प्रस्तुत किया। अतिथि वक्ता को शॉल तथा स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथि व्याख्यान के रूप में उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले संसादपुर के केएसएमपीजी कॉलेज के प्रचार्य डॉ. मुकेश कुमार मिश्र उपस्थित थे। डॉ. मुकेश कुमार मिश्र ने आधुनिक हिंदी कविता एम विमर्श विषय पर अत्यंत ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का सफल संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी धारी ने तथा आभार ज्ञापन डॉ.ए. पुष्पवल्ली ने किया।



**गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने को लेकर अखिल भारतीय गौ सेवा फाउण्डेशन द्वारा हैदराबाद से तिरुपति के लिए पदयात्रा के अवसर पर माहेश्वरी भवन, बेगम बाजार में फाउण्डेशन के अध्यक्ष बालकृष्ण गुरुस्वामी, मंत्री मुरलीकृष्णा, गोवर्धन रेड्डी, गायत्री, जिग्नेश दोशी, गोपाल भण्डारी एवं पदयात्रा के पधारने वाले सभी भक्तों का तेलंगाना प्रादेशिक मारवाडी सम्मेलन की ओर से अभिनन्दन एवं प्रसाद का आयोजन किया गया। अवसर पर सम्मेलन के अध्यक्ष रमेश कुमार बंग, घनश्यामदास बजाज, राजेश करवा, लक्ष्मीनिवास सारडा, अनिरुद्ध कांकाणी, वेणुगोपाल लोया, भाजपा नेता राजू सिंह, नारायणदास सारडा, सुरेश कुमार सारडा, अमित लड्डा, महेश बजाज एवं अन्य।**

## मदनूर में शादी मुबारक चेक का वितरण किया गया



मदनूर, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार के आदेशानुसार तेलंगाना राष्ट्र समिति मंडल अध्यक्ष संगमेश्वर के नेतृत्व में सोमवार के दिन तहसील कार्यालय मैदान में स्थानीय सरपंच सुरेश दरसवार, मंडल विकास अध्यक्ष वागमारे लक्ष्मीबाई, जेडपीटीसी नामेवार अनीता, डोंगाली सोसायटी अध्यक्ष राम पाटील, शकापुर सरपंच एमके पटेल, कोर्पोरेशन सदस्य निजामुद्दीन, मदनूर उपसरपंच विट्ठल, कृषि बाजार समिति पूर्व अध्यक्ष शिवाजी राठौड़ ने मदनूर, मेनूर, शेकापुर, गांव के शादी मुबारक चेक का वितरण किया। इस समय तसीलदार अनिल वागमरे के साथ अन्य उपस्थित थे।

# हर घर तिरंगा अभियान में शामिल हुआ एनएमडीसी




हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक, एनएमडीसी ने भारत सरकार की आजादी का अमृत महोत्सव पहल के अनुरूप हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया। खनन प्रमुख ने महावीर चक्र से सम्मानित कर्नल बी. संतोष बाबू द्वारा गलवान घाटी में देश के लिए दिए गए बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करके साहस को सम्मानित किया। एनएमडीसी ने इस अवसर पर कर्नल बी संतोष बाबू के माता-पिता-श्रीमती मंजुला और बिक्कुमल्ला उपेंदर को सम्मानित अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। हर घर तिरंगा के तत्वावधान में, सम्मानित अतिथियों ने एनएमडीसी के सीएमडी सुमित देब को राष्ट्रीय ध्वज सौंपा और सुमित देव ने उन्हें तिरंगा सौंपकर सम्मान व्यक्त किया।

सुमित देब ने एनएमडीसी के निदेशक (वित्त) अमिताभ मुखर्जी और सीवीओ श्री बी विश्वनाथ (आईआरएसएस) के साथ कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों को राष्ट्रीय ध्वज सौंपा और सभी को 13 से 15 अगस्त, 2022 के दौरान अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया। अपने संबोधन श्रीमती मंजुला ने अपने बेटे की वीरता और साहस की कहानियों को साझा करते हुए कहा, "मैंने अपने बेटे को राष्ट्र की सर्वोच्च सेवा के लिए तैयार किया। उनकी सेवा के दौरान, जब मैं उनके और उनके परिवार के लिए चिंता व्यक्त करती थी, तो बाबू हमेशा कहते थे कि 'राष्ट्र प्रथम' है। इसी प्रकार बिकुमल्ला उपेन्द्र ने कहा, "मेरा बेटा एक असाधारण अधिकारी था। उनको यह सम्मान मृत्युपर्यंत राष्ट्र की सेवा करने की उनकी भावना से मिला है और यह भावना को हमारे देश के युवाओं में अवश्य होनी चाहिए।



**केंटोनमेंट बोर्ड के वार्ड नं 3, बलमराई में बोनालू मेले के दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बीए प्रमोद कुमार के नेतृत्व में निकाली गई जुलूस में बतौर अतिथि भाग लेते हुए विधानसभा उपाध्यक्ष टी. पद्मा राव, बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष जंपन्ना प्रताप व अन्य।**

# जामबाग डिवीजन में कई कार्यक्रम आयोजित



हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। गोशामहल निर्वाचन क्षेत्र के जामबाग डिवीजन में टीआरएस प्रभारी प्रेमसिंह राठोड़ तथा एम. आनंद गौड के नतृत्व में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसी तरह जंबाग संभाग के वार्ड 5 में पार्टी कार्यालय खोला गया। आनंद कुमार गौड़ ने लोगों के करीब रहने, उनकी समस्याओं को समय-समय पर जानने और उन्हें हल करने के लिए कड़ी मेहनत करने और सरकारी योजनाओं को लोगों के करीब बनाने का सुझाव दिया। आनंद कुमार गौड़ ने कहा कि अल्पसंख्यक टीआरएस सरकार की योजनाओं से आकर्षित होते हैं और पार्टी में शामिल होने के लिए आगे आते हैं। गोशामहल टीआरएस पार्टी प्रभारी प्रेम सिंह राठौर ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य भूमिका में प्रिया गुप्ता, एम. श्रीनिवास गौड़, जी. नंदू कुमार, उर्दू अंसारी, अहमद, महेश गौड़, माधवी, नरेश, अज्जू, शेखर, साजिद भाई, कैसर, गौस, अब्दुल रहीमान, बन उस्मान, मोहम्मद मासी, सरदारजी, मोहम्मद फासिल, सलमान, सेमी, मोहम्मद कमाल और अन्य ने भाग लिया।



**कीसरागुट्टा शिवालयम स्थित सीरवी समाज रड़ावास द्वारा सावन की सैर में पूजा-अर्चनाकर आयोजित कार्यक्रम व भोजन प्रसादी का लाभ लेते हुए सम्मानित अतिथि राजस्थानी मित्र मंडल दम्मईगुड़ा अध्यक्ष सोहनसिंह राजपुरोहित, समाज बन्धु व महिलायें।**



**छावनी परिषद की बोर्ड मिटिंग में भाग लेते हुए तेलंगाना सबएरिया कमांडर सोमाशंकर, सीईओ अजीत रेड्डी, सदस्य रामकृष्णा, संयुक्त सीईओ विजय कुमार। बैठक में छावनी क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की जनसमस्याओं पर चर्चा की गई तथा जल्द से जल्द उन समस्याओं को सुलझाने का निर्णय लिया गया।**

# प्रथम पृष्ठ का शेष भाग

## मंकीपॉक्स से और ...

नवीनतम मंकीपॉक्स का प्रकोप जो पहली बार मई में रिपोर्ट किया गया था, तब से 78 देशों में 18,000 से अधिक मामलों में फैल गया है, जो 28 जुलाई को डब्ल्यूएचओ के अंतिम अपडेट के अनुसार है। उस समय, अफ्रीका से मंकीपॉक्स से संबंधित पांच मौतों की सूचना मिली थी। पिछले हफ्ते, स्पेन से दो और ब्राजील और भारत से एक-एक मौत हुई थी।

केरल के एक 22 वर्षीय युवक की शनिवार को मंकीपॉक्स से मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह 21 जुलाई को यूएई से राज्य लौटा था और 27 जुलाई को उसे इंसेफेलाइटिस और बुखार होने के बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसके लिम्फ नोड्स भी सूज गए थे। भारत में अब तक मंकीपॉक्स के चार पुष्ट मामले सामने आए हैं, जिनमें से तीन केरल में और एक दिल्ली में है। इस बीच, केरल से भी पहला मामला दर्ज करने वाले मरीज को शनिवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

## विपक्षी सांसदों का ...

बल्कि उनका एक विशेष काम है। हम ऐसे देश में हैं जहां लोकतंत्र का अपना महत्व है, जिसे बचाकर रखना चाहिए। विपक्षी नेताओं की आवाजों को दबानी नहीं चाहिए।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस और कुछ दल बस हल्ला-गुल्ला करने तक सीमित हो चुके हैं। राहुल गांधी जी को सदन में नहीं आना, वह कहां रहते हैं वह हमें नहीं पता, लेकिन कांग्रेस के लोग सदन को लेकर गंभीर नहीं है। महंगाई पर चर्चा आज लगी है, लेकिन विपक्ष आज भी चर्चा करने के लिए तैयार नहीं है। इससे विपक्ष का चेहरा बेनकाब होता है कि यह लोग बस हल्ला करने के लिए आते हैं और चर्चा करने में इनका विश्वास नहीं है।

# न्यूज़ीलैंड बनाम स्कॉटलैंड वनडे

## न्यूजीलैंड के चैपमैन दो देशों के लिए शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज

### स्कॉटलैंड सात विकेट से हारा






इडिनबर्ग, 1 अगस्त (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड और स्कॉटलैंड के बीच एकमात्र वनडे मैच कीवी टीम ने सात विकेट से जीत लिया। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 306 रन बनाए थे। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने तीन विकेट खोकर 45.5 ओवर में लक्ष्य का पीछा कर लिया और मैच सात विकेट से अपने नाम किया। इस मैच में न्यूजीलैंड के लिए मार्क चैपमैन ने 101 रन की नाबाद पारी खेली। इस शतक के साथ ही चैपमैन दुनिया के दूसरे खिलाड़ी बन गए, जिन्होंने दो देशों के लिए शतक लगाया है। उनसे पहले यह कारनामा केपलर वेसेल्स ने किया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए चार और दक्षिण अफ्रीका के लिए दो शतक लगाए थे।

स्कॉटलैंड के दौरे पर कीवी टीम को कुल तीन मैच खेलने थे और न्यूजीलैंड ने सभी मैच जीतकर यह दौरा पूरा किया है। टी20 सीरीज के दोनों मैच कीवी टीम ने 68 और 102 रन से जीते थे। इसेक बाद एकमात्र वनडे भी सात विकेट से जीत लिया। अब न्यूजीलैंड की टीम नीदरलैंड के खिलाफ दो टी20 मैच खेलेगी।

**स्कॉटलैंड का अच्छा स्कोर**

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड की टीम ने 306 रन का अच्छा स्कोर बनाया। 107 के स्कोर पर पांच विकेट गंवाने के बाद विकेटकीपर मैथ्यू क्रास के 53, मिशेल लीस्क के 85 और मार्क वॉट 31 रन की पारी के चलते स्कॉटलैंड का स्कोर 300 के पार पहुंचा। न्यूजीलैंड के लिए जैकॉब डफी और मिशेल ब्रैसवेल ने तीन-तीन विकेट लिए। लॉकी फर्ग्यूसन को दो विकेट मिले।

इसके जवाब में न्यूजीलैंड की शुरुआत शानदार रही और सलामी जोड़ी ने 78 रन जोड़े। मार्टिन गुप्टिल ने 47 और फिन एलेन ने 50 रन बनाए। डेन क्लेवर ने 32 रन की पारी खेली और अंत में मार्क चैपमैन ने 101 और डेरिल मिशेल ने 74 रन बनाकर कीवी टीम को जीत दिला दी। स्कॉटलैंड के लिए मिशेल लेस्क ने दो विकेट लिए।

**चैपमैन ने की केप्लर वेसेल्स की बराबरी**

मार्क चैपमैन ने इस मैच में शतक लगाया और केप्लर वेसेल्स की बराबरी की। चैपमैन ने इससे पहले हॉन्गकॉन्ग के लिए अपने डेब्यू मैच में शतक लगाया था और अब उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए शतकीय पारी खेली है। वो दो देशों के लिए शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। इससे पहले केप्लर वेसेल्स ने ऐसा किया था। वेसेल्स ने पहले ऑस्ट्रेलिया के लिए 24 मैचों में चार शतक की मदद से 1761 रन बनाए थे। इसके बाद उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए 16 मैचों में 1027 रन बनाए, जिसमें दो शतक शामिल थे।

# कॉमनवेल्थ गेम्स का चौथा दिन

## भारत विमेंस लॉन बॉल्स टीम पहली बार फाइनल में पहुंची, सुशीला देवी ने भी मेडल किया पक्का

बर्मिंघम, 1 अगस्त (एजेंसियां)। कॉमनवेल्थ गेम्स में चौथे दिन के मुकाबले चल रहे हैं। भारत की जूडो प्लेयर सुशीला देवी फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने 48 केजी वेट कैटेगरी के सेमीफाइनल में मॉरीशस की प्रिससिला मोरांड को हराया। फाइनल में उनका सामना साउथ अफ्रीका मिकेला व्हाइटबोडी से होगा। साथ ही लॉन बॉल्स में भारतीय विमेंस फोर्स टीम ने इतिहास रच दिया है। वह पहली बार कॉमनवेल्थ गेम्स के फाइनल में पहुंची है।






1930 से कॉमनवेल्थ गेम्स में लॉन बॉल्स खेला जा रहा है, लेकिन आज तक टीम इंडिया फाइनल में नहीं पहुंच पाई थी। भारत ने सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को हराया है। अब फाइनल में साउथ अफ्रीका से मुकाबला होगा।

**जूडो : सुचिका ने रेपचेज जीता**

जूडो में महिलाओं में 57 केजी वेट कैटेगरी में सुचिका तरियाल ने रेपचेज टाई जीत लिया है। उन्होंने साउथ अफ्रीका अफ्रीका की डोना ब्रेटेनबाक को हरा दिया। अब वह कांस्य पदक के लिए भिड़ेंगी। **एक अन्य जूडोका** विजय सिंह यादव पुरुष 60 केजी वेट कैटेगरी के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने विंसले गंगाया को प्री-क्वार्टर फाइनल में हरा दिया। इससे पहले विमेन 57 केजी वेट कैटेगरी में सुचिका ने जिम्बाब्वे की रीता कबिंदा को कराते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। जसलीन सिंह सैनी मेंस 66 केजी वेट कैटेगरी के टॉप-8 में पहुंच गए हैं।

**बॉक्सिंग : अमित पंघाल और मोहम्मद हसमुद्दीन क्वार्टर फाइनल में**




बॉक्सिंग में अमित पंघाल ने 51 केजी वेट कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए वानूआतू के नाम्री बेरी को 5-0 से हरा कर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। वहीं, बॉक्सिंग के अन्य मुकाबले में 57 केजी वेट कैटेगरी में भी भारत को जीत मिली है। मोहम्मद हसमुद्दीन ने बांग्लादेश के मोहम्मद सलीम को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। अनुभवी मोहम्मद हसमुद्दीन ने 5-0 से यह मैच जीत लिया है।

**वेटलिफ्टिंग : अजय सिंह मेडल चूके, चौथे नंबर पर रहे**

वेटलिफ्टिंग की मेंस 81केजी वेट कैटेगरी में भारत के अजय सिंह मेडल जीतने से चूक गए हैं। उन्होंने स्नैच और क्लीन एंड जर्क मिलाकर 319 केजी वेट उठाया और चौथे स्थान पर रहे। इंग्लैंड के क्रिस मरे (325 केजी) ने गेम्स रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता।

अजय ने स्नैच के पहले प्रयास में 138 केजी दूसरे में 140 KG और तीसरे में 143 केजी का वजन उठाया। वहीं, क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 172 और 176 केजी वेट उठाया। तीसरा प्रयास विफल रहा।

**भारत मेडल टैली में छठे स्थान पर**

भारत ने अब तक 3 गोल्ड सहित 6 मेडल जीते हैं। मेडल टैली में भारत अभी छठे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया 22 गोल्ड सहित 52 मेडल जीतकर पहले नंबर पर है।

## इंडियन ओपनर शिखर का दिखा अनोखा अंदाज

### पर्सनल कुक के छुट्टी मांगने पर बुरी तरह भड़के सोशल मीडिया पर डाला फनी वीडियो



जमैका, 1 अगस्त (एजेंसियां)। शिखर धवन को टीम इंडिया के सबसे मजाकिया खिलाड़ियों में शुमार किया जाता है। गब्बर हर बार इंस्टाग्राम के रील्स वीडियो के जरिये फैंस को लोटपोट होने पर मजबूर कर देते हैं। अबकी बार शिखर ने अपने कुक कबीर को नवाजुद्दीन सिद्दीकी के अंदाज में समझाने की कोशिश की, लेकिन कुक छुट्टी पर ना जाने के लिए नहीं माना। इसके बाद शिखर बेहद गुस्से में नजर आए।

शिखर धवन अपनी फिटनेस को लेकर बेहद संजीदा रहते हैं। इसी वजह से उनका पर्सनल कुक हमेशा गब्बर के साथ होता है। हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी कप्तानी में टीम इंडिया को 3-0 से मिली ऐतिहासिक जीत के दौरान भी गब्बर के साथ उनके कुक मौजूद थे। शिखर द्वारा डाले गए वीडियो में नजर आ रहा है कि शिखर के कुक कबीर उनका साथ छोड़कर जा रहे हैं। ऐसे में गब्बर एक आखिरी कोशिश कर रहे हैं कि कुक कबीर न जाएं। यहां तक कि शिखर जमीन पर लेट जाते हैं और कहते हैं कि जाना है तो मेरी लाश से गुजर कर जा। कबीर शिखर के ऊपर से निकल जाते हैं। इसके बाद गब्बर का गुस्सा भड़क जाता है। शिखर का यह अंदाज देखने लायक है। वह पहले भी ऐसे मजेदार वीडियो डालते रहे हैं।

जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है। पूर्व कप्तान विराट कोहली को इस दौरे से भी आराम मिला है। जबकि राहुल त्रिपाठी को मौका मिला है और शिखर धवन फिर कप्तान बने हैं। रोहित शर्मा-जसप्रीत बुमराह भी आराम पर हैं। इस बीच केएल राहुल कोविड पॉजिटिव हो गए हैं। साथ ही तेज गेंदबाज दीपक चाहर की चोट से वापसी हो गई है। दीपक ने टीम इंडिया के लिए आखिरी मुकाबला फरवरी में खेला था।

## स्टब्स ने पकड़ा गजब का कैच

### पीछे की ओर दौड़ते हुए लगाई छलांग, 3 सेकंड तक हवा में रहे 5 मीटर दूर की बॉल को लपका



साउथैम्प्टन, 1 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के बीच रविवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में गजब का कैच देखने को मिला। यह कैच लिया साउथ अफ्रीका के विकेट कीपर बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स ने। इसका वीडियो सामने आया है। इसकी तुलना जोंटी रोड्स के कैच से की जा रही है। स्टब्स ने बैकफुट पर दौड़ते हुए चंद सेकंड में करीब 5 मीटर दूर की बॉल को एक हाथ से पकड़ लिया। वे करीब 3 सेकंड तक हवा में रहे।

दरअसल, तीसरे टी-20 की दूसरी पारी में इंग्लिश बैटर मोइन अली 10वें ओवर में एडन मार्क्रम की गेंद को लॉन्ग ऑन की दिशा में मारना चाहते थे, लेकिन बॉल सही से बल्ले पर नहीं आई और शॉर्ट लॉन्ग ऑफ की ओर चली गई। जहां ट्रिस्टन स्टब्स खड़े थे। बॉल स्टब्स से दूर जा रही थी। तब वे कवर पर सर्कल के अंदर खड़े थे।

स्टब्स के इस कैच ने साउथ अफ्रीका के दिग्गज फील्डर जोंटी रोड्स की याद दिला दी। रोड्स ऐसे ही कैच लेने के लिए जाने जाते थे।

**90 रन से जीती अफ्रीकी टीम**

इस मुकाबले को साउथ अफ्रीका ने 90 रनों के अंतर से जीता। 192 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम 101 रन पर आउट हो गई। उसने इस सीरीज को 2-1 से अपने नाम कर लिया।

**अय्यर ने भी रोका था जबर्दस्त छक्का**

तीन दिन पहले श्रेयर अय्यर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी-20 मुकाबले में लाजवाब फील्डिंग की थी। उन्होंने लाजवाब डाइव लगाते हुए बाउंड्री के बाहर जाती गेंद को बाउंड्री के अंदर फेंक दिया था। उनकी इस फील्डिंग की काफी तारीफें हुई थीं। अय्यर ने अपनी टीम के लिए 4 रन बचाए थे।

## वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर ने 31 साल की उम्र में लिया संन्यास, कहा- टीम का माहौल खराब




नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज महिला टीम की पूर्व कप्तान और दिग्गज ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। उन्होंने 31 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट छोड़ दिया है। इसके पीछे डॉटिन ने टीम के खराब माहौल को जिम्मेदार ठहराया है। अब वो अलग-अलग टी20 लीग में खेलती नजर आएंगी। डॉटिन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए संन्यास का एलान किया है और अपना दर्द भी बयां किया है। उनके इस फैसले के बाद क्रिकेट जगत में काफी हलचल बनी हुई है।

महिला टी20 क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाली डॉटिन ने यह तय नहीं किया है कि वो वेस्टइंडीज के अलावा किसी और टीम से रिटायर हो रही हैं या नहीं। वो फिलहाल बरबाजोड के लिए कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भाग ले रही हैं। डॉटिन महिला सीपीएल के पहले सीजन में भी शामिल होंगी, जो 30 अगस्त से शुरू हो रही है। डॉटिन को इस लीग में त्रिनबागो नाइट राइडर्स टीम की कप्तानी करनी है। वहीं, द हंड्रेड में उन्हें मैनचेस्टर ओरिजनल्स के लिए खेलना है।

# राष्ट्रमंडल खेल 2022

## निखत जरीन के सामने विरोधी बॉक्सर ने टेके घुटने, क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह



बर्मिंघम, 1 अगस्त (एजेंसियां)। कॉमनवेथ गेम्स में भारत की स्टार मुक्केबाज निखत जरीन ने शानदार शुरुआत की है. वर्ल्ड चैंपियन जरीन ने 48-50 किलोग्राम वर्ग में खेलते हुए मोजांबिक की हेलेना इस्माइल बागाओ को मात दी. इसके साथ ही उन्होंने मेडल के लिए अगले दौर में अपनी जगह पक्की कर ली है. वो अब क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गई है. निखत को मैच में एकतरफा जीत दर्ज मिली. शानदार पंच के चलते 48 सेकेंड पहले ही विरोधी मुक्केबाज ने उनके सामने हार मान ली.

जरीन ने शुरू से ही मुकाबले में दबदबा बनाया और उनकी युवा प्रतिद्वंद्वी कहीं भी उनकी बराबरी नहीं कर सकी. भारतीय मुक्केबाज ने अपने अपार अनुभव की बदौलत बायें और दायें मुक्कों के संयोजन का बखूबी इस्तेमाल कर प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज को पस्त किया.

अंतिम राउंड में जरीन ने दमदार मुक्के सीधे हेलेना के मुंह पर लगे जिससे वह पूरी तरह हिल गयीं जिसके बाद रैफरी ने 48 सेकेंड पहले ही मुकाबला रोक दिया.

जरीन का सामना अब क्वार्टरफाइनल में राष्ट्रमंडल खेलों की मौजूदा कांस्य पदक विजेता न्यूजीलैंड की ट्राय गार्टन से होगा जिसमें जीत से वह पोडियम स्थान में पहुंच जायेंगी।

## कॉमनवेल्थ में यंगिस्तान का जलवा

**19 साल के जेरेमी और 20 साल के अचिंता ने भारत को दिलाया गोल्ड, टीम इंडिया के हुए 6 मेडल**

बर्मिंघम, 1 अगस्त (एजेंसियां)। कॉमनवेल्थ गेम्स में रविवार को भी भारतीय वेटलिफ्टर्स का जलवा कायम रहा। दिन में वेटलिफ्टिंग के तीन इवेंट हुए और भारत ने दो में गोल्ड जीता। इसी के साथ भारत के 6 मेडल हो गए हैं और ये सभी पदक वेटलिफ्टिंग में आए हैं। भारत अब मेडल टैली में 5वें स्थान पर है। रविवार को पहले मेंस 67 KG में जेरेमी लालरिनुंगा ने सुनहरी कामयाबी हासिल की। इसके बाद देर रात अचिंता शेउली ने 73 KG कैटेगरी में देश के नाम एक और गोल्ड कर दिया।

अचिंता शेउली ने स्नैच राउंड टॉप पर रहते हुए खत्म किया। उन्होंने पहले प्रयास में 137 किलो, दूसरे प्रयास में 140 किलो और तीसरे प्रयास में 143 किलो का वजन उठाया। इसके बाद क्लीन एंड जर्क राउंड में अचिंता ने पहले प्रयास में 166 किलो का वजन उठाया। इसके बाद दूसरे प्रयास में उन्होंने 170 किलो उठाने का प्रयास किया, लेकिन वह उठा नहीं पाए। तीसरे प्रयास में फिर उन्होंने 170 किलो वजन उठाया। अचिंता ने स्नैच राउंड में 143 किलो और क्लीन एंड जर्क राउंड में 170 किलो वजन समेत कुल 313 किलो वजन उठाया।

## 3250 अंक के साथ वर्ल्ड रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचीं अंजुम मोदगिल, खेल मंत्री ने किया सम्मानित



चंडीगढ़, 1 अगस्त (एजेंसियां)। कोरिया में जुलाई माह में हुए आईएसएफ वर्ल्ड कप में अंजुम मोदगिल ने बेहतर प्रदर्शन किया था। इसी के साथ वे वर्ल्ड रैंकिंग में 3250 अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई हैं। इस मुकाम को हासिल करने पर खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने अंजुम मोदगिल को सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर उनके परिवार में खुशी का माहौल है।

अंजुम मोदगिल के पिता सुदर्शन मोदगिल और मां शुभ मोदगिल ने कहा कि यह परिवार के लिए बड़े गर्व की बात है कि बेटी लगातार कड़ी मेहनत से आगे बढ़ रही है। आईएसएफ वर्ल्ड कप में अंजुम मोदगिल ने दो कास्य पदक हासिल किए थे। उन्होंने वुमन 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन के टीमें इवेंट और वुमन 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन के एकल वर्ग में ये पदक जीते थे। इससे अंजुम मोदगिल की वर्ल्ड रैंकिंग में उछाल आया। वह अब 50 मीटर थ्री पोजीशन वुमन में 3250 अंक के साथ शीर्ष स्थान पर काबिज हो गई हैं। अंजुम इन दिनों आगामी वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए दिल्ली में आयोजित भारतीय कैंप मे तैयारियों में जुटी हुई हैं। इस दौरान वह खेल मंत्री से दिल्ली स्थित उनके दफ्तर में मिलीं। अंजुम मोदिगल का परिवार सेक्टर- 37 में रहता है। शूटिंग में शहर की पहली ओलंपियन खिलाड़ी का दर्जा अंजुम मोदगिल के नाम है।

## हर बात पर राजनीति ढूंढने वालों को शाहिद अफरीदी की सलाह- इनसान के बच्चे बन जाएं तो बेहतर है




नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। हाल ही में पाकिस्तान की टीम श्रीलंका दौरे पर दो टेस्ट मैच की सीरीज खेलकर लौटी है. यहां पाकिस्तान ने पहले टेस्ट में शानदार जीत दर्ज की थी, जब उसने चौथी पारी में रिकॉर्ड 342 रन का टारगेट चेज किया था. लेकिन इसके बाद दूसरे टेस्ट में वह हार गई और सीरीज 1-1 से बराबर हो गई. पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने टीम के इस प्रदर्शन पर अपनी राय रखी है. अफरीदी यहां पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान के प्रदर्शन पर सवाल उठा रहे थे. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अपनी बेंच स्ट्रेंथ को मजबूत बनाना चाहिए, जिससे प्लेइंग XI में खेल रहे खिलाड़ियों को अपनी जगह की चिंता रहे और वह तब शानदार प्रदर्शन कर पाएंगे.

अफरीदी ने साफ कहा कि रिजवान टेस्ट मैच में अब फ्लॉप हो रहे हैं तो ऐसे में उन पर दबाव बनाना चाहिए और पाकिस्तान को किसी दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज को प्लेइंग XI में शामिल कर मौका देना चाहिए.

रिजवान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई घरेलू टेस्ट सीरीज में शतक जमाया था लेकिन इसके बाद से वह तीन टेस्ट में फ्लॉप हो गए हैं. शतक जमाने के बाद रिजवान ने तीन टेस्ट में 1, 0, 19, 40, 24, और 37 रन बनाए हैं.

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद भी इस टीम का हिस्सा थे. हालांकि उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला. अफरीदी सरफराज को खिलाने का समर्थन कर रहे थे. सरफराज ने अपना आखिरी टेस्ट मैच तीन साल पहले साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला था.

पाकिस्तान के इस पूर्व कप्तान का मानना है कि चूंकि रिजवान कम स्कोर बना रहे हैं. ऐसे में उन पर थोड़ा दबाव बनाया जाना चाहिए. उन्होंने समां टीवी के साथ बातचीत में कहा, 'आपको दबाव बनाए रखना चाहिए. बेंच स्ट्रेंथ जितनी ज्यादा मजबूत होगी खिलाड़ी अपने प्रदर्शन को लेकर उनता अधिक ध्यान रखेगा।

# रैतु बंधु योजना से प्रदेश के किसान लाभान्वित

## समय पर किसानों को वित्तीय सहायता मुहैया कराने का सीएम का सख्त निर्देश




हैदराबाद, 31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना ने अविभाजित आंध्र प्रदेश में अपने अस्तित्व के लिए लड़ाई लड़ी, लेकिन 2014 में राज्य के गठन के बाद, यह टीआरएस सरकार द्वारा कल्याण और विकास की पहल को दी गई प्राथमिकता के कारण देश के सबसे विकसित राज्यों में से एक के रूप में उभरा है। किसानों को लाभान्वित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में शुरू की गई कई नवीन पहलों में रैतु बंधु योजना है, जो पूरे देश के लिए एक मॉडल कार्यक्रम के रूप में उभरी है। अब तक, राज्य सरकार ने इस योजना के तहत 58,102 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है, जिसे पूरे देश और यहां तक कि विदेशों में भी प्रशंसा मिली है। रैतु बंधु योजना से प्रेरणा लेते हुए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना भी शुरू की। इस मानसून के मौसम में, 3.64 लाख किसानों ने रैतु बंधु के तहत वित्तीय सहायता के लिए आवेदन किया। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने किसानों को समय पर वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को तुरंत धनराशि जारी करने के निर्देश जारी किए। हाल ही में मानसून के मौसम के लिए किसानों के खातों में रैतु बंधु धन जमा किया गया है, जिसमें सरकार ने किसानों को 5,000 रुपये प्रति एकड़ की किश्तों में 7,654.43 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। राज्य में कुल 68.94 लाख किसानों को 1.53 करोड़ एकड़ में निवेश सहायता प्राप्त हुई। लगभग 1.50 लाख एकड़ को रै4 बंधु सूची में जोड़ा गया है। यासंगी सीजन की तुलना में इस बार योजना के तहत 3.64 लाख से अधिक किसानों को नई वित्तीय सहायता दी गई है। सरकार ने रैतु बंधु के तहत पिछले साल तक किसानों के खातों में 50,448 करोड़ रुपये जमा किए। कृषि मंत्री एस. निरंजन रेड्डी ने कहा कि अगर हम इस सीजन में जमा किए गए 7,654.43 करोड़ रुपये जोड़ते हैं, तो अब तक स्वीकृत रैतु बंधु सहायता की कुल राशि 58,102 करोड़ रुपये है।

देश में किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली किसी भी सरकार का अब तक कोई रिकॉर्ड नहीं है। केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई वित्तीय समस्याओं से कोई फर्क नहीं पड़ता, चंद्रशेखर राव ने राज्य में किसानों के लिए धन स्वीकृत किया, उन्होंने कहा, यह किसानों के प्रति मुख्यमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

यह बताते हुए कि टीआरएस सरकार द्वारा रैतु बंधु को गांवों में कृषि उत्पादन को प्रोत्साहित करने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए पेश किया गया है, उन्होंने कहा कि यह किसानों को कर्ज में फंसने से बचाता है। सरकार हर सीजन में उनके खाते में प्रति किसान 5,000 रुपये प्रति एकड़ जमा करेगी। यदि खरीफ और रबी सीजन में दो फसलों के लिए योजना का लाभ उठाया जाता है, तो छोटे और सीमांत किसानों को योजना के तहत बीज, रसायन, उर्वरक और अन्य जरूरतों को खरीदने के लिए सरकार से 10,000 रुपये मिलेंगे। इस योजना की घोषणा सबसे पहले मुख्यमंत्री ने 25 फरवरी, 2018 को जयशंकर कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित किसान समन्वय समिति के सम्मेलन में की थी। 10 मई, 2018 को, मुख्यमंत्री ने करीमनगर जिले के हुजुराबाद विधानसभा क्षेत्र के धर्मराजुपल्ली गांव में इस योजना का शुभारंभ किया। तेलंगाना में लगभग 55 प्रतिशत आबादी अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। इस फसल निवेश योजना से 90.5 प्रतिशत से अधिक गरीब लाभान्वित हो रहे हैं। चूंकि किसानों को फसलों की खेती के लिए मदद नहीं मिल रही थी, इसलिए वे निवेशकों और दलालों से कर्ज लेते थे जो पहले उच्च ब्याज दर वसूल करते थे। ब्याज सहित कर्ज नहीं चुका पाने के कारण किसान आत्महत्या कर लेते थे। इन समस्याओं की जाँच के लिए, सरकार ने रैतु बंधु योजना शुरू की। योजना के तहत वित्तीय सहायता देने के अलावा राज्य सरकार राज्य के सभी क्षेत्रों को 24 घंटे गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति भी कर रही है।

# प्रदर्शन पर फिर उतरे बासर आईआईआईटी के छात्र

## परोसे जा रहे भोजन का किया बहिष्कार, सरकार से जल्द समस्याओं के समाधान की मांग



हैदराबाद, 31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। प्रसिद्ध बासर आईआईआईटी के करोड़ों छात्रों ने आज उन्हें परोसे जा रहे भोजन का बहिष्कार कर एक विरोध कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने राज्य सरकार को चेतावनी दी कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता, वे भोजन नहीं करेंगे। संस्थान के प्रभारी वीसी प्रोफेसर वेंकट रमण ने हालांकि छात्रों को चर्चा के लिए आमंत्रित किया, लेकिन छात्रों को और अधिक नाराज करते हुए उनकी बैठक को छोड़ दिया। वीसी से चर्चा करने पहुंचे छात्रों ने वीसी के चैंबर के सामने धरना दिया। इस अवसर पर छात्रों ने कहा कि संस्थान के अधिकारी उनके धैर्य की परीक्षा ले रहे हैं। उधर, एक अभिभावक समिति ने शहर में बैठक कर छात्रों के समर्थन में चलो बसरा कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया।

### छात्रों की समस्याओं का समाधान का प्रयास : प्रभारी वीसी

इस बीच, बसरा आईआईआईटी के प्रभारी कुलपति वेंकट रमना ने आज कहा कि वे संस्थान के छात्रों की समस्याओं को हल करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों द्वारा की गई मांगें जायज हैं और उन्होंने कहा कि निपटान के विभिन्न चरणों में अन्य समस्याओं को हल करने की प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए उन्होंने छात्रों द्वारा उठाई गई कुछ समस्याओं को पहले ही हल कर लिया है। उन्होंने कहा कि बिना खाना खाए खुद भूखे रहकर विरोध कार्यक्रम आयोजित करना छात्रों के लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्होंने नए मेस ठेकेदारों की नियुक्ति के लिए पहले ही एक अधिसूचना जारी कर दी थी और कहा कि प्रक्रिया एक सप्ताह के समय में पूरी कर ली जाएगी।

## आईआईआईटी छात्रों की समस्याओं को लेकर बंदी संजय ने सरकार पर साधा निशाना



हैदराबाद, 31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बंडी संजय कुमार ने आज बासर आईआईआईटी के छात्रों की समस्याओं को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार छात्रों की समस्याओं को हल करने की बजाय उनकी अनदेखी कर रही है। उन्होंने राज्य सरकार से पूछा कि वह छात्रों की समस्याओं का समाधान क्यों नहीं कर रही है? यह कहते हुए कि संस्थान के छात्रों द्वारा आयोजित किए जा रहे विरोध कार्यक्रम सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, राज्य सरकार को उनकी कोई परवाह नहीं है।

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के सांसद सोयम बाबूराव ने राज्य के सीएम केसीआर को आईआईआईटी छात्रों की समस्याओं पर कई अभ्यावेदन दिए और कहा कि यह क्रूर है कि उनकी पार्टी के सांसद, जो छात्रों की समस्याओं का पता लगाने गए थे, को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बासर आईआईआईटी में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए ये टिप्पणी की। इस अवसर पर बोलते हुए, संजय ने राज्य के मंत्रियों से कहा कि वे छात्रों के विरोध कार्यक्रमों को कम न करें, जो संस्थान की चार दीवारों के भीतर आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार को बताया कि छात्रों ने कई जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का समाधान करने का आग्रह किया है। उन्होंने छात्रों के विरोध कार्यक्रमों के बावजूद इस मुद्दे पर राज्य सरकार की चुप्पी पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि जब वे छात्रों से मिलने की कोशिश कर रहे हैं तो पुलिस उनके सहित सभी नेताओं को गिरफ्तार कर रही है।

## भाकपा ने केंद्र से छात्रों की समस्याओं का समाधान करने का किया आग्रह

हैदराबाद, 31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के राष्ट्रीय सचिव के. नारायण ने केंद्र सरकार से राजीव गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ नॉलेज एंड टेक्नोलॉजीज (आरजीयूकेटी)-बासर के मामलों में हस्तक्षेप करने और छात्रों की समस्याओं का समाधान करने का आग्रह किया है। परिसर में गुणवत्तापूर्ण भोजन और अन्य सुविधाओं के प्रावधान की मांग को लेकर पिछले कुछ समय से आंदोलन कर रहे हैं। भाकपा नेता नारायण ने रविवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर आरजीयूकेटी-बासर में व्याप्त सभी समस्याओं का तत्काल समाधान करने को कहा। भाकपा नेता ने कहा कि आरजीयूकेटी-बसारा में विभिन्न पाठ्यक्रमों में 6,000 से अधिक छात्र पढ़ने के बावजूद संस्थान के लिए कोई स्थायी कुलपति नहीं है और विश्वविद्यालय सुविधाओं के अभाव में चलाया जा रहा है।

नारायण ने धर्मेंद्र प्रधान को परिसर में हुई विभिन्न घटनाओं को भी याद दिलाया, जिसमें कहा गया है कि 600 से अधिक छात्रों को भोजन की खराब गुणवत्ता के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था और छात्र अपनी कक्षाओं का बहिष्कार करके दो महीने से अधिक समय से आंदोलन कर रहे हैं, जैसे कि 12 मांगों खाट, वर्दी, लैपटॉप, पेयजल आदि सहित मूलभूत सुविधाएं आदि की एक सूची को हल करने की मांग कर रहे हैं। नारायण ने कहा कि परिसर में 200 से अधिक शिक्षण रिक्त पद हैं और केंद्र सरकार को पर्याप्त शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की भर्ती के लिए पहल करनी चाहिए। परिसर परिसर में भारी पुलिस बल की तैनाती के लिए राज्य सरकार पर दोष ढूंढते हुए नारायण ने कहा कि टीआरएस सरकार राजनीतिक नेताओं को परिसर में नहीं आने दे रही है और छात्रों की समस्याओं को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने के बजाय उन्हें जटिल बनाने की कोशिश कर रही है।

# तलसानी ने यादव समुदाय को दी सरकारी योजनाओं के उपयोग की सलाह



हैदराबाद, 31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। पशुपालन मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने यादव समुदाय को एकजुट होने और टीआरएस सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं का लाभ उठाकर खुद को सामाजिक और आर्थिक रूप से विकसित करने का आह्वान किया। रविवार को यहां केएलएन समारोह हॉल में कुडा अध्यक्ष सुंदर राज यादव के सम्मान कार्यक्रम में शामिल होने के बाद समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव यादव समुदाय को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं और कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत भी की है। मंत्री ने कहा कि भेड़ वितरण योजना तेलंगाना में यादव समुदाय के लिए एक वरदान बन गई है और इस तरह की योजना देश में कहीं और लागू नहीं की गई है, उन्होंने कहा कि यह यादवों के सामाजिक और आर्थिक रूप से उत्थान के लिए केसीआर की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। "केसीआर समुदाय को प्राथमिकता दे रहे हैं और यादव समुदाय के विकास के लिए अधिक धन आवंटित कर रहे हैं। इसके अलावा, कोकापेट में यादव भवन के निर्माण के लिए लगभग 300 करोड़ रुपये और 5 करोड़ रुपये की पांच एकड़ भूमि स्वीकृत की गई है। समुदाय के विकास के लिए राज्य सरकार का ऐसा सहयोग देश में और कहीं नहीं मिलेगा। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने यादव समुदाय के बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय भी शुरू किए हैं और समुदाय के लोगों से इस सुविधा का लाभ उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने यादव समुदाय को सामाजिक और आर्थिक रूप से विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं का उपयोग करने की भी सलाह दी। उन्होंने सुझाव दिया कि उन्हें एकजुट होना चाहिए और समस्याओं का समाधान, यदि कोई हो, सौहार्दपूर्ण ढंग से करना चाहिए।

## दंपत्ति की धारदार हथियारों से हत्या

अमरावती, 31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में रविवार को एक दंपति की हत्या कर दी गई। घटना चिंतूर 'मंडल' (ब्लॉक) के रत्नापुरम गांव की है। पुलिस के अनुसार, रंगैया (51) और उसकी पत्नी मुत्तम्मा (45) को उनकी झोपड़ी में चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस को आशंका है कि इनकी हत्या आधी रात के बाद की गई है। काकीनाडा कस्बे से सुराग टीम ने घटनास्थल से सुराग जुटाया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## बच्चा खुली टंकी में डूबा

खम्मम, 31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। खम्मम के श्री नगर कॉलोनी में एक निर्माणाधीन अपार्टमेंट में रविवार को खुली टंकी में सात साल का बच्चा डूब गया। मृतक गणेश इलाके के एक अपार्टमेंट में काम करने वाले चौकीदार का बच्चा था। बच्चा साइट पर खेलते समय गलती से टींकी में गिर गया।

# शिक्षा मंत्री के घर के सामने छात्रों के अभिभावकों ने दिया धरना, तनाव



हैदराबाद, 31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। नगर की श्रीनगर कालोनी स्थित मंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी के घर पर बासर आईआईआईटी छात्रों के अभिभावकों ने धरना दिया। इसी कारण तनाव की स्थिति पैदा हुई है। क्योंकि आंदोलनकारियों ने मंत्री के मकान में घुसने की कोशिश की। इसके चलते पर स्थानीय पुलिस ने इस आंदोलन में लिप्त कई आंदोलनकारियों को गिरफ्तार किया तथा मंत्री के घर परिसर में भारी रूप में पुलिस तैनात की गयी है। ताकि किसी भी बुरी घटना को तुरंत रोका जा सके। इस मामले में, धरने पर बैठे आंदोलनकारियों ने बताया कि, वे मंत्री के घर पर इसलिए पहुंचे हैं कि, मंत्री को वे अपने बच्चों के समस्याओं के निदान से जुडे अपील लेटर को दे सके। साथ ही आंदोलनकारियों ने यह भी बताया कि बासर ट्रिपुल आयटी में अध्ययनरत उनके बच्चे समस्याओं से घिरे हैं तथा उनका समाधान जरूरी है।

इसके चलते बासर ट्रिपुल आयटी छात्रों ने चेताया कि, उनकी समस्याएं तुरंत सुलझायें वरना बडे पैमाने पर आंदोलन किया जायेगा। क्योंकि हम सभी छात्र-छात्राएं शिक्षा संबंधित समस्याओं से घिरे हुए हैं। साथ ही छात्रों ने कहा कि, गत में मंत्री सबिता ने कई आश्वासन दिये हैं पर उसपर अभीतक अमल न के बराबर है। छात्रों ने मंत्री पर आरोप लगाया कि छात्रों की समस्याएं न सुलझाकर सरकार समय बरबाद कर रही है।

## राचकोंडा सुरक्षा परिषद ने मानव तस्करी पर ऑनलाइन चर्चा की

हैदराबाद, 31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। व्यक्तियों की तस्करी के खिलाफ विश्व दिवस के अवसर पर राचकोंडा सुरक्षा परिषद-साइबर सुरक्षा फोरम द्वारा एक ऑनलाइन पैनल चर्चा 'प्रौद्योगिकी का उपयोग और दुरुपयोग' का आयोजन किया गया। चर्चा के दौरान महेश एम भागवत ने वैश्विक परिप्रेक्ष्य और भारतीय परिदृश्यों के साथ मानव तस्करी में अंतर्दृष्टि साझा की और बताया कि कैसे समाज में विभिन्न परिस्थितियां लोगों को तस्करी के जाल में फंसाती हैं। उन्होंने विभिन्न प्रकार की तस्करी जैसे यौन तस्करी, घरेलू दासता, जबरन श्रम, अंग व्यापार, साइबर धोखाधड़ी, ऊंट जॉकींग, सर्कस, चाइल्ड पोर्नोग्राफी, अनुबंध विवाह, गोद लेने आदि के बारे में बताया। महेश भागवत ने तस्करी, बचाव, पुनर्वास को रोकने के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने राचकोंडा पुलिस की पहल और सब डिविजनल/एक्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट से आदेश लेकर वेश्यालय के रूप में इस्तेमाल होने वाले 170 अपार्टमेंट फ्लैट/लॉज/गेस्ट हाउस को बंद करने के प्रयासों को भी साझा किया। पैनल चर्चा का संचालन महिला मंच राचकोंडा सुरक्षा परिषद की संयुक्त सचिव लता रामसुब्रमण्यम ने किया। सत्र में आरकेएससी स्वयंसेवकों के साथ लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## कांग्रेस पार्टी 5 अगस्त को राज्यव्यापी धरना कार्यक्रम आयोजित करेगी : रेवंत



हैदराबाद, 31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस पार्टी ने 5 अगस्त को एआईसीसी (अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी) द्वारा दिए गए एक आह्वान के बाद राज्यव्यापी धरना कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला किया है। टीपीसीसी अध्यक्ष रेवंत रेड्डी ने पार्टी नेताओं को आयोजित करने का आह्वान किया। आवश्यक वस्तुओं, पेट्रोल डीजल और घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी वृद्धि के विरोध में राज्य भर में धरना कार्यक्रम। उन्होंने कहा कि उनके विरोध कार्यक्रमों का उद्देश्य देश के आम लोगों पर और बोझ डालने के लिए जीएसटी की कीमतों में वृद्धि की निंदा करना, बढ़ती बेरोजगारी, आर्थिक मंदी, अग्निपथ योजना है और कहा कि पार्टी ग्राम स्तर से राज्य स्तर तक धरना कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी हाल ही में आई बाढ़ पीड़ितों को बाढ़ राहत देने में राज्य और केंद्र सरकारों के लापरवाह रवैये को उजागर करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य और केंद्र सरकार बाढ़ पीड़ितों के बचाव में आने में पूरी तरह विफल रही है।

# जीएचएमसी मेयर ने "हर रविवार को सुबह 10 बजे 10 मिनट" कार्यक्रम शुरू किया



हैदराबाद, 31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के अधिकार क्षेत्र में 'हर रविवार को सुबह 10 बजे 10 मिनट' कार्यक्रम मेयर जी. विजया लक्ष्मी द्वारा शुरू किया गया।

कार्यक्रम के तहत, जीएचएमसी के अधिकारियों ने निवासियों के साथ घरों और आसपास के पानी को साफ किया क्योंकि वे मच्छरों के प्रजनन स्थलों में बदल सकते हैं। कार्यक्रम शहर के विभिन्न हिस्सों में आयोजित किया गया।

महापौर ने जीएचएमसी अधिकारियों के साथ उन पर मुद्रित वेक्टर जनित रोगों से लड़ने के उपायों के साथ पैम्फलेट भी वितरित किए।

वेक्टर जनित रोगों के प्रसार को रोकने के लिए, जीएचएमसी गतिविधियों की एक श्रृंखला शुरू करेगी और अभ्यास के एक भाग के रूप में, पर्चे के वितरण के अलावा, कपड़े के बैनर उठाए जाएंगे, पोस्टर घरों पर चिपकाए जाएंगे और जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## "हर रविवार को सुबह 10 बजे 10 मिनट" कार्यक्रम पर लघु फिल्म का विमोचन

हैदराबाद, 31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्य सचिव सोमेश कुमार ने 'हर रविवार को सुबह 10 बजे 10 मिनट' कार्यक्रम पर एक लघु फिल्म का विमोचन किया। इस कार्यक्रम के तहत, मंत्रियों और विधायकों, ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के अधिकारियों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों सहित निर्वाचित प्रतिनिधियों ने घरों और आसपास के पानी को साफ किया क्योंकि वे मच्छरों के प्रजनन स्थलों में बदल सकते हैं। कार्यक्रम शहर के विभिन्न हिस्सों में आयोजित किया गया। रविवार को पर्चे बांटे गए और जागरूकता शिविर भी लगाए गए।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

## एक सप्ताह के दिल्ली दौरे के बाद हैदराबाद लौटे सीएम केसीआर

हैदराबाद, 31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव एक सप्ताह के नई दिल्ली के दौरे के बाद हैदराबाद लौट आए। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव सहित कई विशेषज्ञों और विपक्षी दलों के नेताओं के साथ चर्चा की।

मुख्यमंत्री सोमवार रात नई दिल्ली के लिए रवाना हुए थे और तब से वह राष्ट्रीय राजनीति में गुणात्मक परिवर्तन लाने के लिए एक मंच बनाने के अपने प्रयासों के तहत तुगलक रोड स्थित अपने आधिकारिक आवास पर कई समान विचारधारा वाले लोगों से मिल रहे थे। उन्होंने एक बैठक के लिए अखिलेश यादव सहित कई नेताओं से मुलाकात की, जिसमें दो घंटे से अधिक समय तक राष्ट्रीय राजनीति और सार्वजनिक चिंता के मुद्दों पर चर्चा की गई। इससे पहले दोनों की मुलाकात 21 मई को राष्ट्रीय राजधानी में हुई थी। चंद्रशेखर राव टीआरएस सांसदों का भी मार्गदर्शन करते रहे हैं जो संसद में केंद्र की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ रहे हैं। पार्टी के सांसदों ने मुद्रास्फीति, मूल्य वृद्धि, जीएसटी वृद्धि और अन्य सहित राज्य से संबंधित मुद्दों को सफलतापूर्वक उठाया। इसके अलावा, उन्होंने

विश्व के सर्वप्रथम गोल्ड मेडलिस्ट
अब तक परेशान क्यों?
कोई भी पंडित, तांत्रिक, बाबा हम से पहले काम करके दिखाये मुँहमांगा ईनाम पाये
हजारो के दुखो को खुशी में बदलने वाले
बाबा साबिर खान बंगाली
जैसे पति-पत्नी मे झगडा, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मनचाहा प्यार, गृहकलेश, विदेश यात्रा, जादू-टोना, AtoZ समस्याओ का तुरंत समाधान पाये।
9810940158
स्पे० वशीकरण व मुठकरनी

# तिरुमला विश्वभर के भक्तों के लिए तीर्थस्थल : संजय जाधव

### संचार चूक के कारण मामूली रूप से हुआ था विवाद



तिरुमाला, 31 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। परभणी, महाराष्ट्र के सांसद संजय जाधव ने कहा कि तिरुमला तिरुपति देवस्थानम मंदिर (टीटीडी) में श्री वेंकटेश्वर के दर्शन के लिए देशभर से आने वाले सभी लोगों के लिए अनुकूल है। रविवार को तिरुमाला में नाडा नीरजनम मंच पर बोलते हुए सांसद ने कहा कि कुछ दिन पहले महाराष्ट्र के एक भक्त ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल कर आरोप लगाया है कि टीटीडी सुरक्षाकर्मियों ने वाहन में लगे छत्रपति शिवाजी महाराज का चित्र को हटाकर महाराज का अपमान किया है। सांसद ने कहा कि भक्त का आरोप बिल्कुल निराधार है। हिंदुओं के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित तीर्थस्थल होने के नाते, हर वाहन को अलीपिरी चेक पोस्ट पर सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ता है। टीटीडी बोर्ड का एक नियम है कि राजनीतिक दलों, अन्य धार्मिक विश्वासों की छवियों या प्रतीकों, व्यक्तित्वों या झंडे को नहीं ले जाया जा सकता है। इसलिए प्रत्येक वाहनों की जांच की जाती है। नियमित जांच के तहत तीर्थयात्री के वाहन की भी जांच की गई। यह सत्यापित करने के बाद कि यह शिवाजी महाराज का चित्र है, वे वाहन से निकल गए।

लेकिन श्रद्धालु ने टीटीडी बोर्ड पर आरोप लगाते हुए एक वीडियो वायरल कर दिया। लेकिन वास्तव में, यह गलत था और महाराष्ट्र के लोगों से इस तरह की झूठी अफवाहों पर विश्वास न करने और भगवान वेंकटेश्वर बालाजी के दर्शन के लिए खुशी-खुशी तिरुमाला जाने का आग्रह किया। रमाकांतजी व्यास महाराज ने कहा कि तिरुमाला में तीन दिन रहने के बाद, यह देखा गया है कि तिरुमाला में कोई असमानता नहीं है और देश भर के सभी राज्यों के तीर्थयात्रियों के साथ समान व्यवहार किया जा रहा है। विभिन्न स्थानों से आने वाले भक्तों को नियम-कायदों का सम्मान करना चाहिए और सुरक्षा जांच में सहयोग करना चाहिए। टीटीडी ईओ एवी धर्म रेड्डी ने रविवार को दोहराया कि तिरुमाला में छत्रपति शिवाजी, रामकृष्ण परमहंस, विवेकानंद आदि जैसे हिंदुओं द्वारा पूजा योग्य सभी मूर्तियों और चित्रों की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि एक सोशल मीडिया अभियान कि छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति को तिरुमाला में अनुमति नहीं दी गई थी, पूरी तरह से असत्य और निराधार है। ईओ ने कहा कि तिरुमाला पहाड़ी मंदिर की पवित्रता को बनाए रखने के उद्देश्य से टीटीडी ने तिरुमाला में राजनीतिक और अन्य गैर हिंदू धर्मों वाली मूर्तियों या सामग्रियों को अनुमति नहीं देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि संचार में चूक के कारण कुछ दिन पहले महाराष्ट्र के एक भक्त के वाहन में छत्रपति शिवाजी की मूर्ति को लेकर विवाद पैदा हो गया था। हालांकि इस मुद्दे को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया और नियमित सुरक्षा जांच के बाद भक्त और उनके वाहन को तिरुमाला जाने की अनुमति दी गई। लेकिन भक्त ने एक घृणास्पद वीडियो बनाया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे सैकड़ों महारास्ट्रियों की भावनाओं पर असर पड़ा। हम सभी से अपील करते हैं कि इस तरह के ऐस बयानों पर विश्वास न करें क्योंकि हम अच्छी तरह से जानते थे कि छत्रपति शिवाजी महान हिंदू नेताओं में से एक थे और महान आत्मा के प्रति हमारे मन में बहुत सम्मान है।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.